सूर्योदय 5:21 सूर्यास्त 7:27

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 23 न्यू | 29 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,058.90 |
| निफ्टी | 25,637.80 |
| सोना 96,135 | चांदी 106800 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने किन्नौर को दी दो इंडोर स्टेडियम की सौगात

पृष्ठ 3 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 28 जून 2025 | 14 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 180, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### केदारनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड, यात्री फंसे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में दिल्ली को छोड़कर सभी राज्यों में बारिश हो रही है। अब तक सामान्य से 12.3 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते केदारनाथ हाईवे एक बार फिर मुनकटिया इलाके में लैंडस्लाइड के कारण बंद हो गया है। रास्ते में पत्थर और मलबा गिरने से कई यात्री फंस गए। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें देर शाम तक यात्रियों को जंगल के वैकल्पिक रास्तों से सुरक्षित निकालती रहीं। (अनंत ज्ञान)

### आसाराम की जमानत सात जुलाई तक बढ़ाई

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने 2013 में दर्ज हुए दुष्कर्म मामले में आसाराम को बड़ी राहत दी है।



हाईकोर्ट ने उसकी अस्थायी जमानत सात जुलाई तक बढ़ा दी है। वह चिकित्सा आधार पर जमानत पर है। न्यायमूर्ति इलेश वोरा और न्यायमूर्ति संदीप भट्ट की खंडपीठ ने आसाराम को यह विस्तार इसलिए दिया, ताकि उनके वकील याचिका को लेकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें। हाईकोर्ट ने कहा कि मामले में अगली सुनवाई 2 जुलाई को होगी। (अनंत ज्ञान)

### भारत में ठीक होगा ब्रिटेन का एफ-35 फाइटर जेट

**एजेंसी, तिरुअनंतपुरम।** ब्रिटिश रॉयल नेवी का फाइटर जेट एफ-35 अब भारत में



ठीक होगा। इसके लिए ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम और 2 टो व्हीकल आएंगे। टीम फाइटर जेट में आ रही टेक्निकल प्रॉब्लम को ठीक करेगी, जिसके बाद यह ब्रिटेन के लिए उड़ान भरेगा। फाइटर जेट 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। विमान दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है। (अनंत ज्ञान)

### एयर इंडिया के विमान में बम की धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह एयर इंडिया की एक फ्लाइट में क्रू मेंबर को एक धमकी भरा पत्र मिला है। धमकी भरे पत्र में लिखा गया कि फ्लाइट में बम है। यह एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर 2948 है। एयर इंडिया की फ्लाइट में बम की बात पता चलने पर एयर पोर्ट के अधिकारियों के होश उड़ गए। आनन-फानन में जांच शुरू की गई। फ्लाइट के चप्पे-चप्पे पर बम को तलाशा गया, लेकिन किसी प्रकार की कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली। इसके बाद अधिकारियों की जान पर जान आई। इसके बाद हॉक्स कॉल डिक्लेयर कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बिजली बोर्ड के ढांचे से छेड़छाड़ कर विद्युत प्रणाली को किया जा रहा कमजोर -पेज 2
- पंडोह डैम में बहकर आई सैकड़ों टन लकड़ी की हो जांच: कुलदीप राठौर -पेज 6
- चोलथरा में खतरे में दो पूर्व सैनिकों के घर -पेज 9
- जहां कभी बसता था गांव, आज शेष बचे तबाही के निशां -पेज 11
- बदलते मौसम से वायरल की चपेट में आए लोग -पेज 12


# पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू, सैकड़ों भक्तों ने खींचा रथ

**एजेंसी, पुरी**

पुरी में शुक्रवार शाम को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हुई। सैकड़ों भक्तों ने सबसे पहले भगवान बलभद्र का रथ खींचा। करीब 100 मीटर खींचने के बाद रथ रुक गया। देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ का रथ कुछ दूरी तक ही खींचा गया। ये दोनों रथ मंदिर के पास ही खड़े हैं। शनिवार सुबह फिर से रथों को खींचा जाएगा। शाम तक तीनों रथ गुंडिचा मंदिर पहुंच जाएंगे। रथ से भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ करीब 3 किलोमीटर दूर गुंडिचा मंदिर जाएंगे। यह उनकी मौसी का घर माना जाता है। वहीं, शुक्रवार सुबह मंगल आरती और विधि विधान पूजा के बाद भगवान जगन्नाथ को नंदी घोष रथ, देवी सुभद्रा को दर्पदलन और बलभद्र को तालध्वज रथ पर विराजित किया गया। रथ पर भगवान की विधिवत पूजा और भोग हुआ। दोपहर 3 बजे पुरी राजपरिवार के गजपति दिव्य सिंह देव ने रथ के आगे सोने के झाड़ू से बुहारा लगाकर रथ यात्रा की शुरुआत की। (अनंत ज्ञान)



### अहमदाबाद में निकाली रथ यात्रा में बेकाबू हुआ हाथी; 100 मीटर तक भागा, एक व्यक्ति घायल

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। गृह मंत्री अमित शाह ने सुबह 4 बजे मंगल आरती की। इसके बाद मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पाहिंद विधि कर रथ यात्रा की शुरुआत की। अहमदाबाद में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शुक्रवार सुबह 10 बजे एक हाथी बेकाबू हो गया और 100 मीटर तक भागा। इसके बाद रथ यात्रा में भगदड़ सी मच गई। लोग इधर-उधर भागते दिखे। बेकाबू हुआ हाथी 17 हाथियों के ग्रुप में सबसे आगे चल रहा था, उस पर मुश्किल से काबू पाया गया। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया है।


# सैनिकों की वापसी से जुड़े समझौते का पालन करे चीन : राजनाथ सिंह

## रक्षामंत्री ने चीनी समकक्ष डोंग जुन को पेश किया चार पॉइंट वाला प्लान

**एजेंसी, किंगदाओ**

चीन के किंगदाओ में हो रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को चीनी रक्षामंत्री एडमिरल डोंग जुन से बात की। राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री को बिहार की मधुबनी पेंटिंग भेंट की।

इस बैठक में राजनाथ सिंह ने चीन के साथ कूटनीतिक संबंधों को बेहतर करने के लिए एडमिरल डोंग जुन को 4 पॉइंट वाला प्लान पेश किया है। इसमें सैनिकों की वापसी से जुड़े 2024 के समझौते का पूरी तरह से पालन करना, सीमा पर तनाव कम करने के लिए प्रयास जारी रखना, बॉर्डर तय करने की प्रक्रिया को तेज करना, मतभेदों को सुलझाने और संबंधों को बेहतर बनाने के लिए विशेष प्रतिनिधियों के स्तर पर बातचीत करना शामिल रहा। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने बताया कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को लेकर रचनात्मक और भविष्य की दिशा में सोचने वाली बातचीत हुई। चीन ने भी बैठक को सकारात्मक और आपसी समझ के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया है। उसने अपने बयान में कहा कि भारत टकराव नहीं चाहता, बल्कि विश्वास बढ़ाना चाहता है। (अनंत ज्ञान)



चीन के किंगदाओ में चीनी रक्षामंत्री एडमिरल डोंग जुन से मिलते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का स्टैंड किया क्लियर

**राजनाथ** सिंह ने दोनों देशों के बीच अच्छे पड़ोसी संबंध बनाने और एशिया में स्थिरता के लिए मिलकर काम करने की जरूरत बताई। उन्होंने कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने की भी तारीफ की। इसके साथ ही उन्होंने चीन के रक्षा मंत्री को जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले और पाकिस्तान में भारत की कार्रवाई की जानकारी भी दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर ऑपरेशन सिंदूर भारत का स्टैंड है। इससे पहले वीरवार को हुई एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से मुलाकात नहीं की थी।

# खराब परिणाम देने वाले शिक्षकों की रुकेगी वेतन वृद्धि : शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राज्य में शिक्षा प्रणाली में बड़े बदलावों का ऐलान किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो



- अच्छे परिणाम देने वाले होंगे सम्मानित
- 1200 स्कूल किए मर्ज

शिक्षक संतोषजनक परिणाम नहीं देंगे, उनकी वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) रोकी जाएगी, जबकि अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने यह घोषणा शिमला स्थित राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। उन्होंने बताया कि जहां 1947 में हिमाचल की साक्षरता दर मात्र 7 प्रतिशत थी, वहीं 2011 में यह बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई और अब वर्तमान में यह 100 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है।

शिक्षा मंत्री रोहित ने बताया कि नेशनल असेसमेंट सर्वे 2021 में हिमाचल प्रदेश 21वें स्थान पर था, जो अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। 'असर' सर्वे में तो हिमाचल ने लर्निंग और रीडिंग के मामले में केरल जैसे राज्य को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग 1200 स्कूलों को मर्ज किया गया है।

### सिंगल टीचर वाले स्कूलों की संख्या में आई कमी

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कड़े फैसले लिए हैं और अब हम और सुधार करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षकों के खाली पद भरे जा रहे हैं, जिससे सिंगल टीचर वाले स्कूलों की संख्या में काफी कमी आई है। शिक्षा विभाग में 7000 से अधिक पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है।

### यौन शोषण मामले में दो शिक्षक किए निलंबित

**रोहित** ठाकुर ने स्कूलों में छात्राओं के साथ यौन शोषण की घटनाओं को दुखद बताया और जानकारी दी कि ऐसे मामलों में अब तक दो शिक्षकों को निलंबित किया जा चुका है।

# कोलकाता में लॉ स्टूडेंट से गैंगरेप

## तीन आरोपी गिरफ्तार, एक जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजे

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के कस्बा इलाके में एक लॉ छात्रा से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए तीन लोगों में दो मौजूदा छात्र हैं और तीसरा एक पूर्व छात्र है।

पीड़िता की शिकायत के बाद कस्बा पुलिस स्टेशन ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों में 31 साल के मोनोजीत मिश्रा (कॉलेज के पूर्व इकाई अध्यक्ष), 19 साल के जैब अहमद और 20 साल के प्रमित मुखर्जी शामिल हैं। दो आरोपियों मोनोजीत और अहमद को 26 जून की शाम को कोलकाता में तालबगान क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया व उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए। तीसरे आरोपी प्रमित को 27 जून को सुबह 12.30 बजे उनके घर से गिरफ्तार किया गया और उसका मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है। वहीं, कोर्ट ने आरोपियों को 1 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा है। (अनंत ज्ञान)



### महिला आयोग ने कहा समय पर पूरी हो जांच

**राष्ट्रीय** महिला आयोग ने कोलकाता गैंगरेप मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। चेयरपर्सन विजया रहाटकर ने कोलकाता पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर कहा कि इस घटना की तुरंत और तय समय में जांच की जाए।

### जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री से की बात



**एजेंसी, नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से बातचीत की। उन्होंने इस बातचीत की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी। विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि उन्होंने मौजूदा जटिल हालात पर ईरान का नजरिया जाना और उनकी सोच को समझा। इसके साथ ही उन्होंने इस बात के लिए ईरान का धन्यवाद किया कि उन्होंने भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। (अनंत ज्ञान)

# थप्पड़ मारो और सॉरी कहो, अब नहीं चलेगा

## प्रदेश हाईकोर्ट ने आपराधिक अवमानना मामले में मांगी माफी ठुकराई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने धैर्य सुशांत और एक अन्य प्रतिवादी द्वारा दायर आपराधिक अवमानना मामले में मांगी गई माफी को अस्वीकार कर दिया है। न्यायालय ने कड़े शब्दों में कहा कि न्यायपालिका की बदनामी करने के बाद माफी बचाव का काम नहीं कर सकती।

अवमानना का यह मामला सुशांत द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने उच्च न्यायालय और एक मौजूदा न्यायाधीश पर गंभीर आरोप लगाए थे। इन टिप्पणियों को अदालत ने निंदनीय और अवमाननापूर्ण माना, क्योंकि इनमें न्यायिक पक्षपात और अपराधियों के साथ मिलीभगत के आरोप शामिल थे। माफी को अस्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति चौहान ने टिप्पणी की कि वे 'थप्पड़ मारो–माफी मांगो–और भूल जाओ' की विचारधारा को स्वीकार नहीं कर सकते। मामले को आरोप तय करने के लिए 16 जुलाई को सूचीबद्ध किया गया है।



### स्वत: लिया संज्ञान

**न्यायमूर्ति** तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने वीडियो का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 की धारा 15 का उल्लंघन पाया। बार-बार स्पष्टीकरण देने के अवसर दिए जाने के बाद, 25 जून को 'बिना शर्त माफी' प्रस्तुत की गई, वह भी तब जब न्यायालय ने औपचारिक आरोप तय करने का संकेत दिया था। यह भी कहा कि प्रतिवादियों ने पहले कभी पश्चाताप व्यक्त नहीं किया। उनकी माफी वास्तविक पश्चाताप पर आधारित नहीं थी, बल्कि सजा से बचने की एक रणनीति थी।

# भारत और अमेरिका में होगी बड़ी ट्रेड डील : ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक बड़ी ट्रेड डील होने वाली है। यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हुए 'बिग ब्यूटीफुल बिल' इवेंट में कही। ट्रंप ने बताया कि अमेरिका ने हाल ही में चीन के साथ व्यापार समझौता किया है और अब भारत के साथ भी ऐसा ही कुछ बड़ा होने वाला है। 9 अप्रैल को ट्रंप प्रशासन ने इसे अपने टैरिफ प्लैन को 90 दिनों के लिए टाल दिया था। ट्रंप ने यह समय भारत जैसे देशों को डील पर फैसले लेने के लिए दिया है। (अनंत ज्ञान)

# स्वास्थ्य क्षेत्र में चंबा देश में अव्वल

## आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में हासिल किया यह गौरव

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र के सूचकांकों में चंबा ने देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है।

चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि नीति आयोग की ओर से जारी फरवरी–2025 की आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में चंबा को यह गौरव प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि नीति आयोग विभिन्न सेक्टरों में जिलों के प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग जारी करता है। जिन क्षेत्रों में अपेक्षाकृत बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं, उन सेक्टरों को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विशेष प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है। स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और बुनियादी ढांचागत विकास से संबंधित सूचकांकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चंबा जिले को मार्च 2019 से अब तक 22 करोड़ की प्रोत्साहन राशि नीति आयोग से प्राप्त हुई है।

**खुशखबरी** एचपीटीडीसी का मानसून सीजन में अपने होटलों में बंपर डिस्काउंट देने का ऐलान

# कम बजट में करें हिमाचल की हसीन वादियों का दीदार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**


**शिमला।** अगर आप इस मानसून में हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों का लुत्फ उठाना चाहते हैं और बजट की चिंता भी नहीं करनी है, तो यह खबर आपके लिए है। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने मानसून सीजन को देखते हुए अपने होटलों में 20 से 40 फीसदी तक की बंपर छूट का ऐलान किया है।

यह छूट 15 जुलाई से 12 सितंबर तक मान्य रहेगी, जो पर्यटकों को कम खर्चे में यादगार छुट्टियां बिताने का शानदार मौका दे रही है। आमतौर पर ऑफ सीजन माने जाने वाले मानसून में यह छूट पर्यटकों को आकर्षित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह छूट केलांग के होटल चंद्रभागा, काजा में द स्पीति, कल्पा के किन्नर कैलाश, होटल सुकेत, विल्ली पार्क, चंपक और हमीर होटल को छोड़कर निगम के लगभग सभी होटलों में उपलब्ध होगी।

40 फीसदी तक की भारी छूट वाले होटलों में कसौली का रोस कॉमन, नारकंडा का होटल हाटू, चायल पैलेस और अनेक्सी, नालदेहरा का द गोल्फ ग्लेड, डलहौजी का होटल मणिमहेश, गीतांजलि, फागू का होटल एप्पल ब्लॉसम शामिल हैं। वहीं, 20 फीसदी की छूट वाले होटलों में रोहड़ू का चांशल, होटल बघाल, रामपुर का बुशैहर रिजेंसी, रिवालसर का टूरिस्ट इन, कुल्लू के होटल सिल्वरमून और सरवरी, सराहन का होटल श्रीखंड और मनाली के होटल रोहतांग, मनालसू शामिल किए गए हैं।

### ऐसे हासिल करें जानकारी

**प्रदेश** पर्यटन विकास निगम की वेबसाइट पर सभी होटलों की विस्तृत रेट लिस्ट और अन्य जानकारी उपलब्ध है। एचपीटीडीसी के प्रबंध निदेशक डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि यह पहल पर्यटकों को हिमाचल के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए प्रोत्साहित करेगी।



अनंत ज्ञान विशेष

### कब नहीं मिलेगी छूट

**यह** छूट मिंजर मेले (27 जुलाई से 3 अगस्त तक) के दौरान होटल इरावती, चंपक और मणिमहेश यात्रा (11 अगस्त से 1 सितंबर तक) के दौरान भरमौर के होटल गौरीकुंड में लागू नहीं होगी।

### होटलों में 20 से 40 फीसदी तक छूट दे रहा निगम


ABHILASHI GROUP OF INSTITUTIONS
NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)
Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC,
Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE
ADMISSION OPEN 2025-26
T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH. — B.TECH (CE/EE/CSE), DIPLOMA (CE/EE)
T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE — ITI in ELECTRICIAN, SANITARY HEALTH INSPECTOR, SOLAR TECHNICIAN (ELECTRICAL), FITTER
ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY — B. PHARMACY
ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES — M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY
ABHILASHI COLLEGE OF NURSING — B.Sc. NURSING, M.Sc. NURSING, POST BASIC B.Sc. NURSING, GNM
ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION — D.EL.Ed, B.Ed — Accredited by NAAC with B++ Grade
SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply
CONTACT FOR ADMISSION: 9816005139, 9816400520, 9816700520, 9816242139, 9816102238
Website: www.abhilashi-edu.in, www.tramiet.in
Email: abhilashigroup@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### गौतम कॉलेज की छात्रा को परीक्षा परिणाम में स्वर्ण


अंजलि ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) अंतिम वर्ष का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस वर्ष अंजलि ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8.74 सीजीपीए के साथ विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम ने अंजलि ठाकुर को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके माता-पिता को भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि अंजलि की यह सफलता हम सभी के लिए गर्व का विषय है और यह अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत करने की प्रेरणा देगी। छात्रों और शिक्षकों में खुशी की लहर है और सभी ने मिठाई बांटकर इस गौरवपूर्ण क्षण को साझा किया। कॉलेज प्रशासन ने यह भी सूचित किया है कि बीसीए के बाद मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। एमसीए एक पेशेवर कोर्स है, जो आईटी और सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए अत्यंत उपयोगी है।

### राशन डिपुओं पर इंटरनेट देने के फैसले का स्वागत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश डिपो संचालक समिति ने विभाग द्वारा सस्ते राशन के डिपुओं पर हाई स्पीड 4 जी इंटरनेट की सुविधा शीघ्र उपलब्ध करवाने के फैसले का स्वागत करते हुए विभाग से डिपो संचालकों द्वारा आज तक नेट पर अपनी जेब से खर्च किए गए पैसे के भुगतान और उपभोक्ताओं को फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से राशन वितरित करने के लिए मोबाइल उपलब्ध करवाने की मांग की। प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के डिपो धारकों ने पिछले पांच वर्षों तक विभाग द्वारा दी गई मशीनों को अपना नेट देकर राशन वितरण का कार्य किया, जिस पर प्रति माह वाई फाई पर 470 रुपए प्रत्येक डिपो धारक व सहकारी सभा ने खर्च किए। अशोक कवि ने सरकार व विभाग से आज तक नेट पर किए गए सारे खर्च के भुगतान की मांग की और उपभोक्ताओं को फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से राशन वितरित करने के लिए प्रत्येक डिपो धारक को मोबाइल देने की भी मांग की।

### कौशल्या ने विद्यालय के विकास के लिए दिए 40 हजार


प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा को राशि प्रदान करते प्रवीण चौहान, साथ हैं अन्य।

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (उत्कृष्ट), टौणी देवी 'मेरा स्कूल, मेरा अभिमान' पहल को विद्यालय प्रशासन ने केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक अभियान के रूप में आत्मसात किया है। इस अभियान के तहत गांव दरकोटी (गाहरा) की कौशल्या देवी ने अपने स्वर्गीय पति सूबेदार सीता राम चौहान की स्मृति में विद्यालय के विकास हेतु ₹40,000 का उदार दान प्रदान किया। उनका यह भावनात्मक और सामाजिक रूप से जागरूक कदम न केवल विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार में सहायक होगा, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा की अमिट छाप भी छोड़ेगा। इस अवसर पर आयोजित एक सादगीपूर्ण समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने यह राशि उनके पुत्र प्रवीण चौहान (सेवानिवृत्त प्रवक्ता एवं विद्यालय के पूर्व छात्र) से प्राप्त कर आभार व्यक्त किया। प्रवीण चौहान, जो स्वयं इसी विद्यालय के छात्र रह चुके हैं ने कहा कि यह विद्यालय मेरे जीवन की नींव है, जो कुछ भी मैं आज हूं, उसका श्रेय इस संस्था को जाता है। इस अवसर पर कमल देव, संजीव, प्रवीन, राजेश और पवन सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

### मजदूर ने उपचार के दौरान टांडा में दम तोड़ा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के कोहला गांव में एक मजदूर काम करते समय छत से गिर गया था, जो मेडिकल कॉलेज टांडा में उपचाराधीन था, उसने दम तोड़ दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार निवासी 30 वर्षीय भोजेंद्र मुखिया पुत्र राजेंद्र मुखिया जो अस्थायी तौर पर कोहला में रह रहा था। 25 जून को कोहला में काम करते समय लेंटल से गिर गया था , जिससे उसे गंभीर चोटें आई थीं। वह मेडिकल कॉलेज टांडा में उपचाराधीन था जिसने इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुष्टि करते हुए एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन की जा रही है।

### कश्मीर में सड़क के बीचोंबीच गड्ढा बना मुसीबत

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** पन्याली से कश्मीर सड़क पर भारी वर्षा की बजह से सड़क के बीचोंबीच पड़ा गड्ढा कभी भी किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकता है। हैरानी की बात है कि चार दिन पहले से सड़क पर पड़ा यह गडढा लोकनिर्माण विभाग को नहीं दिखाई दे रहा है या यूं कहा जाए कि विभाग किसी हादसे का इंतजार कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर बलोह गांव के पास पड़ा यह गड्ढा इतना गहरा है कि कि यदि गाड़ी का टायर इस के अंदर घुस जाए तो बिना जेसीबी से गाड़ी को इस गडडे से बाहर नहीं निकाला जा सकता है। लोगों ने इस गड्ढे से बचने के लिए लकड़ियां खड़ी की हैं ताकि वाहन चालकों और राहगीरों को आसानी से यह गड्ढा दिखाई दे सके। क्षेत्रवासी बाबु राम, राजेश कुमार, पिरथी चंद, संदीप चौहान, विक्की, विनय कुमार, बीडीसी सुनील कुमार और अन्य लोगों ने जल्द लोक निर्माण विभाग से इस सड़क की मुरम्मत करवाने की अपील की है। इस मामले पर लोकनिर्माण विभाग के सहायक अभियंता अमन कुमार और कनिष्ठ अभियंता केशव कुमार धनेटा ने बताया कि अभी ही उनके संज्ञान में यह मामला आया है। आज ही इस सड़क को ठीक करवा दिया जाएगा।

### 7 कैडेट्स का नेशनल नौसैनिक कैंप के लिए चयन


सुजानपुर कॉलेज के 7 कैडेट्स जो ऑल इंडिया नौसैनिक कैंप में हिस्सा लेंगे।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा के एनसीसी नौसेना विंग के कैडेट्स का चयन कैंप सीएटीसी, आईजीसी के अंतर्गत आयोजित ऑल इंडिया नौसैनिक कैंप (एनएससी) के लिए रूपनगर (रोपड़) स्थित एनसीसी अकादमी में हुआ है। यह चयन महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी अधिकारी प्रो. राजेश खड़वाल तथा उपप्राचार्य जितेंद्र ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन से संभव हो पाया। चयनित कैडेट्स में अखिल धीमान, दिक्षित, सिम्मी लघवाल, शिल्पा, विशाल सोहल, अर्पित पत्याल तथा अनिकेत चौहान शामिल हैं, जो अब प्रतिष्ठित ऑल इंडिया नौसैनिक कैंप (एनएससी) में महाविद्यालय एवं प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### डाडू पंचायत में कल होगी विशेष ग्राम सभा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत हमीरपुर जिले के विकास खंड बमसन की अनुसूचित जनजाति बाहुल पंचायत डाडू में 29 जून को विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने इस विशेष ग्राम सभा की अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति बाहुल ग्राम पंचायतों के निवासियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करना तथा इन योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना है।

### कृष्ण पाल बने हमीरपुर इकाई के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन के हमीरपुर इकाई के चुनाव प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर दत्त की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। इस अवसर पर पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें कृष्ण पाल को अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डिंपल व विशाल शर्मा, उपाध्यक्ष टेक्निकल अजय कुमार व दीवान चंद, उपाध्यक्ष मिनिस्ट्रियल सुरेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष ड्राइंग अंजना कुमारी, उपाध्यक्ष एसएसटीएन लेख राज, उपाध्यक्ष महिला पुष्पा चांदला, उपाध्यक्ष क्लास फोर त्रिलोक चंद को बनाया गया है। वहीं सचिव राजेश कुमार, संयुक्त सचिव राज कुमार व राजेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सुमित गौतम, संयुक्त कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, मुख्य सलाहकार कमलजीत सिंह, मुख्य प्रबंधक सचिव विजय कुमार, ऑडिटर वीरेंद्र कुमार व प्रेस सचिव संजीव कुमार को बनाया गया है।

## रेट लिस्ट न लगाने पर की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** शुक्रवार को जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी शिवराम राही की अगुवाई में विभाग की टीम ने सुजानपुर बाजार में दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चार सब्जी विक्रेताओं की दुकानों के बाहर रेट लिस्ट नहीं मिली, जिनका चालान भर दिया। सभी सब्जी विक्रेताओं को चेतावनी दी गई कि वे फल और सब्जियों के रेट लिखकर दुकानों के बाहर लगाएं।

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी शिवराम राही ने बताया कि विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि दुकानदार रेट लिस्ट नहीं लगाते। ग्राहक से मनमाने दाम वसूलते हैं। उन्होंने बताया कि कल 15 दुकानों का निरीक्षण किया गया है। टीम ने करियाना दुकानों की भी जांच की। सब्जी विक्रेताओं की दुकानों में जाकर रेट देखें। जिन दुकानों में रेट लिस्ट नहीं मिली, उनका पता नोट किया गया। चालान फॉर्म भरे गए। विभाग ने कहा कि संबंधित विक्रेताओं को नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद वसूली की जाएगी।

# 'हरि बोल, हरि बोल' के जयकारों से गूंजा शहर



हमीरपुर शहर में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा में शामिल सैकड़ों श्रद्धालु, (दाएं) हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने भी अपनी पत्नी सहित रथयात्रा में भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**धूमधाम से निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा**

हमीरपुर शहर में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा शुक्रवार को श्री सत्य नारायण मंदिर से धूमधाम से निकाली गई। रथयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ के भजनों पर झूमते हुए पूरे शहर का माहौल भक्तिमय बना दिया। रथयात्रा अस्तपाल चौक से होते हुए बस स्टैंड, नादौन चौक, दयानंद चौक होते हुए दोपहर बाद गांधी चौक पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह छबीलें लगाई व प्रसाद भी बांटा। गांधी चौक से यह रथयात्रा शहरी की परिक्रमा कर दंगड़ी मठ के लिए रवाना हुई।

सैकड़ों की संख्यां में भक्त भगवान जगन्नाथ यात्रा में उमड़े हुए थे। पूरा शहर 'हरि बोल, हरि बोल' के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर विधायक सदर आशीष शर्मा ने भी प्रभु श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा में अपनी पत्नी सहित भाग लिया। इस मौके पर भगवान के श्री चरणों में प्रणाम कर उन्होंने सभी की सुख-शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि भक्तिमय माहौल में प्रभु नाम का सिमरन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उपस्थित भक्तजनों के भजनों एवं प्रभु आशीर्वाद से आध्यात्मिक एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। इस मौके पर उन्होंने श्री सत्यनारायण मंदिर में भी शीश नवाया।

# बिजली बोर्ड के ढांचे से छेड़छाड़ कर विद्युत प्रणाली को किया जा रहा कमजोर

## यूनियन ने प्रदेश सरकार से की ओपीएस और नए पदों पर भर्ती करने की मांग

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**


प्रदेश बिजली बोर्ड इंप्लाइज यूनियन के हमीरपुर इकाई के सम्मेलन में मौजूद उपस्थिति।

**बोले-भर्तियां न करने से 45 कर्मचारी हो चुके हैं शहीद**

**हमीरपुर।** प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन के हमीरपुर इकाई का सम्मेलन शुक्रवार को मटनसिद्ध मे यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर दत्त शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर यूनियन के महासचिव हीरा वर्मा के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी मुनीष महाजन, नंद लाल शर्मा, अमित सूद, विनोद कुमार, पंकज कुमार, पंकज परमार, कनव राणा, मुनी लाल ठाकुर, अमित भरोहटा, हरिश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

इस दौरान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष व महासचिव ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए ऊर्जा क्षेत्र में चल रहे घटनाक्रमों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि आज बिजली बोर्ड प्रबंधन बोर्ड में तरह-तरह के प्रयोग करने में लगा है जिससे इसकी कार्यप्रणाली बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा आज बिजली बोर्ड में जहां नई भर्तिया बंद पड़ी हैं, वहीं बिजली बोर्ड के ढांचे से छेड़छाड़ कर इसको कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने बिजली बोर्ड के पास 66 केवी से ऊपर की विद्युत प्रणाली जिसमें मटनसिद्ध का विद्युत ढांचा भी सम्मिलित है, उसके रखरखाव के कार्यों को प्रदेश संचार निगम को देने का विरोध किया और कहा इससे जहां बिजली आपूर्ति बनाए रखने में तकनीकी दिक्कतें रहेंगी, वहीं बोर्ड के कर्मचारियों की सेवा शर्तें भी प्रभावित होंगी। उन्होंने कहा आज बिजली बोर्ड कर्मचारियों के अभाव से जूझ रहा है और पिछले तीन वर्ष से बिजली बोर्ड में कोई बड़ी भर्ती नहीं हुई।

बोर्ड में 1030 टीमेट के पदों की भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2023 में शुरू की गई, लेकिन अभी तक मामला फाइल में लटका पड़ा है। वहीं जेओए भर्ती से बोर्ड के लिए चयनित होकर आए 150 उम्मीदवार को बोर्ड में ज्वॉइनिंग देने से मना कर दिया है ऐसे में यह ढांचा कार्यरत कर्मचारियों को चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि नई भर्तियां न करने से कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ा है, जिससे प्रदेश में अब तक 45 कर्मचारी डयूटी के समय शहीद हो गए हैं। उन्होंने सरकार से बोर्ड में तुरंत विभिन्न श्रेणियों के खाली पड़े पदों ओर नियमित भर्ती करने की मांग की है और बोर्ड में युक्तिकरण के नाम पर चल रही पदों की कटौती पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है।

उन्होंने हैरानी जताई कि बिजली बोर्ड कर्मचारियों को अभी तक पुरानी पेंशन से वंचित रखा है जबकि बिजली बोर्ड में भी सरकारी कर्मचारी की तरह वर्ष 1974 से पेंशन रूल-1972 लागू है। इसके सभी संशोधन बोर्ड में लागू हुए जबकि पुरानी पेंशन बारे किऐ गए संशोधन को ही बोर्ड में लागू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बिजली बोर्ड में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को बिजली बोर्ड में समायोजित करने के लिए एक स्थाई नीति बनाने की मांग की है।

## चिट्टा तस्करी का वांछित आरोपी नवप्रीत होशियारपुर से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भोरंज**


भोरंज पुलिस की टीम को मिली बड़ी कामयाबी।

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भोरंज पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना भोरंज में पंजीकृत मादक पदार्थ तस्करी से संबंधित अभियोग संख्या 67/25, गत 18 मई के तहत वांछित आरोपी नवप्रीत सिंह उर्फ नवी (उम्र 20 वर्ष), निवासी पुरन नगर, टांडा रोड, जिला होशियारपुर, पंजाब को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। इस अभियान का नेतृत्व SIU प्रभारी निरीक्षक कुलवंत सिंह कर रहे थे। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके गृहनगर होशियारपुर से धर दबोचा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ में नवप्रीत ने स्वीकार किया है कि वह काफी समय से चिट्टा/हेरोइन जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त था और अभियोग में संलिप्त अन्य व्यक्तियों को कई बार यह पदार्थ बेच चुका है। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है तथा हमीरपुर जेल में बंद रहने के दौरान ही उसकी अन्य आरोपियों से पहचान हुई थी, जिससे संगठित गिरोह का गठन हुआ। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नवप्रीत यह नशीला पदार्थ कहां से खरीदता था और इसे किन चैनलों के माध्यम से हिमाचल व अन्य राज्यों में सप्लाई करता था। पुलिस रिमांड के दौरान इससे और भी खुलासे होने की संभावना है।

मामले की जांच कर रहे HC सुमित ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर पांच दिन की पुलिस रिमांड की मांग की है, ताकि इस नेटवर्स्र की पूरी तह तक पहुंचा जा सके और अन्य संभावित आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की जा सके। भोरंज पुलिस थाना प्रभारी एसएचओ प्रशांत सिंह ने आमजन से अपील की है कि वे नशे और नशा तस्करी से जुड़ी किसी भी जानकारी को पुलिस के साथ साझा करें ताकि नशा जड़ से खत्म हो।

## महिला मंडल पीर प्लासी के लिए सीएम ने स्वीकृत किए एक लाख


महिला मंडल की सदस्यों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का किया धन्यवाद व्यक्त।

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा ।** उपमंडल नादौन की बड़ा पंचायत के प्लासी गांव में महिला मंडल पीर प्लासी ने बैठक का आयोजन महिला मंडल की प्रधान संतोष कुमारी की अध्यक्षता में किया। बैठक में महिला मंडल की उपप्रधान सुनीता देवी, सचिव जोनिका कुमारी के अतिरिक्त महिला मंडल की सदस्य सुदर्शना सुलेखा, अंजना, ममता, ज्योति, लता, मंजू, शिल्पा, सरोज, सपना आदि विशेष रूप से उपस्थित थी।

बैठक में महिला मंडल पीर प्लासी ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा महिला मंडल पीर प्लासी को एक लाख की बजट राशि महिला मंडल के लिए सामान को खरीदने हेतू स्वीकृत करने पर उनका विशेष रूप धन्यवाद किया है। महिला मंडल की प्रधान संतोष कुमारी ने बताया कि गत दिवस जब मुख्यमंत्री नादौन प्रवास पर आए थे तो महिला मंडल पीर प्लासी की सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री सुक्खू को अपनी मांगों के संदर्भ में एक ज्ञापन सौंपा था एवं आर्थिक सहायता की मांग की थी जिस पर उन्होंने उन्हें अतिशीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया था। बैठक के अंत में महिला मंडल पीर प्लासी द्वारा प्लासी में स्थित बाबा पीर एवं सामुदायिक केंद्र प्लासी के आसपास सफाई भी की।

## बरसात में डायरिया से करें बचाव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी ने सभी जिला वासियों से बरसात के मौसम में डायरिया से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पानी या भोजन में गंदगी या हाथ ठीक ढंग से साफ न होने के कारण कई बार लोग दस्त रोग का शिकार हो जाते हैं। आम तौर पर अगर 24 घंटे के भीतर 3 या इससे अधिक बार पतला शौच हो तो उसे दस्त रोग माना जाता है।

दस्त रोग वस्तुत: अशुद्ध पेयजल, संक्रमित भोजन, शारीरिक स्वच्छता की कमी और गंदे परिवेश का परिणाम होता है। छोटे बच्चों में इस रोग का तुरंत उपचार न किया जाए तो उनकी मृत्यु हो सकती है। उन्होंने कहा कि दस्त व उल्टियां होने पर तुरंत ओआरएस का घोल पीना शुरू कर दें और इसकी सूचना तुरंत आशा कार्यकर्ता या स्वास्थ्य कर्मचारियों को दें। पीड़ित बच्चों को जिंक की एक गोली 14 दिन तक देते रहें।

## मैहरे, बड़सर में अब नहीं मिलेगी गंदगी

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**


ऊना कूड़ा संयंत्र को भेजी जा रही मैहरे, बड़सर की गंदगी।

**बड़सर।** बड़सर मुख्यालय में अब गंदगी नहीं मिलेगी। लंबे समय से गंदगी की समस्या बड़सर, मैहरे के लोगों को दीमक की तरह सिताए जा रही थी। कई बार तो मैहरे बाजार में गंदगी के ढेर लगे रहते थे, जिसके कारण बाजार में लोगों का गुजराना भी मुश्किल होता था। चारों तरफ बदबू फैलने से लोगों के स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है।

हालांकि लोग रात के अंधेरे में कूड़ा कर्कट गारली चौक के पास या फिर मैहरे से घनेटा जाने वाले सड़क मार्ग के किनारे जंगल में फेंक देते थे। इस कारण वहां गंदगी के कई बार बड़े-बड़े डंप लगे रहते थे। अब इस गंदगी को उठाने का जिम्मा नगर परिषद ऊना ने उठाया है। हर तीसरे दिन टेम्पो गाड़ी गंदगी को उठाकर ऊना कूड़ा संयंत्र केंद्र में ले जाती है, जिसके कारण अब क्षेत्र के मैहरे, बड़सर बाजार में गंदगी से निजात मिल गई है।

पूर्व में मैहरे बाजार तथा आसपास के क्षेत्र से जो कूड़ा-कर्कट ऐसे खुले में फेंका जाता था, उसे पहले ऊना, हमीरपुर सीमांत क्षेत्र गल्लू के पास फेंका जाता था परंतु बाद में जिलाधीश हमीरपुर ने वहां भी गंदगी को फेंकने से मना कर दिया। इस कारण बाजार की गंदगी खुले में फेंकी जाती थी, जिस कारण लोगों को भी भारी परेशानियां का सामना करना पड़ता था। अब खुले में फैली गंदगी से निजात मिलेगी, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण भी शुद्ध होने से लोगों को सांस लेने में शुभ ऑक्सीजन मिलेगी।

> बाजार कमेटी ने गंदगी उठाने का कार्य शुरू किया है जो कि अच्छा प्रयास है। साफ-सफाई का मामला प्रशासन के ध्यान में है, बहुत जल्द इसका स्थायी हल निकाला जाएगा।
> -राजेंद्र गौतम, एसडीएम बड़सर

> अभी में नया बना हूं। बाजार में गंदगी उठाने के लिए हर तीसरे दिन एक ट्राला टेंपो गाड़ी गंदगी को भरकर ऊना भेजी जाता है। इसके लिए बाजार कमेटी लोगों के सहयोग से एक महीने में लगभग 60,000 रुपए खर्च कर बड़सर का कचरा ऊना कूड़ा संयंत्र सेंटर में भेजा रहा है।
> -राजकुमार, मैहर बाजार कमेटी प्रधान

**बचाव** कृषि विभाग ने किसानों को जागरूक करने के लिए गठित की अधिकारियों की टीम

# मक्की की फसल को फॉल आर्मी कीट से बचाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**


कृषि विभाग की टीम किसान महिलाओं को फॉल आर्मी वॉर्म कीट की जानकारी देती हुई।

मक्की की फसल में फॉल आर्मी वर्म कीट के प्रकोप की आशंका को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों से सावधानी बरतने की अपील की है। विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशि पाल अत्री ने बताया कि हमीरपुर जिले में लगभग 28 हजार हेक्टेयर भूमि पर मक्की की बिजाई हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पिछले चार-पांच वर्ष से जिले में फॉल आर्मी वर्म कीट मक्की की फसल को व्यापक क्षति पहुंचा रहा है। इस कीट के संक्रमण की निगरानी के लिए विभागीय अधिकारियों की एक टीम का गठन किया है।

इस टीम में कृषि विज्ञान केंद्र के कीट विज्ञान विषय वाद विशेषज्ञ, जिला कृषि अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी, आतमा परियोजना के उपपरियोजना निदेशक और ब्लॉक स्तर पर विषय वाद विशेषज्ञ को शामिल किया गया है। ये अधिकारी नियमित रूप से फसल का निरीक्षण कर रहे हैं तथा कीट की पहचान, लक्षण और प्रबंधन के बारे में किसानों को जागरूक कर रहे हैं। उपनिदेशक ने बताया कि जिले में चलाए गए विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान आयोजित किसान प्रशिक्षण शिविरों में भी किसानों को फॉल आर्मी वॉर्म के लक्षण और प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया।

डॉ. शशिपाल अत्री ने बताया कि इस कीट की सुंडी अवस्था मक्की की पत्तियों, पत्ती गोभ (भंवर) तथा तने को नुकसान पहुंचाकर फसल को पूरी तरह से नष्ट कर देती है। प्रारंभिक अवस्था में यह कीट पत्तों पर सूई जैसे छोटे-छोटे छेद करता है, जो बाद में बड़े अनियमित सुराखों में बदल जाते हैं। सुंडियां गोभ के अंदर छिपकर पत्तियों को खाती हैं तथा कई बार तने में घुसकर उसे खोखला कर देती हैं, जिससे पौधा मर जाता है।

उपनिदेशक ने कहा कि जिन क्षेत्रों में मक्की की बीजाई 20-25 दिन पूर्व हो चुकी है, वहां इस कीट के प्रकोप की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि अगर इसका प्रकोप 10 प्रतिशत से कम हो तो 5 मिलिलीटर नीम आधारित कीटनाशी प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। कीटग्रस्त पौधों को खेत से निकालकर गड्ढे में दबाकर नष्ट करें। यदि प्रकोप 10 प्रतिशत से अधिक हो तो 0.4 ग्राम एमामैक्टिन बेंजोएट 5 एसजी प्रति लीटर पानी, 0.4 मिलिलीटर स्पाइनेतोरम 11.7 एससी प्रति लीटर पानी, 0.4 मिलिलीटर क्लोरएन्ट्रानिलीप्रोल 18.5 एससी (कोराजन) प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।

क्लोरएन्ट्रानिलीप्रोल 18.5 एससी (कोराजन) विभाग के सभी खंड स्तरीय कार्यालयों में उपलब्ध करवा दी गई है। स्प्रे करते समय नोजल को मक्की के पत्ती गोभ की ओर निर्देशित करें ताकि कीटनाशक सीधे कीट पर प्रभावी हो सके। मक्की की फूल आने की अवस्था से लेकर फसल कटाई तक किसी भी कीटनाशक का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। किसान नियमित अपनी फसल का निरीक्षण करें और आवश्यकतानुसार समय पर कीटनाशकों का छिड़काव करें।

## रोहाल-कछौटी-समहूं-कुठियाणा संपर्क सड़क को एंबुलेंस रोड बनाने की गुहार

**गांववासियों ने मुख्यमंत्री सुक्खू को लिखा पत्र**

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन ।** नादौन उपमंडल की नौंहगी पंचायत के गांव रोहाल से कछौटी-समहूं-कुठियाणा तक संपर्क सड़क को एंबुलेंस रोड बनाया जाए, ताकि लोगों को आने जाने व मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने की सुविधा उपलब्ध हो सके। गांववासियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को इस संदर्भ में पत्र भेज कर आग्रह किया है कि इस करीब 2 किलोमीटर संपर्क सड़क को पक्का किए जाने के विभाग को निर्देश दिए जाएं। क्षेत्रवासियों में सुनील कुमार, सुदर्शना कुमारी, वासुदेव, नरेश कुमार, दीना नाथ, ध्यान सिंह, सुभाष चंद, देव राज एवं नेशनल डेवलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. ओपी शर्मा का कहना है कि इन गांवों के लिए कच्ची सड़क तो कुछ अर्सा पहले बनाई है, जिससे लोगों को कुछ सुविधा हुई है, लेकिन कच्ची होने के कारण बारिश होने पर इस संपर्क सड़क दलदल हो जाने के कारण लोगों का आना-जाना काफी मुश्किल हो गया है तथा वाहन भी नहीं आ जा पा रहे हैं।

इस वजह से यदि इस गांव का कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाए तो उसे अस्पताल तक पहुंचाना किसी परेशानी से कम नहीं है। डॉ. ओपी शर्मा ने बताया कि जो पत्र हमने मुख्यमंत्री को भेजा है, उसे मुख्यमंत्री कार्यालय ने 23 जनवरी को लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर को कारवाई के लिए भेजा है लेकिन अभी तक संपर्क सड़क को एंबुलेंस रोड बनाए जाने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह किया है कि गांव वासियों की संपर्क सड़क की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि लोगों को परेशानी का हल हो।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्या नेगी ने हिमाचल महिला आयोग अध्यक्ष का पदभार संभाला



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में विद्या नेगी ने हिमाचल प्रदेश महिला आयोग के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। अढ़ाई साल से खाली पड़े इस पद पर उनकी नियुक्ति तीन साल के लिए हुई है। पदभार संभालते ही नेगी ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने आयोग में लंबित करीब 1500 मामलों का दोगुनी गति से निपटारा करना और महिलाओं की जमीनी स्थिति में सुधार लाने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने अत्याचारों की रोकथाम के लिए काउंसलिंग सेवाओं को सुदृढ़ करने और नीतिगत बदलावों के माध्यम से लैंगिक समानता स्थापित करने पर जोर दिया। कुल्लू जिले की मूल निवासी और महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक विद्या नेगी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया।

### नाबालिगा से छेड़छाड़ के आरोपी को 5 साल का कारावास व जुर्माना



**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** अतिक्ति जिला एवं सत्र न्यायालय किन्नौर स्थित रामपुर ने नाबालिग लड़की से अश्लील हरकतें करने के मामले में शुक्रवार को अहम फैसला सुनाया। मुख्य आरोपी अरविंद उर्फ विक्की भलैई को पोक्सो एक्ट के तहत 5 साल के साधारण कारावास और 10,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई, जबकि सह-आरोपी विशाल भलैई को एक साल का साधारण कारावास और 2,000 रुपए जुर्माना अदा करने का आदेश दिया गया। दोनों आरोपी एक ही परिवार से हैं।

### रामपुर में की 15वें वित्तायोग के तहत विकास कार्यों की समीक्षा



**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर के पंचायत समिति हॉल में 15वें वित्तायोग के तहत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिला परिषद अध्यक्ष चंद्र प्रभा नेगी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में रामपुर विकास खंड की 37 पंचायतों में महिला मंडल भवन, युवक मंडल भवन, वर्षा शालिका, वाटर टैंक, आंगनबाड़ी केंद्र, शौचालय, सामूहिक भवन, वाटर सप्लाई पाइपलाइन, पानी निकासी, रिटेनिंग दीवार, बावड़ी, रास्ते और कुहल जैसे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने सभी संबंधितों को 15 दिनों के भीतर इन कार्यों की नवीनतम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया और गलत जानकारी भेजने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने उन पंचायतों की सराहना की जिन्होंने अच्छा काम किया है और दूसरों से भी अपने विकास कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया ताकि 15वें वित्तायोग से मिली राशि का सदुपयोग हो सके। बैठक में खंड विकास अधिकारी राजेंद्र नेगी सहित जिला परिषद सदस्य, विभिन्न पंचायतों के प्रधान, सचिव और तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

# रोबोट से होगी अब मरीजों की सर्जरी

## चमियाणा बना प्रदेश का पहला रोबोटिक सर्जरी केंद्र, सरकारी प्रयासों से मिली उड़ान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को विश्व स्तरीय बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, राज्य सरकार ने रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत कर दी है। सीएम की दूरदर्शी सोच का परिणाम से शिमला स्थित अटल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशलिटीज, चमियाणा अब प्रदेश का पहला ऐसा संस्थान बन गया है, जहां अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक के माध्यम से मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा।

दिल्ली एम्स की तर्ज पर 28 करोड़ रुपए की लागत से खरीदा गया पहला रोबोट चमियाणा पहुंच चुका है। संस्थान प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जुलाई महीने में इस रोबोट को स्थापित करने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, जिसके उपरांत आधुनिक तकनीक से मरीजों के ऑपरेशन आरंभ हो जाएंगे। यह पहल हिमाचल के चिकित्सा इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगी, जहां अब जटिल शल्य-चिकित्साएं अधिक सटीकता और सुरक्षा के साथ संपन्न की जा सकेंगी।



**3डी और बड़ी इमेज से मिलेगी मदद**

**रोबोटिक** प्रणाली थ्री-डी और बड़ी इमेज प्रदान करती है, जिससे डॉक्टर शरीर के तंग हिस्से के अंदर भी साफ-साफ देख सकते हैं। यह त्रुटि की गुंजाइश को न्यूनतम कर देती है।

अटल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशलिटीज, चमियाणा के प्रिंसिपल डॉ. बृज लाल ने रोबोटिक सर्जरी के बहुआयामी लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह तकनीक मरीजों के लिए कई तरह से फायदेमंद साबित होगी। इसमें ऑपरेशन के लिए अत्यंत छोटा चीरा लगाना होता है, जिससे रक्तस्राव काफी कम होता है और मरीजों को खून चढ़ाने की आवश्यकता भी कम पड़ती है। छोटे चीरे और न्यूनतम आघात के कारण मरीज को दर्द कम होता है और वह तेजी से ठीक होकर अस्पताल से जल्द छुट्टी पा जाता है।

वहीं, ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों के लिए भी यह तकनीक अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। सर्जन अधिक सटीकता और नियंत्रण के साथ सर्जरी करने में सक्षम होते हैं, जिससे जटिल ऑपरेशन भी सरलता से किए जा सकते हैं। लंबे ऑपरेशन में भी चिकित्सकों को थकान महसूस नहीं होती, जिससे वे कम समय में अधिक मरीजों की सर्जरी कर पाएंगे।

**पूरे प्रदेश में फैलेगी आधुनिक चिकित्सा की किरण**

**सीएम** के निर्देशानुसार, चमियाणा के साथ-साथ राजकीय मेडिकल कॉलेज, टांडा में भी अगले कुछ ही दिनों में रोबोटिक सर्जरी के उपकरण पहुंचने वाले हैं। इसके पश्चात, आईजीएमसी, शिमला, मेडिकल कॉलेज, हमीरपुर और प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी चरणबद्ध तरीके से रोबोटिक सर्जरी के लिए मशीनों की स्थापना की जाएगी। इस व्यापक विस्तार से प्रदेश के हजारों मरीजों को लाभ मिलेगा और उन्हें महंगी सर्जरी के लिए प्रदेश से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

# सचिवालय में सीएम सुक्खू ने सुनीं लोगों की समस्याएं



सचिवालय में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

शुक्रवार को शिमला सचिवालय में प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याओं को सुना गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोगों से सीधा संवाद किया और उनकी शिकायतों पर गौर किया।

इस दौरान, जनता द्वारा उठाई गई विभिन्न समस्याओं, जैसे कि बुनियादी सुविधाओं की कमी, भूमि विवाद और सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुना गया। समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और उनके मुद्दों का प्रभावी ढंग से निपटारा हो सके।

यह जन सुनवाई कार्यक्रम सरकार की 'सेवा, समाधान और संवाद' की कार्यशैली का एक अहम हिस्सा है। यह कार्यक्रम जनता और सरकार के बीच भरोसे की एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करता है, जिससे आम लोगों को अपनी बात सीधे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोगों की शिकायतों का समय पर और प्रभावी तरीके से निवारण हो, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।

## मांडविया ने शिमला में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की बैठक में की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री, मनसुख मांडविया ने राजधानी शिमला में एक महत्वपूर्ण दिवसीय दौरे पर थे। इस दौरे का मुख्य बिंदु कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 196वीं बैठक की अध्यक्षता करना रहा। यह बैठक जो देशभर के लाखों श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं की दिशा तय करती है, में कई महत्वपूर्ण नीतियों और निर्णयों पर विचार-विमर्श किया गया।

केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में हुई यह बैठक ईएसआईसी के भविष्य के कार्यान्वयन और श्रमिक वर्ग के हितों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। शिमला पहुंचने पर मांडविया ने सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, शिव प्रताप शुक्ल, से शिष्टाचार भेंट की।

**राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट**



## सरकार के एडवोकेट पक्ष रखें अन्यथा एकतरफा होगी कार्यवाही : हाईकोर्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राष्ट्रीय संघ न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ के राज्य अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने शिमला हाईकोर्ट का आभार प्रकट करते हुए कहा कि 26 जून को जिस प्रकार से हाईकोर्ट के आदेशों को न मानने और सरकार द्वारा उन पीड़ित कर्मचारियों से रिकवरी मांगने पर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख इख्तियार किया है। हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार के एडवोकेट सरकार का पक्ष रखें अन्यथा एकतरफा कार्यवाही होगी।




विदित रहे कि इस समय 25000 के करीब कर्मी स्टे ले चुके हैं और पूरी न्यायपालिका इन पीड़ित शिक्षक कर्मचारियों के साथ हैं। सरकार के वकील तारीख पर तारीख ले रहे हैं, जबकि कुछ वकील ऐसे हैं जिन्होंने पहले आरएंडपी रूल्ज का केस कर्मचारियों के लिए लड़ा ,खूब पैसे भी लिए और आज वही वकील सरकार की तरफ से कर्मचारियों की खिलाफ लड़ रहे हैं। प्रवीण शर्मा ने कहा कि अक्तूबर 2008 से अक्तूबर 2009 व एक ही विज्ञापन के तहत नियुक्त जितने भी कर्मिकों का शोषण शिक्षा विभाग में आज तक हो रहा है, उन्हें हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान कर सरकार सभी लाभ दे दे।

## सतपाल सत्ती ने सुक्खू सरकार की अफसरशाही पर उठाए गंभीर सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और ऊना विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कड़ी आलोचना की है।



सत्ती ने धर्मशाला में सहायक दवा नियंत्रक (एडीसी) निशांत सरीन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आय से अधिक संपत्ति के मामले में चल रही जांच का हवाला दिया, जिसमें महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। इन दस्तावेजों से हिमाचल, पंजाब और हरियाणा में सरीन और उनके सहयोगियों के 7 परिसरों में तलाशी के दौरान करोड़ों के वित्तीय लेनदेन, 40 से अधिक बैंक खाते, महंगी कारें, एफडीआर और 3 लॉकर जब्त किए गए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि पंचकूला स्थित एक दवा कंपनी में सरीन की पत्नी की 95 फीसदी हिस्सेदारी भी सामने आई है। उन्होंने शिमला से जारी एक बयान में दावा किया कि कांगड़ा, चंबा और ऊना के दवा विक्रेता और निर्माता सरीन के भ्रष्टाचार से त्रस्त थे। सरीन लाइसेंस नवीनीकरण के लिए 50,000 रुपए की मांग करता था और दावा करता था कि उसने इस पद के लिए 30 लाख रुपए दिए हैं, साथ ही उसे ऊना और शिमला में हर महीने 5-5 लाख रुपए देने पड़ते हैं।

सत्ती ने सुक्खू सरकार से सवाल किया कि आखिर कांग्रेस का वह कौन सा नेता है जिसने 30 लाख रुपए लिए और किसे 5-5 लाख रुपए ऊना और शिमला में दिए जाते थे। उन्होंने सरकार पर भ्रष्टाचार और नशा तस्करों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया, जिससे हिमाचल की छवि धूमिल हो रही है।

# किन्नौर को मिली दो इंडोर स्टेडियम की सौगात

## केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और सांसद कंगना रनौत ने किया शिलान्यास

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**

रिकांगपिओ। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और सांसद कंगना रनौत ने किन्नौर जिले का दौरा कर पूह और ज्ञाबुंग में दो इंडोर स्टेडियमों का शिलान्यास किया। ये स्टेडियम प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत लगभग 9.78 करोड़ रुपए की लागत से बनेंगे। अपने दौरे के दौरान, दोनों नेताओं का स्थानीय लोगों और प्रशासन ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



रिजिजू ने कल्पा की खूबसूरती की खूब तारीफ की, इसे कुल्लू-मनाली से अलग बताया और यहां ट्रेकिंग करने की इच्छा भी जताई। कंगना रनौत ने छोलतू में लोगों की विकास कार्यों से जुड़ी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। शुक्रवार को, कल्पा से पूह पहुंचने के बाद, रिजिजू और रनौत ने विधिवत रूप से इन स्टेडियमों की नींव रखी। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए रिजिजू ने केंद्र सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। दोनों नेताओं ने किन्नौर की स्थानीय संस्कृति में भी गहरी रुचि दिखाई, उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ पारंपरिक लोकनृत्य में भाग लिया और नाको क्षेत्र का दौरा कर बौद्ध मंदिर के दर्शन किए। इस दौरे पर उनके साथ बॉलीवुड गायक मोहित चौहान के अलावा किन्नौर के जिलाधीश डॉ. अमित कुमार शर्मा और एसपी अभिषेक एस भी मौजूद थे।

**90 डिग्री वाली सड़कें देख हैरान हुए रिजिजू**

**हिमाचल** प्रदेश की खतरनाक सड़कें देखकर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू हैरान हो गए। किरेन रिजिजू शिमला से सड़क मार्ग से किन्नौर के लिए रवाना हुए। रामपुर के झाखड़ी से आगे किन्नौर तक कई जगह 80 से 90 डिग्री ढलान वाले ढांक को काटकर नेशनल हाईवे-5 बनाया गया है। ऐसी खतरनाक सड़क देखकर वह दंग रह गए। इससे जुड़ा वीडियो उन्होंने खुद अपने फेसबुक पर शेयर किया।

# मनूणी खड्ड में तीसरे दिन एक और शव बरामद

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** मनूणी खड्ड में अचानक तेज बारिश होने के कारण पावर प्रोजेक्ट में काम करने वाले एक ओर मजदूर का शव बरामद किया है। मौसम खराब होने के कारण अभी तक शव को धर्मशाला अस्पताल में बने शव गृह तक नहीं लाया जा सका है।

इस बारे में जानकारी देते हुए जिला कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि बाढ़ आने के तीसरे दिन भी पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रेसक्यू अभियान में लगी हुई है। हालांकि, मौसम खराब होने के कारण इस रेस्क्यू अभियान में भी मुश्किलें पेश आ रही हैं।

उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ के जवानों ने आज शुक्रवार को मनूणी पावर प्रोजेक्ट के पास से एक और मजदूर के शव को बरामद किया है। अब 2 और मजदूर लापता है, जिनकी तलाश की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि जैसे ही मौसम साफ होता है तो खड्ड के पास जो लैंड स्लाइड हुआ है उसको मशीनरी से साफ किया जाएगा और ऊपर पहाड़ो की तरफ टीमों को भेजा जाएगा। अगर कोई मजदूर उस क्षेत्र में फंस हुआ है तो उसे बचाया जा सके।

# पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने जाखू मंदिर में बजरंगबली से लिया आशीर्वाद



भगत सिंह कोश्यारी जाखू मंदिर में माथा टेकने के बाद बाहर आते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ भाजपा नेता भगत सिंह कोश्यारी ने अपने शिमला प्रवास के दौरान ऐतिहासिक जाखू मंदिर में माथा टेका। उन्होंने भगवान हनुमान के प्राचीन मंदिर में पूजा-अर्चना की और उनके दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कोश्यारी, जो अपनी सादगी और धार्मिक प्रवृत्ति के लिए जाने जाते हैं, ने जाखू मंदिर में लगभग एक घंटा बिताया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और मंदिर के पुजारियों से बातचीत की। जाखू मंदिर, शिमला की सबसे ऊंची चोटी पर स्थित है और यह भगवान हनुमान को समर्पित है। यह मंदिर न केवल अपनी धार्मिक महत्ता के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां से दिखने वाले शिमला शहर के मनोरम दृश्यों के लिए भी प्रसिद्ध है। कोश्यारी ने इस अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना की।

माना जा रहा है कि पूर्व राज्यपाल का यह दौरा व्यक्तिगत और धार्मिक है। उन्होंने इस दौरान किसी भी राजनीतिक टिप्पणी से परहेज किया। शिमला प्रवास के दौरान कोश्यारी कुछ अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक और दर्शनीय स्थलों का भी दौरा कर सकते हैं।

# सरकार की जिद से निगमों को करोड़ों का घाटा : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर आरोप लगाया है कि शराब की बिक्री को लेकर सरकार की हठधर्मिता राज्य के निगमों को भारी वित्तीय नुकसान पहुंचा रही है।



उन्होंने कहा कि नगर निगम शिमला और हिमफेड जैसे निगमों को नीलामी से बचे शराब के ठेके जबरन चलाने पड़ रहे हैं, जिससे वे पहले से ही आर्थिक संकट में होने के बावजूद, केवल 65 दिनों में 10 करोड़ रुपए के कर्जदार बन गए हैं। आबकारी विभाग ने इन निगमों को लाइसेंस फीस नहीं चुकाने के लिए नोटिस जारी किए हैं। ठाकुर ने जोर दिया कि इससे न केवल निगमों के जनहित के कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि उन्हें प्रतिदिन लाखों का नुकसान भी हो रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि सरकार की जिद के चलते शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में निगमों को शराब के ठेके चलाने पड़ रहे हैं, जिससे उनके अपने मूल कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार पर शराब माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में अवैध शराब फैक्टरियां चल रही हैं जिन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। ठाकुर ने सरकार से माफिया के बजाय निगमों पर रहम करने का आग्रह किया और दावा किया कि सरकार के आबकारी आय के सभी दावे झूठे साबित हुए हैं।

# छात्रा ने सिरदर्द की दवा समझ खाई जहरीली गोली, मौत

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** घरों में लापरवाही से रखी गई जहरीली दवाएं कब जानलेवा साबित हो जाएं, इसका ताजा उदाहरण उपमंडल प्रागपुर के गांव गढ़ मसोट में देखने को मिला। जहां सिरदर्द से परेशान एक 21 वर्षीय छात्रा ने गलती से अनाज में डालने वाली कीटनाशक दवा खा ली और उसकी मौत हो गई।

मृतका की पहचान स्मृति पुत्री कुलदीप, निवासी गांव गढ़ (प्रागपुर) के रूप में हुई है, जो ढलियारा कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। जानकारी के मुताबिक, स्मृति को सिरदर्द की शिकायत थी और इसी दौरान उसने घर में रखी जहरीली गोली को दर्द निवारक समझकर निगल लिया। कुछ ही समय में उसकी हालत बिगड़ने लगी और उल्टियां शुरू हो गईं। परिजन उसे तत्काल गरली अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मगर रास्ते में हालत और बिगड़ने पर उसे देहरा अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना की पुष्टि करते हुए एसपी देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि छात्रा की मौत जहरीली दवा के सेवन से हुई है। उन्होंने कहा कि देहरा सिविल अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में यह मामला दुर्घटनावश जहरीली दवा खाने का प्रतीत हो रहा है। परिजनों ने किसी भी प्रकार की साजिश या संदेह जाहिर नहीं किया है।

**उपलब्धि**

## पठानिया बोले-दो वर्षों में एनपीए में 55 फीसदी की गिरावट, मुनाफा पहुंचा 199 करोड़

# राज्य में कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक ने रचा नया इतिहास

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश के प्रतिष्ठित कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक ने अपने 105 वर्षों के इतिहास में पहली बार 2024-24,25 में 199 करोड़ रुपए का रिकॉर्डतोड़ मुनाफा अर्जित किया है। यह जानकारी कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के प्रदेश चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया ने शुक्रवार को बंगाणा में मीडिया से बातचीत के दौरान दी।

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान बैंक की स्थिति चिंताजनक थी, लेकिन वर्तमान प्रबंधन ने कड़ी मेहनत और वित्तीय अनुशासन से बैंक को घाटे से उबारा और उसे मुनाफे की राह पर अग्रसर किया। पठानिया ने कहा कि जब उन्होंने 2016 से लेकर 2023 तक का कार्यभार देखा, तो पाया कि पूर्व जयराम ठाकुर सरकार के समय बैंक में भारी अव्यवस्थाएं थीं।




मीडिया से बात करते कुलदीप सिंह पठानिया, साथ हैं अन्य।

उन्होंने बताया कि उस समय कांगड़ा बैंक का एनपीए (नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स) 1300 करोड़ रुपए से अधिक हो चुका था, जो बैंक की वित्तीय सेहत के लिए खतरे की घंटी थी। हालांकि, उस समय बैंक का सालाना मुनाफा 34 करोड़ रुपए था।

पठानिया ने बताया कि बैंक की मौजूदा टीम ने एनपीए को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाए। ऋण वसूली को प्राथमिकता दी गई और जिन ऋणों की वसूली नहीं हो रही थी, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। इसके नतीजे स्वरूप दो वर्षों में एनपीए में 55 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि एनपीए में सुधार कर बैंक को वित्तीय संकट से बाहर निकालना आसान नहीं था, लेकिन उनके नेतृत्व और बैंक के कर्मियों की मेहनत से यह संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि हमने केवल दो वर्षों में एनपीए जो 1300 करोड़ भाजपा सरकार छोड़ कर कांगड़ा बैंक को गई थी। हमने छह सौ करोड़ रुपए तक पुनः प्राप्त कर लिया और बैंक को पुनः लाभ में ला खड़ा किया। उन्होंने कहा कि राज्य में 400 से ज्यादा कांगड़ा बैंक कि शाखाएं हैं और 122 जनता की सुविधाओं के लिए एटीएम लगाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा बैंक राज्य नहीं बल्कि अन्य जनता की भी पहली पसंद बन चुका है। इस मौके पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, वीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य, देसराज मोदगिल, महिंद्र सिंह,कांग्रेस नेता सुदेश कुमार शर्मा के अलावा प्रधान उपप्रधान एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### अवैध खनन करने पर जेसीबी और टिप्पर जब्त

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा चलाए गए खनन माफिया के अभियान के तहत शिकायत मिलने पर गत रात थाना डमटाल के अंतर्गत रात चक्की दरिया में अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी तथा एक टिप्पर को जब्त किया गया। उक्त ड्राइवर पर थाना डमटाल में मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जिसमें आरोपी राकेश कुमार पुत्र थारू राम निवासी मलोट तथा बोधराज पुत्र बलवंत सिंह निवासी टोकी तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगामी कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है। इसकी पुष्टि करते हुए एएसपी धर्मचंद वर्मा ने बताया की अवैध खनन पर आगे भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### श्री साईं कॉलेज बधानी का रिजल्ट रहा शानदार



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** श्री साईं कॉलेज ऑफ एजुकेशन बधानी पठानकोट कैंपस ईटीटी 2023-25 अंतिम वर्ष का रिजल्ट्स बहुत शानदार रहा है। प्रिंसिपल डॉ. नवदीप सांवल बताया कि शुभम और रूचि (78 प्रतिशत) फर्स्ट, पल्लवी सेकंड (77 प्रतिशत), प्रिया देवी तीसरा (75 प्रतिशत) अक हासिल किए। वहीं श्री साईं कॉलेज ऑफ एजुकेशन बधानी पठानकोट कैंपस ईटीटी सभी स्टूडेंट्स ने 70 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज के साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इस अवसर पर ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज वहीं कंवर तुषार पुंज ने स्टूडेंट्स और प्रिंसिपल तथा स्टाफ को बधाई दी। साथ स्टूडेंट्स के आने वाले उज्वल भविष्य की कामना की। साथ में एमडी तृप्ता पुंज ने स्टूडेंट्स के माता-पिता के साथ बात करके उनको बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. नवदीप सांवल, डॉ. केवल कृष्ण और हेड ऑफ डिपार्टमेंट जसवंत कौर, स्टाफ आदि शामिल थे।

### 30 को टांडा रेंज में फायरिंग का अभ्यास

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त उपायुक्त, कांगड़ा स्थित धर्मशाला ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा दिनांक 30 जून 2025 को सुबह 9 बजे से रात्री 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं तथा अपने पालतु पशुओं को भी न जाने दें ताकि किसी भी प्रकार की जान माल की हानि से बचा जा सके।

### शिवनगर कॉलेज में नशे के खिलाफ दिलाई शपथ

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा आयोजित 'जिन्दगी को हां और नशे को न कहें' शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। यह अभियान युवाओं और पूरे समाज को नशे के खिलाफ एकजुट करने के लिए शुरू किया गया। शपथ ग्रहण से पहले महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने सभी को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए नशे से दूर रहने की अपील की। प्राचार्या ने स्वयं शपथ लेकर सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। जिसके बाद सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने भी नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण करने के बाद प्राप्त प्रमाणपत्र को भी अपने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी डाला जिससे सभी को प्रेरणा मिल सके।

### नशे के दुष्प्रभाव पर जागरूक किए बच्चे

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** खंड चिकित्सा अधिकारी महांकाल डॉक्टर दिलावर देओल के दिशा-निर्देश अनुसार आज शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुंसल में नशीली दवाओं के दुरुपयोग तथा अवैध तस्करी के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित बच्चों तथा स्टाफ को खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि स्याल ने नशे के दुष्प्रभाव तथा उनसे बचाव के बारे में जागरूक किया। इस विषय पर बच्चों की भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें प्राची प्रथम, सिया द्वितीय तथा शिवानी तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को इनाम भी बांटे गए।

खरीफ 2025 फसल बीमा योजनाओं पर निगरानी समिति की बैठक आयोजित, एडीएम ने कहा–

# धान और मक्की की फसल का करवाएं बीमा

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं मौसम आधारित फसल बीमा योजना के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा धर्मशाला में खरीफ 2025 फसल बीमा योजनाओं की जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आज शुक्रवार को आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता एडीएम कांगड़ा शिल्पी वेक्टा ने की। एडीएम ने कहा कि इस खरीफ सीजन के लिए धान एवं मक्की की फसलों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में तथा गोभी, आलू और टमाटर की फसलों को मौसम आधारित फसल बीमा योजना में शामिल किया गया है।

मक्की और धान के लिए क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी तथा सब्जी फसलों के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड को बीमा प्रदाता नियुक्त किया गया है। शिल्पी वेक्टा ने



बैठक की अध्यक्षता करती एडीएम कांगड़ा शिल्पी वेक्टा और मौजूद अधिकारी व अन्य।

**48 रुपए पर मिलेगा 2400 प्रति कनाल का करवेज**

बताया कि किसानों को केवल 48 रुपए प्रति कनाल प्रीमियम देकर 2400 रुपए प्रति कनाल तक का बीमा कवरेज मिलेगा।

उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान की भरपाई के लिए एक प्रभावी सुरक्षा कवच प्रदान करती है। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष लगभग 4412 किसानों को 83.41 लाख रुपए का मुआवजा वितरित किया गया था तथा गेहूं की फसल के नुकसान का आंकलन कार्य भी प्रगति पर है। एडीएम ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड धारक ऋणी किसानों का बीमा स्वतः किया जाएगा जब तक वे बैंक को लिखित रूप से मना न करें।

गैर ऋणी किसान लोक मित्र केंद्र, बैंक शाखा, अधिकृत एजेंट या पोर्टल के माध्यम से अपना बीमा करवा सकते हैं।

**बीमा से संभावित प्राकृतिक आपदाओं पर होने वाले नुकसान से मिलेगी राहत**

**एडीएम** ने किसानों से आग्रह किया कि वे 15 जुलाई से पहले फसल बीमा करवा लें ताकि संभावित प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत मिल सके। अधिक जानकारी हेतु किसान अपने नजदीकी कृषि अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। उपकृषि निदेशक डॉ. कुलदीप धीमान, अग्रणी बैंक प्रबंधक एकता शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय से विमला, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक से सुमित मनकोटिया, क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी से अरुण कुमार तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया से नीरज कुमार बैठक में उपस्थित रहे।

## रघुवीर ने फतेहपुर अस्पताल को दान किया कार्डियक मॉनिटर



अस्पताल में मॉनिटर स्थापित करवाने के दौरान विधायक भवानी सिंह व अन्य।

रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान

**फतेहपुर।** जिला कांगड़ा की विधानसभा फतेहपुर का सिविल अस्पताल जो कि अब आदर्श अस्पताल का दर्जा प्राप्त कर चुका है। लगभग सभी प्रकार की डॉक्टर की नियुक्तियों के उपरांत जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से बेहतर हुई है वहीं अब अस्पताल के विकास के लिए क्षेत्र के समाजसेवी भी आगे आने लग पड़े हैं।

आज क्षेत्र के समाजसेवी रघुवीर पठानिया ने फतेहपुर अस्पताल को कार्डियक मॉनिटर दान किया है जिसको उन्होंने स्थानीय विधायक के हाथों अस्पताल में स्थापित करवाया है।

**लोग इस तरह के पुण्य कार्यों में दें अपना योगदान**

इस मौके पर राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) एवं स्थानीय विधायक भवानी सिंह पठानिया ने समाजसेवी रघुवीर पठानिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और गरीबों के विकास में समाजसेवी व्यक्ति की हमेशा ही विशेष भुमिका रहती है उनको खुशी है की गरीब लोगों और समाज की सेवाओं के लिए वो आगे आए है और हमेशा ही तैयार रहते है । उन्होंने अन्य लोगों व समाजसेवियों से आह्वान किया है।

# पंचायत रैहन–2 को मिला अपना भवन

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

गांव स्तर तक विकास पहुंचाने में ग्राम पंचायतों की विशेष भूमिका होती है। जिसके लिए ग्राम पंचायत का अपना भवन होना बहुत जरूरी है मगर प्रदेश में करीब साढ़े चार साल पहले बनी नई पंचायतों को अभी तक अपने भवन नही मिल पाए थे। जिला कांगड़ा के विकास खंड फतेहपुर में पिछले पंचायत चुनावों के समय 2 नई पंचायतों का गठन हुआ था, मगर आज तक इन्हें अपने भवन नही मिला पाए थे। विकास खंड फतेहपुर की रैहन–2 व डुहग पंचायतें अभी तक उधार के भवन में चल रही थी मगर अब इन दोनो पंचायतों के भवन वन कर तैयार हो गए है । आज रैहन–2 पंचायत को अपना भवन मिल गया है जबकी डुहग पंचायत को अपना भवन रविवार 29 जून को मिल जाएगा जिसका उद्घाटन भी स्थानीय विधायक भवानी सिंह पठानिया करेंगे। फतेहपुर के विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के



ग्राम पंचायत रैहन–2 भवन का उद्घाटन करते विधायक भवानी सिंह पठानिया।

उपाध्यक्ष भवानी सिंह ने शुक्रवार को 33 लाख की लागत से नवनिर्मित ग्राम पंचायत रैहन–2 भवन का उद्घाटन किया जनता व पंचायत को समर्पित किया है।

इस मौके पर भवानी सिंह ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाया जा रहा है। ग्रामीण स्तर पर विकास कार्य सीधे तौर पर पंचायतों की ओर किए जाने से प्रदेश के विकास को नई गति मिलती है।

भवानी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत में भवनों के लिए आधारभूत ढांचा उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि पंचायत के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। विकास का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने और विकास में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित बनाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई गई हैं। पंचायती राज संस्थाओं का इन योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। विधानसभा की प्रत्येक पंचायत का विकास प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है।

# गर्म क्षेत्र डाडासीबा में राजेंद्र सिंह ने उगाए सेब के पेड़

कमल, अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** आमतौर पर सेब की खेती पहाड़ी और ठंडे इलाकों में ही सफल मानी जाती है, लेकिन डाडासीबा के व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा व पेट्रोल पंप के प्रबंधक (डीलर) ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है।



उन्होंने अपने पेट्रोल पंप परिसर में सेब के 2 पौधे उगाकर न केवल प्रयोग किया, बल्कि उसे पूरी तरह सफल भी बना दिया। खास बात यह है कि इस क्षेत्र का तापमान गर्मियों में 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। राजेंद्र सिंह गोगा ने करीब चार साल पहले ब्लॉक परागपुर की नर्सरी से पांच सेब के पौधे लाए थे।

इनमें से दो पौधे आज पूरी तरह फलदार बन चुके हैं। उन्होंने बताया



सेब से भरे हुए पेड़ और राजेंद्र सिंह।

कि दूसरे वर्ष ही इन पौधों में छोटे–छोटे सेब आने लगे थे, जबकि चौथे साल में पौधों पर बड़े और सुंदर सेब लदे हुए नजर आए। इस अनोखे प्रयास की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है और लोग गोगा के नवाचार और मेहनत को एक मिसाल के रूप में देख रहे हैं।

## निहंगों ने टोल टैक्स बैरियर भदरोया में की तोड़फोड़

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** गत रात थाना डमटाल के अंतर्गत भदरोया कंडवाल मार्ग पर लगे टोल बैरियर नाके पर एक टैक्सी परमिट कार पीबी 01डी 8761 जब मौके पर पहुंची तो टोल कर्मियों ने पर्ची कटवाने को कहा तब उनकी बहस हो गई और उन्होंने कहा कि हमें कोई नहीं रोक सकता हमारी पहुंच दूर तक है।

उन्होंने टोल बैरियर कर्मचारियों के साथ हथियारों से लैस हमला किया तथा मोटरसाइकिल को भी हथियारों से तोड़ दिया तथा मौके पर 60 हजार रुपए लेकर वहां से फरार हो गए, जिसकी सूचना कर्मचारियों द्वारा उन्होंने तुरंत थाना डमटाल में दी। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर लिया गया है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम में गठित कर दी गई है तथा जल्द ही उनकी गिरफ्तारी अमल में लाई जाएगी।




# नौणी विवि ने फसल कीट नियंत्रण में हासिल की उपलब्धि



सर्वश्रेष्ठ केंद्र का पुरस्कार लेते नौणी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि व इनके साथ मौजूद हैं अन्य सदस्य।

अनंत ज्ञान, सोलन

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी) फसल कीटों के जैविक नियंत्रण केंद्र को अपने प्रदर्शन के लिए वर्ष 2024-2025 सर्वश्रेष्ठ एआईसीआरपी केंद्र चुना गया है।

हाल ही में असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट में आयोजित फसल कीटों के जैविक नियंत्रण पर एआईसीआरपी की वार्षिक बैठक के दौरान यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की सहायक महानिदेशक (पौधा संरक्षण एवं जैव सुरक्षा) डॉ. पूनम जसरोटिया और आईसीएआर एनबीएआईआर, बेंगलुरु के निदेशक डॉ. एसएन सुशील द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में असम कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिद्युत चंदन डेका के साथ-साथ देश भर के 70 से अधिक वैज्ञानिक भी शामिल हुए।

**जैविक कीट एवं रोग प्रबंधन के क्षेत्र में की उल्लेखनीय प्रगति**

आईसीएआर के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ. डी के यादव भी इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

केंद्र के प्रधान अन्वेषक डॉ. सुभाष चंद्र वर्मा ने बताया कि एआईसीआरपी केंद्र 1985 से विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग में संचालित किया जा रहा है और इसने जैविक कीट एवं रोग प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। विश्वविद्यालय की जैव नियंत्रण प्रयोगशाला अनुसंधान और विकास का समर्थन करने के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे और उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित है।

### केंद्र में फसलों में लगने वाले कीटों के प्रबंधन पर होता है कार्य

**यह** केंद्र फलों, विभिन्न सब्जी फसलों में लगने वाले कीटों के प्रबंधन के लिए मित्र कीटों की पहचान और परजीवी सहित कीटों के प्राकृतिक शत्रुओं के सर्वेक्षण, संग्रह और पहचान में व्यापक कार्य करता है। वर्तमान में, यह अंडा परजीवी की पांच प्रजातियों, माइट, ऐथोकोरिड बग और सूक्ष्मजीवी एजेंटों को पूरे वर्ष प्रयोगशाला में रखता है।

इसका इस्तेमाल सब्जियों, फलों में विभिन्न कीटों के जैविक नियंत्रण के लिए किया जाता है जिससे किसानों की रसायनों पर निर्भरता कम होती है। अपनी शोध गतिविधियों के अलावा, केंद्र विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में पर्यावरण के अनुकूल कीट प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। 2024-25 के दौरान, इसने जैविक नियंत्रण रणनीतियों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए भरमौर और स्पीति क्षेत्रों में चार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। पिछले एक साल में केंद्र के कई शोध पत्र प्रतिष्ठित सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं में भी प्रकाशित हुए हैं।

### यह मान्यता टीम के सतत प्रयासों का प्रमाण : डॉ. सुभाष

**विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने टीम के समर्पण और योगदान की सराहना की। डॉ. सुभाष चंद्र वर्मा (पीआई), डॉ. विश्व गौरव सिंह चंदेल (सह-पीआई) और डॉ. नरेंद्र भरत (परियोजना से जुड़े पैथोलॉजिस्ट) को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह मान्यता टीम के सतत प्रयासों और टिकाऊ कृषि के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह वैज्ञानिक उत्कृष्टता और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से पर्यावरण के अनुकूल कीट प्रबंधन समाधानों को आगे बढ़ाने के हमारे संकल्प को मजबूत करता है। अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान एवं विश्वविद्यालय के सभी वैधानिक अधिकारियों और वैज्ञानिकों ने भी जैविक नियंत्रण टीम को इस सराहनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी।**

# बंदगोभी का ब्लैक लेग और ब्लैक रॉट रोग

**बंदगोभी** प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में खरीफ में उगाई जाती है। नवंबर से मार्च तक यह क्षेत्र बर्फ से ढका रहता है और तापमान बहुत कम हो जाता है। यहां पर अन्य महत्वपूर्ण सब्जियां जैसे मटर, फ्रासवीन, फूलगोभी, मूली, शलगम, गाजर चुकंदर और पत्तों वाली सब्जियां भी गर्मियों में उगाई जाती है जिन्हे मैदानी भागों में उपलब्ध करवाया जाता है। छोटा भंगाल में बंदगोभी की फसल लगभग 152 हेक्टेयर क्षेत्र में की जाती है। बंदगोभी इस दृष्टि से महत्वपूर्ण फसल है क्योंकि यह बेमौसमी व नकदी फसल है।

विभिन्न बिमारियों व कीटों के आक्रमण से बंदगोभी की गुणवता व पैदावार में कमी आई है। जिला कांगड़ा के विकास खंड बैजनाथ के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र छोटा भंगाल जैसे की मुल्थान, घरमाण, बडग्रां, नलहोता, कुक्डगुदां, राजगुदां आदि बंदगोभी व अन्य सब्जियों के मुख्य क्षेत्र माने जाते हैं और अधिकतर किसानों की आय भी इस खेती पर निर्भर करती है। किसानों को बंदगोभी के अतिरिक्त विदेशी सब्जियों की भी खेती करनी चाहिए क्योंकि यहां की जलवायु इनके लिए उपयुक्त है और किसान इन बेमौसमी व विदेशी सब्जियों से अपनी आयु में कई गुणा वृद्धि कर सकता है। अच्छी गुणवता व अधिक पैदावार के लिए बंदगोभी में लगने वाली बिमारियों व कीटों की रोकथाम समय पर करना अतिआवश्यक है बंदगोभी में मुख्यतः ब्लैक लेग रोग, काला सडन रोग व सुंडियों का प्रकोप होता है जिसके लक्षण व रोकथाम इस प्रकार से है। **-प्रस्तुति : अजय पाल, पालमपुर।**

## बीमारियों व कीटों के आक्रमण से बंदगोभी की गुणवत्ता और पैदावार में आई कमी

**लक्षण**

**ब्लैक लेग रोग -** इस रोग का प्रकोप पौध अवस्था व अन्य अवस्थाओं में देखा गया है। आरंभ में पौधे के तने पर भूरे धंसे हुए छोटे–छोटे धब्बे बनते हैं। इन धब्बों के किनारे काले जामुनी रंग के दिखाई देते हैं और लंबाई में बढ़ते हैं। ज्यादा प्रकोप होने पर तना काला हो जाता है और टूट जाता है यह रोग मिट्टी के अंदर पौधे की जड़ों को नुकसान पहुंचाता है। फंफूद बीज में 4 वर्ष तथा बीमारी ग्रसित अवशेषों में 3 वर्ष तक जीवित रहती है।



**ब्लैक रॉट -** पत्ते के संक्रमित स्थानों की पत्तियां पीली हो जाती हैं तथा वी आकार के निशान बिना हरे रंग के नीचे से ऊपर की ओर बढ़ जाते हैं। पौधे के पत्ते की मुख्य तथा अन्य शिरायें गहरे रंग की हो जाती हैं। प्रभावित फूल भूरे से काले पड़ने लगते है और सड़ जाते है।

**एकीकृत प्रबंधन**

**बुआई से पूर्व-**

- खेत तैयार करते समय पिछली फसल के रोगग्रस्त/कीटग्रस्त अवशेषों को निकाल कर नष्ट कर दें।
- पानी की निकासी का उचित प्रबंध करें।
- 3 से 4 वर्ष फसल चक्र अपनाऐं। बंदगोभी की जगह पर किसान अन्य फसलें जैसे कि आलू, धनिया, राजमाह, फ्रासबीन, मूली आदि फसलें उगाएं। फसल चक्र अपनाने से बिमारी का प्रकोप 3-4 वर्षों में काफी कम हो जाता है। उसके बाद दोबारा किसान बंदगोभी की फसल लगा सकते हैं।
- खेतों में गली-सड़ी गोवर की खाद का ही प्रयोग करें।
- अपने खेतों का मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में अवश्य करवाएं और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर ही रासायनिक खादों का प्रयोग करें।
- कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर द्वारा अनुमोदित किस्मों का ही चयन करें जैसे कि पराइड आफ इंडिया, गोल्डन एकड़, लार्जलेट ड्रम हैड आदि।
- बीज को 30 मिनट पानी में भिगोने के बाद 30 मिनट तक गर्म पानी (52 डिग्री सैटीग्रेड) में भिगोये तथा पुनः 30 मिनट तक स्ट्रैप्टोसाईक्लीन (1) ग्राम/ 10 लीटर पानी) के घोल में रखें और फिर बिजाई करें।

### पालमपुर में जैविक कीटनाशी किसानों के लिए उपलब्ध

**डॉ.** अंजू ठाकुर विषयवाद विशेषज्ञ ने बताया कि राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला, पालमपुर में जैविक फफूंदनाशी ट्राइकोडरमा विरिडी, ट्राइकोडरमा हारजियान और जैविक कीटनाशी जैसे मैटरीजियम एनिसोप्ली, व्यूवेरिया बेसियाना किसानों के लिए उपलब्ध हैं।

## बीमारी के प्रकोप को कम करने के लिए फसल चक्र बहुत कारगर

**अंकुरण के बाद**

- कमरतोड़ और जड़गलन रोग होने पर क्यारियों को मैन्कोजेव (25 ग्राम)+कावैण्डाजिम (5 ग्राम) को 10 लीटर पानी में मिलाकर सींचे।
- जैविक खेती करने वाले किसान जैविक फफूंदनाशी ट्राइकोडरमा विरिडी या ट्राईकोडरमा हारजियानम (10 ग्रामप्रति लीटर) के घोल से सींचे।

**रोपाई के समय**

- रोपाई से पहले पौधशाला से उखाड़े गए पौधों की जड़ों को 25-30 मिनट के लिए ट्राइकोडरमा के घोल से उपचारित करें।
- पौधों की रोपाई उचित दूरी पर करें।
- अगेती विस्मे - 45 सैमी ग 30 सैमी
- पछेती किस्में - 60 सैमी ग 45 सैमी होनी चाहिए।



- मिट्टी जनित रोगो के प्रकोप को रोकने के लिए खेतों में रोपाई से पहले ट्राइकोडरमा (1 किग्रा प्रति क्विंटल गली-सड़ी गोवर की खाद) को एक एकड़ में डाले।

**रोपण उपरांत**

- खरपतवारों का उचित नियंत्रण करें।
- हल्की व आवश्यकतानुसार सिंचाई करें।
- मिट्टी चढ़ाने के एक सप्ताह बाद फसल पर कार्वेण्डाजिम (5 ग्राम/ 10 लीटर पानी) का छिड़काव करें। पुनः 15 दिन बाद ऐसा ही एक और छिड़काव करें।
- खेतों में पानी की निकासी का उचित प्रबंध करें। अधिक नमी होने के कारण ये मिट्टी-जनित बिमारियां अधिक फेलती हैं।

**फूल बनने शुरू होने पर**

- मैन्कोजेव (25 ग्राम /10 लीटर पानी) का सुरक्षात्मक छिड़काव करें। एक और ऐसा छिड़काव 8-10 दिन बाद करें। काला सड़न रोग के लिए स्ट्रैप्टोसाइक्लीन (1 ग्रा./ 10 लीटर) पानी का छिड़काव करें।
- रोगी पतों व फूलों के भाग को नष्ट कर दें।



डॉ. कुलदीप धीमान, डिप्टी डायरेक्टर, कृषि, जिला कांगड़ा।




अंजू ठाकुर, विषय विशेषज्ञ, स्टेट बायोकंट्रोल लैबोरेटरी, पालमपुर।

**फूल तैयार होने तक**

- फसल पर कावैण्डाजिम (5 ग्राम) + मैन्कोजेव (25 ग्राम) को 10 लीटर पानी में घोल कर 10-15 दिन के अंतराल पर 2-3 छिड़काव करें।
- पत्ते खाने वाली सुड़ियों के नियंत्रण के लिए सुंडियों व पीले अंडों के समूह को नष्ट कर दें। अधिक प्रकोप होने पर जैविक कीटनाशी मैटरीजियम या व्यूवेरिया 5-7 ग्राम प्रति लीटर पानी की की दर से छिड़काव करें या रसायनिक कीटनाशी मैलाथियान 50 ईसी / साइपरमेथरिन 10 ईसी 30 मिली को 30 लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करें।





## न्यूज ब्रीफ

### स्विफ्ट कार और टेंपो की टक्कर, सवार सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, ढलियारा/भरवाईं।** ढलियारा-भरवाईं मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को उस समय एक बड़ा हादसा टल गया, जब सड़क पर अचानक आए आवारा पशु को बचाने के प्रयास में स्विफ्ट कार और टेंपो आपस में टकरा गए। गनीमत रही कि इस टक्कर में किसी भी व्यक्ति को जानमाल का नुकसान नहीं हुआ लेकिन गाड़ियों में सवार लोगों को मामूली चोटें आईं हैं परंतु इस हादसे में टेंपो सड़क के बीच बुरी तरह पल्ट गया, दोनों वाहन आंशिक रूप से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

### निकासी न होने से सड़क पर आया बंदला खड्ड का पानी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पठानकोट-मंडी फोरलेन के चलते लोगों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को हुई बारिश के चलते शाहपुर के बंदला पुल के पास नाले में पानी की की आवाजाही रुक गई जिसके कारण पानी वैकल्पिक सड़क तक पहुंच गया। इससे साथ लगते घरों को भी खतरा बन गया है। फोरलेन निर्माण के चलते शाहपुर बाजार स्थित पुराने बंदला पुल को तोड़ कर यहां पर नया पुल बनाया जा रहा है। यहां पर वाहनों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक पुलिया बनाई गई है, जिससे यहां के वाहनों को आवाजाही होती है। शुक्रवार को ये पुलिया बारिश के कारण ब्लॉक हो जिसके कारण पानी सड़क तक आ गया।

### लंबागांव की बेटी अलीशा बनी ऑडिट इंस्पेक्टर

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले लोअर लंबागांव की अलीशा ने हिमाचल प्रदेश एलाइड सर्विसेज की परीक्षा पास करके, अलीशा का चयन ऑडिट इंस्पेक्टर के पद के हुआ है। अलीशा ने बाहरवीं कक्षा तक स्कूल शिक्षा ऐम अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल जयसिंहपुर से की है। उसके बाद अलीशा ने गवर्नमेंट डिग्री कालेज धर्मशाला से ग्रेजुएशन पास की है। अलीशा के पिता सुमन कुमार ने बेटी की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह परिवार के लिए गौरव का क्षण है।



### विद्यार्थियों को दिलाई नशा न करने की शपथ

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सुलह एवं राजकीय उच्च विद्यालय नना‌ओं द्वारा संयुक्त रूप से नशा मुक्ति अभियान कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें आयुष हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र सुलह की डॉ. स्मृति गौतम द्वारा बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों, नशे से बचाव, एवं नशा छुड़ाने के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों को कुछ विशेष योग आसन करवाए गए जोकि नशे से दूर रहने के लिए सहायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को नशे से दूर रहने की एवं भविष्य में कभी नशा ना करने की शपथ दिलाई गई।

### अढ़ाई लाख से निर्मित कला मंच घराणा स्कूल को समर्पित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घराणा में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रमेश गोयल द्वारा दिए गए लगभग अढ़ाई लाख रुपए दान से निर्मित कला-मंच राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घराणा को समर्पित किया गया। इस मंच का उद्घाटन स्वयं रमेश गोयल द्वारा परिवार सहित किया गया। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान पवन राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### कुरल स्कूलों में करवाई गई मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपदमकल केंद्र धीरा के कर्मचारियों द्वारा गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल कुरल व गवर्नमेंट मिडल स्कूल कुरल, डाकघर कुरल तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें उपदमकल केंद्र धीरा के कर्मचारियों द्वारा अग्नि सुरक्षा, आग वर्गीकरण, आग को बुझाने के तरीके, अग्निशमन यंत्र को चलाने के बारे में व एलपीजी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान लीडिंग फायरमैन भूपिंद्र कुमार व फायरमैन अजीत भी मौजूद थे।

### निदेशक उच्च शिक्षा ने महाविद्यालय का किया निरीक्षण

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा ने पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ का औपचारिक निरीक्षण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने निदेशक डॉ. शर्मा का अभिनंदन करते हुए उन्हें संस्थान की गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं से अवगत करवाया। निरीक्षण के दौरान उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा ने महाविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त, डॉ. शर्मा ने स्मार्ट कक्षाओं, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाओं, तथा कंप्यूटर लैब का भी निरीक्षण किया।

### देवी दर्शन से पहले ही कैब चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** हिमाचल की वादियों में देवी-देवताओं के दर्शन की आस लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए शुक्रवार की सुबह एक असहनीय दुःख लेकर आई। डाडा सीबा में यात्रा शुरू होने से पहले ही उनके साथ आए कैब चालक की अचानक हुई मौत ने श्रद्धा की इस यात्रा को शोक में बदल दिया। गुरुवार शाम दिल्ली-गुड़गांव से श्रद्धालु अपने रिश्तेदार डाडासीबा के स्थानीय निवासी विनय कुमार के घर पहुंचे थे। योजना के मुताबिक शुक्रवार सुबह सभी श्रद्धालु मां ज्वालामुखी व बगलामुखी मंदिर के दर्शन के लिए निकलने वाले थे। तभी यात्रा के लिए तैयार हो रहे कैब चालक जितेंद्र कुमार (पुत्र रामकरण, निवासी कैर, नजफगढ़, दिल्ली) की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। डीएसपी राजकुमार ने बताया कि मौत के कारणों को लेकर सभी जरूरी जांच की जा रही है।

### आपदा में मसीहा बनकर उतरे स्वयंसेवक



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदा के कारण धर्मशाला क्षेत्र की मनूणी खड्ड में आई बाढ़ से अनेक लोग प्रभावित हुए संकट में घिर गए। ऐसे विकट समय में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा खनियारा के हाइड्रो प्रोजेक्ट में आई बाढ़ के कारण विस्थापित हुए मजदूरों को सुबह का नाश्ता करवाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक पीड़ितों तक पहुंचे। उन्होंने न केवल पीड़ितों को ढांढस बंधाया, बल्कि प्रातःकाल का नाश्ता, फल, दलिया, बिस्कुट, चाय एवं दूध जैसी आवश्यक वस्तुएं भी वितरित कीं। इस सेवा कार्य में संघ के कार्यकर्ता कांगड़ा विभाग संघचालक भूषण रैणा, जिला प्रचारक सूरज, विभाग संपर्क प्रमुख अभिषेक, सेवा प्रमुख अजय, योल खंड सेवा प्रमुख अनिल, व्यवस्था प्रमुख राजेंद्र, खंड कार्यवाह नरेंद्र, धर्मशाला से समाजसेवी शाश्वत कपूर, सुनील, राहुल, संजय एवं विकन जी की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

---

कुलदीप सिंह पठानिया ने तपोवन विधानसभा परिसर में की तैयारियों की समीक्षा, कहा-

# राष्ट्र मंडल संसदीय सम्मेलन के आयोजन का गवाह बनेगा तपोवन

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि 30 जून व 1 जुलाई को धर्मशाला स्थित तपोवन भवन प्रथम राष्ट्र मंडल संसदीय संघ सम्मेलन भारत क्षेत्र- ॥ के आयोजन का गवाह बन इतिहास रचेगा। कुलदीप सिंह पठानिया ने ये बात आज धर्मशाला के तपोवन विधानसभा परिसर में राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ सम्मेलन भारत क्षेत्र - ॥ के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करने के बाद कही।

पठानिया ने कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ वार्षिक सम्मेलन भारत क्षेत्र- ॥ का शुभारंभ करने के लिए लोक सभा अध्यक्ष एवं राष्ट्र मंडल संसदीय संघ भारत के



**देश के विभिन्न विधानसभा अध्यक्ष रहेंगे मौजूद**

अध्यक्ष ओम बिरला 30 जून को धर्मशाला पहुंच रहे हैं। उद्घाटन समारोह में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू , राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चैहान तथा उपाध्यक्ष विधान सभा विनय कुमार भी मौजूद रहेंगे।

**एक जुलाई को होगा सम्मेलन का समापन**

**पठानिया** ने कहा कि सम्मेलन का समापन समारोह 1 जुलाई को 3:00 बजे होगा तथा हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्यातिथि होंगे जबकि इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, राज्य सभा उपसभापति हरिवंश तथा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर शामिल होंगे। पठानियां ने कहा कि सम्मेलन के आयोजन सम्बन्धी तैयारियों तथा अतिथियों के ठहरने की समुचित व्यवस्था कर दी गई है। इस सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के सभी राज्यसभा तथा लोक सभा सदस्य को आमंत्रित किया है जबकि मंत्रीमंडल के सभी सदस्य तथा विधानसभा सदस्य भी विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं।

---

### चिट्टे और अवैध खनन के विरुद्ध जंग जारी : भवानी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** चिट्टे व अवैध खनन पर मोर्चा संभाले योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं विधायक भवानी सिंह पठानिया ने कहा है कि उनकी चिट्टे व अवैध खनन के विरुद्ध जंग जारी है। किसी भी सूरत पर इन्हे बख्शा नही जाएगा ।

गौर रहे कि ब्यास नदि पर हो रहे अवैध खनन पर उन्होंने खुद मोर्चा सम्भालते हुए प्रशासन के साथ दबिश दी थी और मौका पर पाया था को कुछ लोग खुद ही अपनी नीजि भूमि पर अवैध खनन करवा रहे है, जिससे हजारों लोगों की जिंदगियों को खतरे में डाल रहे है । क्योंकि बरसातों में ब्यास नदि का बहाव गांवों की और मुड़ जाता है। जो कि तबाही मचाता है । ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई हो उसके लिए भी कानून बनाया जाएगा ।

भवानी सिंह पठानिया ने बताया कि कुछ लोग अपनी नीजि भूमि पर पैसों के लालच में अवैध खनन करवा रहे है। ऐसे लोगों के सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

आईटीबीपी जवान अंकज ठाकुर की ब्रेन स्ट्रोक से मौत

# सैन्य सम्मान के साथ पैतृक गांव में हुई अंत्येष्टि



शहीद के बेटे को तिरंगा सौंपते हुए आर्मी के जवान व साथ में मौजूद है गांव के लोग।

**अनंत ज्ञान, कोटला**

उपमंडल जवाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत जोल के आईटीबीपी जवान अंकज कुमार की तिरंगा में लिपटी पार्थिव देह शुक्रवार को जैसे ही उसके घर पहुंची तो हर तरफ मातम छा गया। पार्थिव देह घर पहुंचते ही चीख पुकार मच गई।

अंकज आईटीबीपी में उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बतौर चालक कार्यरत था, जिनका बुधवार को ब्रेन स्ट्रोक के कारण देहांत हो गया था। शहीद अंकज कुमार के माता-पिता, पत्नी, बच्चे शव से लिपट कर रो पड़े। शहीद के पिता ठाकुर सिंह व माता कांता देवी व पत्नी सपना देवी शहीद के शव से लिपट कर रोए।

शहीद के दोनों बेटे 10साल का आदित्य, 8 साल का सूर्याश बड़ी ही मासूमियत से बाप के शव को निहारते रहे। वहीं नायब तहसीलदार कोटला कोविंद चौहान, भाजपा नेता संजय गुलेरिया, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह ने शहीद को पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी दी।

---

# पंचायत प्रधान एक पद नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम : इंदु शर्मा

धर्मशाला, ब्लॉक की ग्राम पंचायत **रक्कड़ की प्रधान इंदु शर्मा** ने अब तक के कार्यकाल में किए विकास कार्यों और उपलब्धियों के बारे में जहां विस्तार से बताया तो वहीं, उन्होंने दोबारा चुनाव लड़ने का इरादा भी जाहिर किया। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं गिनवाईं, साथ ही और भी कई अहम मसलों को लेकर अनंत ज्ञान के साथ बेबाकी से अपनी राय रखी। पेश हैं उनके साथ हुई हमारे **योल के पत्रकार मनोज चंदेल** के साथ विशेष बातचीत के मुख्यांश-

**प्रश्न :** प्रधान जी, आपके कार्यकाल के अब 6 महीने शेष हैं। आपने जो विकास कार्य करवाए हैं, उन्हें किस नजरिए से कैसे देखती हैं आप?

**उत्तर :** सबसे पहले तो अनंत ज्ञान के माध्यम से मैं अपनी पंचायत की जनता का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझे जनसेवा का अवसर दिया। मैंने प्रधान पद की शपथ लेते समय संकल्प लिया था कि पंचायत के समग्र विकास और जनहित को प्राथमिकता दूंगी। अब तक के कार्यकाल को मैं संतोषजनक मानती हूं। हमने ग्राम में जल, स्वच्छता, सड़क, शिक्षा और महिला सशक्ति करण जैसे क्षेत्रों में कई ठोस कदम उठाए हैं। हालांकि, कुछ योजनाएं अभी निर्माणाधीन या प्रक्रियाधीन हैं, जिन्हें बचे हुए 6 महीनों में पूर्ण करने का प्रयास रहेगा। मेरा उद्देश्य है कि यह कार्यकाल सिर्फ कागजों में नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर महसूस किया जाए।

**प्रश्न :** अपने कार्यकाल की मुख्य उपलब्धियों में आप किसे सबसे महत्वपूर्ण मानती हैं?

**उत्तर :** जी, बड़ी उपलब्धि तो वर्ष 2023 में स्वच्छता सर्वेक्षण में हमारी रक्कड़ पंचायत को जिला स्तर पर मिला पुरस्कार है। हमने अपनी पंचायत को कचरा मुक्त बनाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया था। जब योल क्षेत्र का कुछ हिस्सा हमारी पंचायत में मर्ज हुआ, तो वहां कूड़े के बड़े-बड़े ढेर थे। हमने उन्हें हटवाकर वहां लघु वाटिकाएं विकसित कीं, जो आज लोगों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनी हुई हैं। स्वच्छता और हरियाली की दिशा में हमारा सार्थक प्रयास रहा।



रक्कड़ की प्रधान इंदु शर्मा से अनंत ज्ञान की **विशेष बातचीत**

**प्रश्न :** आपको कौन-कौन सी बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा?

**उत्तर :** सबसे बड़ी समस्या पंचायत सचिवों के बार-बार तबादले की रही, जिसकी वजह से कामकाज में निरंतरता नहीं बन पाई। दूसरी बड़ी समस्या यह रही कि तकनीकी सहायकों को एक साथ तीन-तीन या चार-चार पंचायतें दे दी जाती थीं, जिससे वे हर पंचायत में समय नहीं दे पाते थे और विकास कार्यों में रुकावट आती रही।

**प्रश्न :** महिलाओं और युवाओं के लिए कौन सी योजनाएं लागू कीं?

**उत्तर :** महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना मेरी प्राथमिकता रही। इसके लिए मैंने पंचायत में सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाए, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। महिला मंडलों की भागीदारी से स्वच्छता अभियान चलाए गए, जिससे गांव की साफ-सफाई और सामूहिक सहभागिता को बल मिला। मनरेगा के माध्यम से खास तौर पर महिलाओं को रोजगार से जोड़ा गया और जब उनके 90 कार्य दिवस पूरे हुए, तो उन्हें श्रम कल्याण योजना से भी जोड़ा गया। इसके अलावा, 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की। जहां तक युवाओं की बात है, तो उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। समय-समय पर शिविरों का आयोजन कर युवाओं को सरकारी योजनाओं, जैसे कि स्वरोजगार, कौशल विकास आदि से जोड़ा गया।

**पार्क, खेल मैदान और लाइब्रेरी बनाना प्राथमिकता**

बच्चों, विद्यार्थियों और युवाओं के सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता में है। बच्चों के लिए पंचायत में एक पार्क और खेलने के लिए मैदान विकसित करना पहला लक्ष्य है। विद्यार्थियों के लिए एक लाइब्रेरी की स्थापना करना चाहती हूं, जिससे उन्हें पढ़ाई के लिए संसाधन और एक शांत वातावरण मिल सके। साथ ही, युवाओं के लिए एक जिम खोलना भी मेरी प्राथमिकता में है।

**लोग चाहेंगे तो फिर लड़ूंगी चुनाव**

गांव के लोग चाहेंगे और मुझे फिर से सेवा का अवसर देंगे, तो मैं जरूर चुनाव लड़ूंगी। इस बार भी मुझे लोगों के सहयोग और विश्वास से पांच वर्ष तक काम करने का मौका मिला है। आगे भी यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो विकास कार्यों को और गति दी जाएगी और पंचायत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। यह सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है।

**भरोसे और आत्मीयता ने लोगों को जोड़कर रखा**

मैंने हमेशा यह कोशिश की कि मेरा व्यवहार सभी के साथ मधुर और सहयोगात्मक रहे। ग्राम सभाओं में अधिक से अधिक उपस्थिति दर्ज करवाई, ताकि लोग सीधे संवाद कर सकें। मैंने स्वास्थ्य शिविर लगवाए, जिनका लोगों को सीधा लाभ मिला। अहम बात यह रही कि मैंने हर व्यक्ति की समस्या को अपनी समस्या समझा और उसका समाधान प्राथमिकता से किया। इसी भरोसे और आत्मीयता ने लोगों को जोड़कर रखा।

---

### एयरपोर्ट के चारों तरफ अब खुले में नहीं कटेंगे मुर्गे बकरे

**अनंत ज्ञान, गगल।** एयरपोर्ट पर आज विमानक्षेत्र पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक की गई बैठक में जिलाधीश हेमराज बेरवा ने कहा कि आज की बैठक सभी पंचायत के प्रधानों के साथ की गई जिसमें एयरपोर्ट के ऊपर पक्षियों के मंडराने का जो खतरा पैदा हो रहा है जिसका कारण एयरपोर्ट के आसपास खुले में मीट मुर्गे काटने वाली दुकानों में से हो रहा है जिलाधीश ने सभी पंचायत के प्रधानों को इस स्थिति को निपटाने के लिए निर्देश दिए हैं की कोई भी दुकानदार खुले में मीट बकरे नहीं काट सकते अगर कोई उल्लंघन करता है तो उसके लिए एक लाख तक जुर्माने का प्रावधान है और तीन महीने की कैद भी है।

इस अवसर पर फोरलेन के पूछे गए सवाल के जवाब में जिलाधीश ने कहा कि जल्द इसका फैसला जनता के सामने आ जाएगा। एयरपोर्ट के मुआवजे को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में जिलाधीश ने कहा है कि जल्द ही लोगों के खातों में पैसे डाल दिए जाएंगे जिनके अवार्ड घोषित हो चुके हैं उन्हें खातों में पैसे डाल दिए जाएंगे। जिलाधीश ने कहा कि विभागों को मानसून व आपातकालीन निपटने के लिए निर्देश दिए गए हैं ।

---

### प्रमोशन रोकने की हो रही साजिशें : निशांत

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सेकेंड हैंड स्कॉर्पियो को लग्जरी गाड़ी के रूप में प्रचारित करके मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। मेरी प्रमोशन रोकने के लिए मेरे खिलाफ साजिशें रखी जा रही हैं। यह बात ईडी की जांच के घेरे में आए अतिरिक्त ड्रग कंट्रोलर (एडीसी) निशांत सरीन ने कही। उन्होंने कहा कि ईडी की जांच के बाद मेरे खिलाफ बहुत कुछ लिखा गया, लेकिन मेरा पक्ष जानने का प्रयास नहीं किया गया। मेरे परिवार की मासिक आय करीब 4 से 5 लाख है। मेरे पिता ही करीब एक करोड़ की संपत्ति छोड़कर गए हैं। सेकेंड हैंड खरीदी गई गाड़ी को लग्जरी गाड़ी की संज्ञा दी जा रही है, जबकि यह गाड़ी उन्होंने अपने दोस्त की हेल्प करने के लिए खरीदी थी। जिन बैंक खातों का जिक्र किया जा रहा है, वे खाते मेरे पूरे परिवार के हैं।

### डाडासीबा कॉलेज की छात्राओं ने बीकॉम फाइनल में मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

डाडासीबा महाविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है, जब यहां की दो छात्राओं ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी की बी.कॉम फाइनल ईयर की परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि आरुषि ठाकुर ने बी.कॉम फाइनल ईयर की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त



किया है, जबकि आंचल शर्मा ने द्वितीय स्थान हासिल कर कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों में नया आयाम जोड़ा है। प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने दोनों होनहार छात्राओं को उनकी इस उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज स्टाफ, छात्रसंघ और स्थानीय समुदाय ने भी इन छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता जताई है।

### विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए लगाए 12 नए ट्रांसफार्मर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने आज लंज कांग्रेस कमेटी एवं चंगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लंज खास, अप्पर लंज, डडोली, मनेई, भरूपलाहड़, परगोड़, ठेहड़, लपियाना और हारचक्कियां की पंचायतों की जनता की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



लोगों से बातचीत करते हुए केवल सिंह पठानिया।

बैठक के दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र में बिजली, पानी और सड़कों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जा रही है। बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने हेतु क्षेत्र में 12 नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। चंगर क्षेत्र की जनता ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि ढाई वर्षों में पहली बार क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, जिससे वर्षों से चली आ रही बिजली समस्या का समाधान हुआ है।

साथ ही गांवों को जोड़ने हेतु नई सड़कों का निर्माण कार्य भी आरंभ किया गया है। वहीं लंज कांग्रेस कमेटी ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि एसबीआई बैंक खोलना लंज क्षेत्र की सबसे बड़ी मांग थी, जिसे पूरा कर जनता को बड़ी सौगात दी गई है।

### सरकार उद्यमियों को दे रही वित्तीय मदद : ओपी जरयाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर धर्मशाला स्थित डीआरडीए हॉल में जिला उद्योग केंद्र कांगड़ा के महा प्रबंधक ओपी जरयाल की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस एक दिवसीय कार्यशाला में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना के बारे विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर निदेशालय उद्योग, शिमला से प्रधानमंत्री खाद्य उद्यम योजना की टीम जिसमें जतिन बहल और आस्था नेगी शामिल रहे। ओपी जरयाल ने उपस्थित लोगों को स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यशाला में बताया गया कि सरकार न केवल उद्यमियों को वित्तीय मदद दे रही है, बल्कि उन्हें ब्रांडिंग, मार्केटिंग और आधारभूत ढांचा जैसी सुविधाएं भी प्रदान कर रही है तथा उद्यमियों को भारत की अग्रिम पंक्ति में खड़े होने का अवसर मिल रहा है।

इस क्रांतिकारी योजना में भागीदारी अब सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता और औद्योगिक सशक्तिकरण की अनिवार्यता बन चुकी है।

---

**चिंता** धर्मशाल के खनियारा क्षेत्र मे हुई दुर्घटना फतेहपुर के दो परिवारों को दे गया गहरा जख्म

# बाप की जली चिता, तो लापता बेटे का हो रहा है घर में इंतजार

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** कांगड़ा जिले के खनियारा क्षेत्र में हुई घटना में लापता हुए लोगों में से तीन लोग फतेहपुर विधानसभा के गांव नंगल के निवासी थे। जिसमें बाप-बेटा व एक अन्य उसी पंचायत के निवासी हैं जिनमें से वीरवार को एक का शव मिल चुका है, जिसका पोस्टमार्टम के बाद आज शुक्रवार को शव घर पंहुच गया था।

शुक्रवार शाम पैतृक गांव मे अंतिम संस्कार कर दिया गया है। गांव में मातम छाया हुआ है, जबकि अन्य दो लापता युवाओं का पूरा गांव बेसब्री से जिंदा वापस लौटने का इंतजार कर रहे है। शव की पहचान संजय कुमार पुत्र हरबंस सिंह गांव पनजखुड्डा नंगल के रूप मे हुई थी, जबकि इसी पंचायत के निवासी मृतक संजय कुमार का बेटा नितिन कुमार व परमजीत सिंह पुत्र नेक राम गांव खंडोल अभी तक लापता बताए जा रहे हैं। घटना के तीसरे दिन एक शव मिला है, पर अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

राहत एवं बचाव कार्य लगातार युद्धस्तर पर जारी है। घटनास्थल पर राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की दो टुकड़ियां तथा होम गार्ड की एक टीम तैनात है और निरंतर सर्च



ऑपरेशन में जुटी हुई हैं। इस दुखद घटना से आहत हूं। प्रशासन व अन्य टीमें लापता लोगों को ढूंढने मे लगी हुई है।

वहीं, विधायक फतेहपुर एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि मैं खुद इस दुखद घटना पर नजर बनाए हुए हूं। इस घटना में संजय कुमार की मौत का हो गई है। यह एक दुखद घटना है बारिश और तेज बहाव के कारण सर्च अभियान में देरी हो रही है। टीमें लापता लोगों को ढूंढने मे लगी हुई है।

उधर, एसडीएम फतेहपुर, विश्रुत भारती ने कहा कि अभी तक संजय कुमार की दुखद मौत हो गई है आज शव पैतृक गांव पंहुच गया है जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है सरकार की और से 25 हजार की राशी परिवार को तुरंत राहत तौर पर जारी कर दी गई है। यह एक दुखद घटना है। इस नुकसान को भरना मुश्किल है सरकार व प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ है।

नंगल के सरकारी स्कूल में पढ़ाई कर घर की जिम्मेदारी संभालने पिता के साथ परियोजना में काम करने गया था, मगर अचानक आए आपदा में लापता हो गया। घर में पिता की अर्थी पंहुची और श्मशानघाट पर संस्कार हुआ, मगर घर वाले नितिन का इंतजार करते रहे। बाप के दुनिया से जाने के बाद और लापता नितिन के बाद अब परिवार में एक भाई, एक बहन और मां रह गई है।



## न्यूज ब्रीफ

### कल जुब्बल दौरे पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 29 जून को जुब्बल और 30 जून को चौपाल विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान शिक्षा मंत्री कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, खेल आयोजनों में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 29 जून को ग्राम पंचायत बधाल के बौली में सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की समस्याओं को सुनेंगे। 30 जून को शिक्षा मंत्री सुबह 10 बजे चौपाल विधानसभा क्षेत्र के मड़ावग में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे।

### अनुसूचित जाति समाज भाजपा की रीढ़ : चेतन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कोटखाई।** जुब्बल-कोटखाई-नावर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक मोर्चा मंडल अध्यक्ष मोतीलाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने विशेष रूप से शिरकत की। बैठक में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश डोगरा, कोटखाई-नावर मंडल अध्यक्ष सुंदर डोगरा, और जुब्बल मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी मांटा सहित कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बरागटा ने स्पष्ट किया कि अनुसूचित जाति समाज भाजपा की रीढ़ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने इस वर्ग के उत्थान के लिए अभूतपूर्व और प्रभावी योजनाएं लागू की हैं। बरागटा ने इस बात पर जोर दिया कि, 'हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### वॉलीबाल स्पर्धा में चैंबु वॉरियर झाकड़ी विजेता

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रानी रत्न कुमारी मेमोरियल स्पोर्ट्स क्लब नोगली में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के जन्मदिन पर आयोजित तीन दिवसीय %नशा छोड़ो, खेल खेलो' वॉलीबॉल प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। चैंबु वॉरियर झाकड़ी ने पुरुष वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब और 44,444 का नगद इनाम जीता, जबकि मिनी स्विट्ज़रलैंड दरकाली उपविजेता रही। महिला वर्ग में भी मिनी स्विट्ज़रलैंड दरकाली की टीम ने जीत दर्ज की और वीपी स्पोर्ट्स नावर दूसरे स्थान पर रही। इस आयोजन में 25 पुरुष टीमों और 8 महिला टीमों ने भाग लिया, जिसमें उत्तर प्रदेश की एक महिला टीम भी शामिल थी। जिला परिषद सदस्य त्रिलोक भलूनी ने मुख्यातिथि के रूप में विजेताओं को सम्मानित किया।

### संजौली में तपेदिक रोगियों को बांटा फ्री आहार

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** मां श्यामला वेलफेयर सोसायटी के सौजन्य से शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संजौली में 45 तपेदिक रोगियों को पोषक आहार वितरित किया गया। सोसायटी की अध्यक्षा कुसुम सदरेट ने बताया कि संस्था द्वारा टीबी रोग से पीड़ित व्यक्तियों को जनभागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत गोद लिया गया है जिन्हें आगामी 6 महीनों तक पोषक आहार समय-समय पर उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पौष्टिक आहार लेने से रोगियों के शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। आईजीएमसी के क्षयरोग अनुभाग के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अनमोलराज कौंडल ने बताया कि टीबी से पीड़ित रोगियों को सोसायटी द्वारा मुफ्त पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाना एक पुनीत कार्य ही नहीं अपितु पीड़ित व्यक्तियों के प्रति संवेदना और एक सच्ची समाजसेवा भी है। उन्होंने मां श्यामला वेल्फेयर सोसायटी के पदाधिकारियों का इस उपकार के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सीएमओ यशपाल रांटा भी मौजूद रहे।

# पंडोह डैम में बहकर आई सैकड़ों टन लकड़ी की हो जांच : कुलदीप राठौर

## सीएम सुक्खू के वन विभाग पर उन्हीं के एमएलए ने उठाए गंभीर सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सीएम** सुक्खू की अपनी ही सरकार पर कांग्रेस विधायक कुलदीप राठौर ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ठियोग से विधायक राठौर ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह ठीक से काम नहीं कर रहा है, जिसके चलते जंगलों में अवैध कटान धड़ल्ले से जारी है। उन्होंने आगाह किया कि यही अवैध कटान और खनन जैसी गतिविधियां कुल्लू जैसी प्राकृतिक आपदाओं का मुख्य कारण हैं।

शिमला में मीडिया से बात करते हुए विधायक राठौर ने 24 जून को कुल्लू में बादल फटने के बाद पंडोह डैम में सैकड़ों टन लकड़ी के बहकर आने को चिंताजनक बताया। उन्होंने इसकी उच्च-स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। राठौर ने चेताया कि हजारों पेड़ों के इस तरह कटान से न सिर्फ हिमाचल का पर्यटन प्रभावित होगा, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों पर भी बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से इस मामले में सख्ती बरतने का आग्रह किया। राठौर ने आपदाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब हम एक आपदा से उबरने की कोशिश करते हैं, तो दूसरी आ जाती है, जिससे हम दो कदम पीछे चले जाते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2023 में भी पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के निर्वाचन क्षेत्र थुनाग में इसी तरह चोरी छिपे रखी गई सैकड़ों टन लकड़ी बहकर आई थी।

कांग्रेस विधायक ने भावुक होते हुए कहा कि प्रकृति खुद प्रमाण दे रही है कि उसके साथ क्या हो रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हिमाचल अपने सुंदर वातावरण और स्वच्छ हवा के लिए जाना जाता है, जहां पर्यटक प्रकृति की खूबसूरती का आनंद लेने आते हैं। इन जंगलों का खत्म होना वाकई चिंता का विषय है।



### सरकार दिखाए सख्ती

**विधायक** कुलदीप राठौर ने बाढ़ के बाद नदी किनारे बार-बार मकान बनाने की प्रवृत्ति पर भी सवाल उठाए और सरकार से इस पर भी सख्ती दिखाने को कहा। ताकि, आने वाले समय में इस तरह की पुनर्वृत्ति न हो।

### वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

**गौरतलब** है कि 24 जून को कुल्लू जिले में चार स्थानों पर बादल फटने के बाद सैकड़ों टन लकड़ी नदी-नालों के तेज बहाव के साथ पंडोह तक पहुंच गई थी। हिमाचल में पेड़ों के कटान पर प्रतिबंध है, ऐसे में इतनी बड़ी मात्रा में लकड़ी का मिलना वन विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। इस घटना के बाद से सोशल मीडिया पर भी वन विभाग की कड़ी आलोचना हो रही है।

### आवारा कुत्तों के आतंक पर समाजसेवी का अल्टीमेटम

## भाटिया ने 12 से महापौर कार्यालय के बाहर अनशन की दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**राजधानी** शिमला में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिससे शहरवासी लगातार परेशान हैं। कुत्तों द्वारा आए दिन लोगों को काटने की घटनाओं में वृद्धि के बाद अब एक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता कर्म चंद भाटिया ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाटिया ने कड़ी चेतावनी दी है कि यदि 12 जुलाई से पहले शिमला शहरी क्षेत्र में आवारा कुत्तों के बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने और उचित व्यवस्था करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे नगर निगम महापौर कार्यालय के बाहर अनशन पर बैठ जाएंगे।



शिमला के विभिन्न इलाकों से लगातार कुत्तों के काटने की खबरें आ रही हैं, जिससे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में भय का माहौल है। सुबह और शाम के समय टहलने वालों के लिए यह एक बड़ी चुनौती बन गया है। खासकर भीड़भाड़ वाले इलाकों और आवासीय क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का झुंड अक्सर लोगों पर हमला कर देता है, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। इन घटनाओं के कारण लोगों में नगर निगम के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है।

समाजसेवी कर्म चंद भाटिया ने आरोप लगाया है कि नगर निगम आवारा कुत्तों की समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में न तो कुत्तों की नसबंदी का अभियान प्रभावी ढंग से चल रहा है और न ही उनके लिए उचित आश्रय स्थलों की व्यवस्था की जा रही है। भाटिया ने स्पष्ट किया है कि वे 12 जुलाई तक का समय नगर निगम को दे रहे हैं। यदि इस समय-सीमा के भीतर आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए कोई प्रभावी योजना लागू नहीं की जाती या उचित व्यवस्था नहीं की जाती, तो वे बिना किसी हिचकिचाहट के महापौर कार्यालय के बाहर अनशन शुरू कर देंगे।

# नशा मुक्ति दिवस पर चियोग के विद्यार्थियों ने की सीएम से भेंट



सचिवालय के सभागार में सीएम सुक्खू से भेंट करते चियोग स्कूल के बच्चे।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

**अनंतरराष्ट्रीय** नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य पर राजकीय वरिष्ठ उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला चियोग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 14 विद्यार्थियों ने सचिवालय के सभागार में सीएम सुक्खू से भेंट की। स्कूली बच्चे पहली बार सीएम से मिलकर बहुत की प्रसन्नचित थे। एनएसएस प्रभारी विजय लक्ष्मी ने बताया कि मानव कल्याण सेवा समिति के निदेशक केशव राम लोथटा के सौजन्य से चियोग स्कूल के विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री से भेंट करने का अवसर प्राप्त हुआ। जिससे बच्चों का मनोबल बढ़ने के साथ-साथ उन्हें आगे आने की प्रेरणा भी मिली। उन्होने बताया कि सचिवालय में नशा मुक्ति पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नशे को दूर करने के लिए शपथ ग्रहण की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव और अपने जीवन में किसी प्रकार के मादक पदार्थों के नशे से दूर रहने की सलाह दी।

### लोअर बाजार में खुदाई पर भिड़े पार्षद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला नगर निगम सदन शुक्रवार को उस वक्त रणभूमि में तब्दील हो गया, जब लोअर बाजार सड़क की खुदाई का मुद्दा गरमा गया। कांग्रेस के पार्षद इस मामले पर आपस में ही भिड़ गए, जिससे सदन का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया। हंगामे की शुरुआत एक महिला पार्षद द्वारा मनोनीत पार्षद पर अभद्र व्यवहार के गंभीर आरोप लगाने से हुई, जिसने बहस को व्यक्तिगत और तीखी बना दिया।

महिला पार्षद के साथ भाजपा पार्षद भी मनोनीत पार्षद से तत्काल माफी मांगने की मांग पर अड़े रहे। इस आरोप-प्रत्यारोप और हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही काफी देर तक बाधित रही। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि मेयर सुरेंद्र चौहान को आखिरकार पार्षदों के आगे हाथ जोड़कर शांति की अपील करनी पड़ी, जिसके बाद ही मामला शांत हो सका।

# एकल व समूह नृत्य पेश कर लूटी वाहवाही

## एसडीएवी समूह की तीन दिवसीय सांस्कृतिक व खेल प्रतियोगिता संपन्न

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** एसडीएवी स्कूल समूह द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता में एसडीएवी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रोहड़ू, एसडीएवी स्कूल पुजारली-चार व एसडीएवी स्कूल टिक्कर के 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में अशोक नामटा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। विद्यालय के अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य मेहमानों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इन तीन दिनों में कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, कैरम, शतरंज, क्विज, भाषण प्रतियोगिता, एकल गान, एकल नृत्य, समूह गान, नाटिका, पेंटिंग, लेख व मॉडलिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

समापन समारोह में विशेष रूप से मॉडलिंग, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, एकल नृत्य और समूह नृत्य का आयोजन किया गया। जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।



मुख्यातिथि अशोक नामटा के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किए छात्र।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बच्चों को उनकी शानदार प्रस्तुतियों व खेल भावना के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में और अधिक मेहनत करने एवं पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर एसडीएवी स्कूल टिक्कर के प्रधानाचार्य बृजमोहन वर्मा, एसडीएवी स्कूल पुजारली-चार के प्रधानाचार्य नरेश बगलाट, पीटीए अध्यक्ष कपिल रमोल्टा व पीटीए के अन्य सदस्य और विद्यालय के सभी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि अशोक नामटा ने तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। इस प्रतियोगिता से विभिन्न परिणाम सामने आए, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया।

### सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में जिला प्रशासन की नई पहल

# पूर्णत: सुरक्षा बीमा युक्त बनेगा बिलासपुर जिला

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिला प्रशासन सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। जिला मुख्यालय के बचत भवन में आयोजित एक अहम बैठक में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने घोषणा की कि बिलासपुर जिला को बनाया जाएगा पूर्णत: सुरक्षा बीमा युक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा।

प्रशासन ने प्रत्येक विकास खंड से एक-एक पंचायत को 'पूर्ण सुरक्षा बीमा कवरेज पंचायत' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र से ऐसी पंचायत का चयन करें, जहां केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं को शत-प्रतिशत लागू किया जा सके। ये चयनित पंचायतें भविष्य में जिले की अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगी और सामाजिक सुरक्षा कवरेज को जिला स्तर पर सुदृढ़ करने का आधार तैयार करेंगी।



उन्होंने बताया कि यह मॉडल पूरे प्रदेश के लिए एक उदाहरण बनेगा और बिलासपुर को सामाजिक सुरक्षा बीमा के क्षेत्र में एक अग्रणी जिला के रूप में स्थापित करेगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आगामी बैठकों में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और सामान्य नागरिकों के लिए तीन प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना शामिल हैं।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक केवल 20 रूपए वार्षिक प्रीमियम पर शामिल हो सकते हैं, जिसमें दुर्घटना से मृत्यु या पूर्ण विकलांगता पर 2 लाख तथा आंशिक विकलांगता पर 1 लाख की बीमा राशि मिलती है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष तक के लोग 330 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर पंजीकृत होकर 2 लाख की बीमा सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

वहीं, अटल पेंशन योजना के तहत 18 से 40 वर्ष तक के नागरिक मासिक अंशदान के माध्यम से शामिल होकर 60 वर्ष की आयु के बाद 1000 से 5000 रुपए तक की मासिक पेंशन प्राप्त कर सकते हैं।

### जागरूकता अभियान में लोगों को दी जाएगी जानकारी

**उपायुक्त** ने कहा कि इन योजनाओं के लाभ को पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन समन्वित प्रयास कर रहा है। साथ ही राज्य सरकार की अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाएं भी इस मॉडल के अंतर्गत शामिल की जाएंगी, जिससे पंचायत स्तर पर सुरक्षा कवरेज का एक संपूर्ण तंत्र स्थापित किया जा सके। कई बार बीमा योजनाओं की जानकारी के अभाव में लोग योजना से वंचित रह जाते हैं और किसी आपातकालीन स्थिति में उन्हें कर्ज लेने की नौबत आती है, जिससे पूरा परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। प्रशासन की यह पहल लोगों को भविष्य की अनिश्चितताओं से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी। जागरूकता अभियान के माध्यम से इन योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए उपायुक्त ने लीड बैंक को भी विशेष निर्देश जारी किए हैं।

# शराब का ठेका खोलने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं उपमंडल की ग्राम पंचायत कोठी के अंतर्गत आने वाले गांव सोई में खोले गए शराब के ठेके के विरोध में शुक्रवार को समस्त ग्रामवासी एकजुट होकर सड़कों पर उतर आए। गांव के युवक मंडल, महिला मंडल तथा अन्य सामाजिक संगठनों ने ठेके के बाहर धरना प्रदर्शन कर प्रशासन व ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि आगामी दो दिनों के भीतर यह ठेका बंद नहीं किया गया, तो वे अनशन पर बैठेंगे और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक ठेका पूरी तरह से बंद नहीं किया जाता। गांव की महिला मंडल प्रधान शकुंतला देवी ने बताया कि बीते दो दिनों में उपमंडल अधिकारी घुमारवीं को लिखित ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके पश्चात ग्रामीणों ने तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी से मुलाकात कर ठेके को बंद करवाने की मांग रखी। प्रधान के अनुसार, मंत्री ने मौके पर ही एसडीएम घुमारवीं को फोन कर निर्देश दिए कि यदि गांववासी विरोध कर रहे हैं तो ठेका तुरंत बंद करवाया जाए, अन्यथा मंत्री स्वयं धरने पर बैठेंगे और इसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

प्रदर्शन के दौरान गांव की महिलाओं ने भी जमकर विरोध दर्ज करवाया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि गांववासियों ने उस मकान मालिक को भी चेताया, जिसने यह दुकान ठेके के लिए किराए पर दी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि मकान मालिक ने दुकान खाली नहीं करवाई, तो गांव उसका पूर्ण रूप से सामाजिक बहिष्कार करेगा।


वहीं एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने बताया कि मामला ध्यान में आया है। एक्साइज विभाग के अधिकारियों से बात की गई है उन्हें बुलाया गया है। इस मामले में उनसे बातें की जाएगी। सोमवार तक मामला सुलझा लिया जाएगा।

### आईएएस विवेक चंदेल को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** प्रदेश के प्रमुख सामाजिक संस्थाएं लाडली फाउंडेशन, हेल्पिंग हैंड्स एवं हिमाचल रेनबो स्टार क्लब ने संयुक्त रूप से आईएएस विवेक चंदेल को जिला बिलासपुर का नाम रोशन करने हेतु सम्मानित किया। गौरतलब है कि लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में आयोजित 127वें प्रवेशकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित केस स्टडी लेखन प्रतियोगिता में बिलासपुर से संबंध रखने वाले विवेक चंदेल को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बेस्ट प्रोफॉर्मर के सम्मान से नवाजा था। इसी कड़ी में लाडली फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष नीलम सुद, हेल्पिंग हैंड की महासचिव प्रीति भाटिया, उपाध्यक्ष चंपा देवी एवं हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के संस्थापक अध्यक्ष इशान अख्तर ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बेस्ट प्रोफॉर्मर के सम्मान से नवाजे जाने पर मत्स्य निदेशक आईएएस विवेक चंदेल को लाडली फाउंडेशन, हेल्पिंग हैंड्स एवं हिमाचल रेनबो स्टार क्लब ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के संस्थापक अध्यक्ष इशान अख्तर ने कहा कि विवेक चंदेल हमेशा जनहित में कार्य करने के लिए हमेशा कटिबंध रहते हैं। प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी जनहित योजनाओं एवं सुविधाओं को जमीनी स्तर पर लोगों को मुहैया करवा रहे हैं। इस मौके पर नगर परिषद बिलासपुर के नगर पार्षद, ज्योति देवी, समाज सेविका चंपा, आशा, सरला, तमन्ना एवं रामपाल इत्यादि मौजूद रहे।

### खुशी ने आईआईएम अहमदाबाद में पाया स्थान



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला की होनहार बेटी खुशी मट्टू ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत, समर्पण और लक्ष्य के प्रति अडिग निष्ठा से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। खुशी मट्टू ने देश के सबसे प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों में से एक भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद में एमबीए पाठ्यक्रम में दाखिला प्राप्त कर बिलासपुर और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। खुशी मट्टू ने वर्ष 2025 में आयोजित कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) में शानदार 99.8 प्रतिशत हासिल कर देशभर के टॉप रैंकर्स की सूची में अपना स्थानसुनिश्चित किया। फिलहाल खुशी मट्टू सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई और नौकरी के साथ कैट की तैयारी कर यह गौरव हासिल किया है। खुशी एक शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले परिवार से आती हैं। उनके दादा स्वर्गीय एमके मट्टू बिलासपुर के राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य के पद पर कार्यरत रहे। उनके माता-पिता आरती और मयंक मट्टू ने हमेशा उन्हें शिक्षा और अनुशासन की ओर प्रेरित किया। खुशी मट्टू ने कहा कि उनकी सफलता का श्रेय उनके परिवार, शिक्षकों और आत्मविश्वास को जाता है। मेरे दादा की शैक्षणिक विरासत आज भी मुझे प्रेरित करती है। मेरा मानना है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। उन्होंने कहा कि बिलासपुर की इस बेटी की सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। युवाओं के लिए खुशी मट्टू एक प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरी हैं, जो यह दिखाती हैं कि छोटे शहरों से निकलकर सपने पूरे किए जा सकते हैं।

# जिले की 24 पंचायतें आदर्श ग्राम घोषित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

- जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक आयोजित
- पंचायत बल्हसीणा को भी शीघ्र मिलेगा दर्जा

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत बिलासपुर जिले में चयनित 25 पंचायतों की प्रगति की समीक्षा के लिए आज जिला मुख्यालय के बचत भवन में जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने की, जिसमें चयनित पंचायतों के प्रधानों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त राहुल ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य चयनित ग्राम पंचायतों में बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में सुधार लाना है। इसके लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़कें एवं आवास, विद्युत एवं स्वच्छ ईंधन, कृषि प्रणाली, वित्तीय समावेशन, डिजिटलीकरण, और जीवन-यापन एवं कौशल विकास से संबंधित 50 निगरानी योग्य संकेतकों पर कार्य




किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि योजना के तहत अब तक लगभग 5 करोड़ की राशि विभिन्न पंचायतों को जारी की जा चुकी है, जिसका उपयोग विभिन्न विभागों की योजनाओं के समेकन के माध्यम से किया जा रहा है। जिले की 25 में से 24 पंचायतों को आदर्श ग्राम घोषित किया जा चुका है, और शेष एक पंचायत बल्हसीणा को भी शीघ्र ही यह दर्जा प्रदान किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पंचायतों में चल रहे कार्यों को समय पर करें पूरा

**उपायुक्त** ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि चयनित पंचायतों में चल रहे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सितंबर 2025 तक पूर्ण किया जाए, ताकि योजना के लक्ष्य समयबद्ध तरीके से प्राप्त हो सकें। इसके अतिरिक्त, खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों से पांच-पांच अतिरिक्त पंचायतों का चयन कर उन्हें भी इस योजना के तहत विकसित करने के निर्देश दिए गए। योजना के तहत शामिल पंचायतों में बिनौला, बल्ह बलवाणा, भोली, निचली भटेड़, दयोली, नौणी, हरनोडा, कोठीपुरा, ओयल, बकरोआ, हम्बोट, कोठी, पनोह, पट्टा, तीयूं खास, बाला, बल्हसीणा, बेहना जट्टा, डुडियां, पपलोआ, कोसरियां, झंडूत्ता, और ग्वालथाई शामिल हैं।

**बदलाव** जुलाई की ग्रामसभा में होगा निर्णय, अधिसूचना की जारी

# पंचायतों में वसूला जाएगा स्वच्छता कर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले की सभी पंचायतों में अब स्वच्छता कर वसूला जाएगा। इसके लिए सरकार एवं संबंधित विभाग द्वारा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 13, धारा 15 तथा धारा 100 के अंतर्गत 7 मई, 2025 को अधिसूचना जारी कर दी गई है।

आगामी जुलाई माह में आयोजित होने वाली ग्रामसभा में स्वच्छता कर की दरों को अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा। यह कर गृह कर के साथ प्रतिमाह अदा करना अनिवार्य होगा।

जिला विकास अधिकारी यश पाल सिंह परमार ने कहा कि 1 जनवरी, 2025 के अनुसार विभिन्न व्यवसायिक इकाइयों व संस्थानों के लिए अलग-अलग मासिक स्वच्छता कर निर्धारित किया गया है। पंचायतें समय-समय पर इन दरों में बदलाव कर सकेंगी। स्वच्छता कर न देने वालों को

### किन पर कितनी लगेगी मासिक दर

**कॉफी** हाउस और शॉप के लिए 200 रुपए, प्रोविजनल स्टोर, डेली नीड्स शॉप, पान व चाय की दुकान के लिए 100 रुपए, छोटे फल-सब्जी विक्रेताओं के लिए 100 रुपए और बड़े विक्रेताओं के लिए 500 रुपए तय किए गए हैं। पांच कमरों तक के ऑफिस पर 100 और उससे बड़े ऑफिस पर 250 रुपए, बैंक पर 1000 रुपए, निजी स्कूल पर 200, बेकरी पर 200 से 500, पीजी हॉस्टल पर 200 से 500, धर्मशाला पर 200, फैक्टरी पर 1000, टायर पंक्चर व रिपेयर शॉप पर 100 रुपए मासिक कर लगाया जाएगा। वहीं, ढाबा, स्वीट शॉप, रेस्तरां, सिनेमा हॉल, निजी कॉलेज, अस्पताल आदि पर 1000 रुपए तक कर तय किया गया है। निजी क्लीनिक के लिए यह दर 150 रुपए प्रति माह रखी गई है।

- पंचायतें समय-समय पर इन दरों में कर सकेंगी बदलाव

विद्युत, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं से वंचित किया जा सकता है। पंचायतों को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और उसके निष्पादन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के लिए विशेष ऐप के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सभी पंचायतों से सहयोग की अपील करते हुए स्वच्छता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया है।

### पर्यटन विकास निगम ने लगाए 50 पौधे

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने पौधरोपण अभियान में अपना योगदान दिया है। निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. राजीव कुमार के दिशा निर्देश होटल लेक व्यू बिलासपुर से कार्यकारी मैनेजर तुलसी राम ठाकुर ने अपने होटल के कर्मचारियों के साथ में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा है कि बरसात का मौसम में हमें अपने हरित आवरण को बढ़ाने और पर्यावरण में सकारात्मक योगदान देने का एक आदर्श अवसर देता है। इसी कड़ी में होटल लेक व्यू बिलासपुर, होटल हिलटॉप स्वारघाट, कैफे निहाल, कैफे औहर के परिसर में लगभग 50 पौधे लगाए गए। इस मौके पर होटल हिलटॉप स्वारघाट, कैफे निहाल के सभी होटल एवं कैफे बिलासपुर के पर्यटन विकास निगम के कर्मचारी मौजूद रहे।



# दड़ोग में ढाबे में भड़की आग



अनंत ज्ञान, धरवाला

**शुक्रवार** को धरवाला के गांव दड़ोग में ढाबे में आग लगने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि ढाबा संचालक पुनू राम (44) पुत्र ज्ञानु पुत्र जानू रोज की तरह अपने ढाबे में काम कर रहे थे, तभी अचानक आग भड़क उठी और कुछ ही पलों में उसने विकराल रूप ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि ढाबे के साथ-साथ तीन मंजिला मकान की पहली मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग को बुझाने के प्रयास में पुनू राम गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा लाया गया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। अनुमान है कि वह लगभग 20 से 30 प्रतिशत तक जल चुके हैं।

**3 मंजिला मकान की एक मंजिल भी आई चपेट में**

ढाबे की मालकिन ममता देवी (पत्नी पुनू राम) ने बताया कि आग की चपेट में आकर ढाबे में रखा कीमती सामान, रसोई की वस्तुएं, फर्नीचर, गैस सिलेंडर और अन्य घरेलू सामग्री जलकर राख हो गई है। कुल नुकसान करीब 5 लाख से अधिक रुपए तक आंका जा रहा है। अग्निशमन विभाग को सुबह 10:45 बजे घटना की सूचना दी गई, जिस पर 10:46 बजे फायर ब्रिगेड की टीम रवाना हुई। घटनास्थल तक की दूरी करीब 28 किलोमीटर थी, और फायर ब्रिगेड को मौके पर पहुंचने में लगभग एक घंटा लगा। आग बुझाने के बाद दमकल वाहन दोपहर 2:10 बजे वापस चंबा लौट आया। आग लगने का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, हालांकि प्राथमिक दृष्टि में शॉर्ट सर्किट या किसी तकनीकी खामी की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन द्वारा इस घटना की जांच की जा रही है।

## कनिष्ठ अभियंता नवीन शर्मा की संदिग्ध मौत पर गरमाया मामला

# जलशक्ति विभाग के जेई बोले- नहीं मिला न्याय तो ठप करेंगे जल आपूर्ति

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेई) नवीन शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने प्रदेशभर के इंजीनियरों को झकझोर कर रख दिया है। प्रदेश जूनियर इंजीनियर्स एसोसिएशन (जलशक्ति विभाग) ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री को मोमेरैंडम श्रू डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल लिखकर गहरी चिंता जताई है और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

एसोसिएशन का कहना है कि प्रदेश के सैकड़ों कनिष्ठ अभियंता बेहद दुर्गम क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। जहां उन्हें बर्फीली चोटियों, गहरे जंगलों, नदियों और खतरनाक रास्तों को पार करते हुए लोगों तक पेयजल पहुंचाना होता है। इस चुनौतीपूर्ण कार्य के बीच कई बार उन्हें समाज के असामाजिक तत्वों से भी जूझना पड़ता है। नवीन शर्मा की रहस्यमयी मौत इस बात का प्रमाण है कि जई न केवल भौगोलिक कठिनाइयों से, बल्कि सामाजिक दुश्मनी और खतरे से भी जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस स्थान पर नवीन शर्मा तैनात थे, वहां यह स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि यह मामला आत्महत्या का नहीं बल्कि हत्या का हो सकता है। इसी संदर्भ में एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस घटना की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए और यदि किसी भी दोषी की भूमिका पाई जाती है तो उसे सख्त से सख्त सजा दी जाए।



डीसी चंबा रेपसवाल को प्रदेश जूनियर इंजीनियर्स एसोसिएशन के सदस्य ज्ञापन सौंपते हुए।

एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में शीघ्र और न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेशभर के सभी कनिष्ठ अभियंता जल आपूर्ति सेवाएं ठप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं।

एसोसिएशन के अध्यक्ष ने पत्र के अंत में लिखा, 'हम मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से अपील करते हैं कि इस संवेदनशील विषय को गंभीरता से लें और दिवंगत जई नवीन शर्मा को न्याय दिलाएं, ताकि राज्य के अन्य अभियंताओं का मनोबल बना रहे और उन्हें सुरक्षा का विश्वास मिले।'

# झूलाखड़ी में शीर्ष 10 सीएससी वीएलई को किया सम्मानित



डिजिटल इंडिया मॉडल सीएससी कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम स्तर के उद्यमी (वीएलई)।

हाशू शेख, अनंत ज्ञान

**चंबा।** भारत सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को झूलाखड़ी में 'डिजिटल इंडिया मॉडल कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) कार्यक्रम' तथा जिला स्तरीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंबा जिला के सैकड़ों वीएलई (ग्राम स्तर उद्यमी) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के सीएससी राज्य प्रमुख अशोक चौहान ने की, जबकि जिला प्रमुख विकास ने कार्यक्रम के संचालन एवं समन्वयन की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमंडलीय अधिकारी (एसी) चंबा ने विशेष रूप से शिरकत की। इस अवसर पर जिले के शीर्ष 10 सीएससी वीएलई को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, सेवा विस्तार तथा आम जनता को तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सीएससी के माध्यम से चल रही डिजिटल सेवाओं को अधिक प्रभावशाली बनाना, वीएलई समुदाय को नई दिशा देना एवं डिजिटल इंडिया मिशन को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

# आधार कार्ड न बनने से नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ



गुज्जर समाज कल्याण सभा चंबा की बैठक में समुदाय की समस्याओं पर चर्चा करते हुए।

अनंत ज्ञान, चंबा

**गुज्जर** समाज कल्याण सभा, जिला चंबा की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को सभा अध्यक्ष गुलाम रसूल गामा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज के अनेक प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया और गुज्जर समुदाय को दरपेश विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में यह बात प्रमुख रूप से उठाई गई कि समाज के युवाओं को रोजगार न मिल पाने, आधार कार्ड न बनने, Grazzing परमिट की प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों और सरकारी योजनाओं का समय पर लाभ न मिल पाने जैसी कई समस्याएं समुदाय को लगातार प्रभावित कर रही हैं। सभा में वक्ताओं ने यह भी कहा कि आज भी समाज को अपनी ही सरकार में उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है। कई लोगों ने दुख जताते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा समुदाय की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है, जिससे असंतोष की भावना बढ़ रही है।

सभा अध्यक्ष गुलाम रसूल गामा ने बैठक में आश्वस्त किया कि इन सभी मुद्दों को सदर चम्बा विधायक नीरज नैयर के माध्यम से प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि विधायक महोदय को पूर्व में भी इन समस्याओं से अवगत करवाया गया है, और उन्होंने कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया है। आगे भी मिलकर सामूहिक प्रयासों से शेष समस्याओं का समाधान ढूंढा जाएगा।

# शिक्षण गतिविधियों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में एफएलएन (बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता) गणित टीएलएम किट पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संपर्क संस्था के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सुरत राम द्वारा की गई।

कार्यशाला के दौरान राज्य समन्वयक डॉ. मंजुला मैम, डाईट मीडिया समन्वयक डाक्टर कविता बिजलवान व उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा बलवीर सिंह एवं उनकी टीम ने उपस्थित होकर शिक्षण गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी, उत्साह, और रचनात्मकता की सराहना की। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को एफएलएन गणित की मूलभूत अवधारणाओं को सरल, प्रभावशाली और गतिविधि-आधारित शिक्षण विधियों के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने हेतु प्रशिक्षित करना था। संपर्क संस्था द्वारा सभी प्राथमिक विद्यालयों को प्रदान की गई। किट की सहायता से विषयवस्तु को रोचक और सहज बनाया जा सकता है। संपर्क संस्था के रिसोर्स पर्सन सुलभ मिश्रा एवं ममता वर्मा द्वारा शिक्षकों को रूकिट के सही उपयोग, शैक्षिक अनुक्रम एवं कक्षा-कक्ष की गतिविधियों में समावेशन पर गहन व व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने यह भी समझाया कि किस प्रकार बच्चे खेल-खेल में गणितीय अवधारणाओं को आसानी से समझ सकते हैं।

# 'नई शिक्षा नीति' पर आधारित गीत का विमोचन

## पायलट प्रोजेक्ट के तहत एंडलाइन असेसमेंट पर जिला टास्क फोर्स की बैठक

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला में पायलट प्रोजेक्ट के एंडलाइन एसेसमेंट को लेकर जिला टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा बलवीर सिंह ने की व उपनिदेशक उच्च शिक्षा भाग सिंह भी उपस्थित हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत विशेष कार्य अधिकारी उमाकांत आनंद द्वारा एंडलाइन असेसमेंट की रूपरेखा और इससे जुड़ी आवश्यक गाइडलाइंस साझा करते हुए हुई। बैठक के दौरान एंडलाइन असेसमेंट की प्रक्रिया को कारगर बनाने और बच्चों की समझ का सटीक आंकलन ब्लू प्रिंट तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। इसी बीच कार्यक्रम में डॉ. मंजुला शर्मा राज्य निपुण व केजीबीवी समन्वयक और डॉ. कविता बिजलवान जिला मीडिया समन्वयक भी शामिल हुईं, जिन्होंने शिक्षकों और अधिकारियों के साथ विचार साझा किए और जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उपयोगी सुझाव दिए।



नई शिक्षा नीति पर आधारित विशेष वीडियो गीत का विमोचन करते हुए।

इसी मौके पर नई शिक्षा नीति पर आधारित विशेष वीडियो गीत 'नई शिक्षा नीति' का विमोचन किया गया, जिसे युद्धवीर टंडन द्वारा लिखा और किरण कुमार वशिष्ट द्वारा अभिकल्पित किया गया। गीत ने नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को सरल और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को प्रभावित किया।

बैठक में जिला प्रशिक्षण संस्थान से अतुल महाजन, इमरान खान, ओंकार वर्मा, अंजलि नेगी, प्रथम संस्था से मुकेश, संदीप, उमेश कुमारी तथा जिला टास्क फोर्स के सदस्य दीप्ति ठाकुर, शाम कुमार, पवन कुमार, राकेश ठाकुर, इंदिरा भूषण, बालम सिंह, जीवन बाला, शिखा ढल, तस्लीम शेख और उपनिदेशक कार्यालय से अभिषेक उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एंडलाइन असेसमेंट पायलट प्रोजेक्ट को सफल बनाने और नई शिक्षा नीति के संदेश को व्यापक रूप से प्रसारित करने का संकल्प लिया।

# होमस्टे की नई गाइड लाइन का विरोध

**अनंत ज्ञान, चंबा।** रेणु शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें चम्बा जिला के होमस्टे के मालिकों ने भाग लिया। इस बैठक में होमस्टे मालिकों ने सरकार द्वारा जारी होमस्टे की नई गाइड लाइन का विरोध किया जहां होमस्टे की पंजीकरण फीस 100 रुपए 5 साल के लिए हुआ करती थी वो केटेगिरी कर के 3000 से 18000 1 साल के लिए कर दिया । जिससे बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिले थे वो आज इतनी फीस बढ़ाने से होमस्टे मालिकों के लिए समस्या उत्पन्न हो गई है और कुछ तो होमस्टे मालिक पंजीकरण रद करवाने के लिए आवेदन कर रहे हैं इसी मुद्दे को ले कर चम्बा जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा से मुलाकात की और उन्हें अपनी समस्याओं से रूबरू करवाया। हमारी सरकार से ये गुजारिश है कि चम्बा जिले को बाकी जिलों के साथ तुलना ना करें और हमारी जो मांग है उसको पूरा करें और जो होमस्टे पुरानी नीति थी उसी को लागू किया जाए।

# खड्ड में आई बाढ़ में बहे युवक का तागी गांव में हुआ अंतिम संस्कार

ओपी शर्मा, भरमौर

**भरमौर** विधानसभा क्षेत्र की सुनारा पंचायत के गांव तागी निवासी 19 वर्षीय युवक आदित्य ठाकुर पुत्र शिव कुमार की खनियारा (धर्मशाला) स्थित मनूणी खड्ड में आई अचानक बाढ़ की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। युवक का पार्थिव शरीर शुक्रवार की सुबह करीब 5 बजे गांव तागी पहुंचा, जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया।



मृतक आदित्य ठाकुर की फाइल फोटो।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदित्य ठाकुर सोमवार को धर्मशाला के खनियारा क्षेत्र में एक पनबिजली परियोजना (पॉवर प्रोजेक्ट) में कार्य करने के लिए गया था। मंगलवार को उसने वहां दिहाड़ी पर काम किया और बुधवार को काम के दौरान अचानक आई बाढ़ की चपेट में आ गया। तेज बहाव के कारण वह पानी में बह गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

आदित्य एक गरीब परिवार से संबंध रखता था और परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए नौकरी की तलाश में बाहर गया था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# डंगे ढहने से पंडोह-गोहर सड़क के बंद होने का खतरा

बालक राम, अनंत ज्ञान

- वीरवार रात को हुई बारिश से धडोल सड़क के डंगे गिरे
- रातभर बिजली गुल होने से लोग रहे परेशान

**पंडोह।** बरसात की पहली बारिश ने वीरवार रात पंडोह क्षेत्र में तबाही मचाई है। आसमानी बिजली की चमक और बादलों की गर्जना ने सबके रोंगटे खड़े कर दिए। रात 1.30 बजे से सुबह तीन बजे तक जोरदार बारिश ने जहां खेत खलिहानों को तालाब में तबदील कर दिया, वहीं मक्की की फसल भी बिस्तर बन गई। खेतों और ग्रामीण सड़कों के डंगे गिरने से सड़कें बाधित हो गई।

पंडोह-गोहर सड़क ज्यूणी रोड में राजेश शर्मा के घर के पास लोक निर्माण विभाग का डगा गिरने से राजेश के घर में कीचड़ और पानी भर गया। सड़क बंद होने का खतरा बना हुआ है, जबकि जरल सकरैणी धडोल सड़क के दो डंगे भी गिर गए। धडोल गांव की लीला देवी के आंगन में नाली का पानी भर जाने से उनके घर को खतरा बन गया है। बथली गांव के लाल सिंह के घर में जट नाली का पानी भर जाने से उनके घर के आगे वाला डंगा भी जमींदोज हो गया। पंचायत के उप प्रधान पावन ठाकुर ने बताया कि इस वर्षा ने पंडोह में तबाही की दस्तक दे दी है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।



पंडोह में भारी बारिश होने के चलते घर में आया पानी।

# दोनों सरकारों ने अर्थिक संकट की तरफ धकेला प्रदेश : सोनू

अनंत ज्ञान, चंबा

**आम** आदमी पार्टी के ज़िला अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने बयान को जारी करते हुए कहा कि निरंतर कांग्रेस-बीजेपी दोनों सरकारों ने प्रदेश को कर्ज के बोझ के नीचे दबाने का काम किया है और प्रदेश को आर्थिक संकट की तरफ धकेल दिया है।



प्रदेश सरकार 1200 रुपए करोड़ का नया ऋण लेने की तैयारी कर चुकी है जिसमें केवल 2025-26 के वित्तीय वर्ष में 4200 करोड़ का कर्जा लेने का नया रिकॉर्ड स्थापित हो रहा है और प्रदेश पर कुल कर्जे का बोझ लगभग 99075 करोड़ से ज्यादा पहुंच जाएगा। कांग्रेस-बीजेपी की भ्रष्टाचार, मित्रबांट और परिवारवाद राजनीति तथा वित्तीय कुप्रबंधन की नियत व नीति ने प्रदेश को कंगाली की स्थिति पर ला खड़ा कर दिया है।

वर्तमान में मासिक तौर पर लगभग 500 करोड़ केवल पुराने कर्जे को चुकाने के ब्याज के रूप में तथा लगभग 300 करोड़ मुख्य मूलधन को चुकाने में जा रहा है। एक वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार 100 में से मात्र 24 रुपए ही हैं जिनसे विकास कार्यों में आबंटन हो पाता है। आत्म निर्भर बनाने वाले व्यवस्था परिवर्तन वाली कांग्रेस सरकार ने आज हिमाचल को कर्ज निर्भर बनाने की योजना पर ला खड़ा कर दिया है।

### सूडोकू नवताल- 7474

★✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7473 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# प्रशासन सख्त, कंपनी ने पानी की निकासी का कार्य किया तेज

अनंत ज्ञान, धर्मपुर

**धर्मपुर** विधानसभा क्षेत्र में एनएच चौड़ीकरण के तहत पाड़छु खड्ड में बन रहे पुल निर्माण में घोर लापरवाही सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। कंपनी द्वारा खड्ड के बहाव को रोककर हजारों टन मिट्टी से की गई शटरिंग के चलते भारी बारिश में क्षेत्र में झील बन गई, जिससे गासिया माता मंदिर, संराय और मोक्षधाम पूरी तरह जलमग्न हो गए। स्थानीय लोगों में भारी रोष पनप गया और कंपनी प्रबंधन का कड़ा विरोध किया गया। घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया और कंपनी को सात दिनों के भीतर अवैध रूप से डंप की गई मिट्टी हटाने के निर्देश दिए गए। अब कंपनी ने कार्य में तेजी लाते हुए तीन से चार पोकलेन मशीनों से मिट्टी हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है।

एसडीएम धर्मपुर जोगिन्द्र पटियाल और एसडीएम सरकाघाट लगातार कार्य की निगरानी कर रहे हैं। गुरुवार को एसडीएम धर्मपुर ने बनाल और रियूर में लोगों की समस्याएं सुनीं और कंपनी प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पहले प्रभावित लोगों के घरों और जमीनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, फिर अन्य कार्य किए जाएं।

# आज का राशिफल

अनंत ज्ञान

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

शनिवार, 28 जून 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** ततृीया (09:56) : **नक्षत्र** पुष्य (06:36), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** हर्षण (07:15), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:56-12:52)। **राहुकाल** (08:54-10:39)।

## विशेष दिन

- 28 जून 2025: गरीब दिवस आज।
- 28 जून 2025: भामाशाह जयंती आज।

**मेष:** आवास निवास की समस्या का समाधान होगा। परिणय प्रयास सफल रहेंगे। परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। भागदौड़ अधिक होगी।

**वृष:** नौकरी में उन्नति के योग बन रहे है। समझ और संभल कर कार्य करें, सफल रहेंगे। निजी जीवन में व्यस्तता रहेगी। धनलाभ होगा। आज चांदी की कोई वस्तु जरूर खरीदें।

**मिथुन:** आपकी कार्य पद्धति से अधिकारी खुश होंगे। संतान के कार्यों से तनाव, चिंता बढ़ सकती है। अचानक बड़े खर्च सामने आएंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कर्क:** जो भी करें बहुत होशियारी और समझदारी से करें। कई लोगों की नजर आप पर हैं। बकाया वसूली होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**सिंह:** अध्ययन में रुचि न होने से परिवारजनों से अनबन हो सकती है। अचानक हानि संभव है। नई व्यावसायिक योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। निवेशादि लाभदायक रहेंगे।

**कन्या:** परिजनों के साथ तीर्थस्थल पर जा सकते हैं। बाहरीजनों से सहयोग मिलेगा। मन इच्छित कार्यसिद्धि होगी। भवन निवेश शुभ रहेगा। नए वस्त्रों की प्राप्ति संभव है।

**तुला:** आपके व्यवहार के कारण लोग आप की तारीफ करेंगे। वाहन-मशीनरी, अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तु गुम हो सकती है। गलत मार्ग पर जाकर जोखिम न लें।

**वृश्चिक:** किसी की बुरी संगत के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शासन प्रशासन से सहयोग मिलेगा। परिणय संबंध के लिये की गई यात्रा सफल रहेगी।

**धनु:** निवेश करने में जल्दबाजी न करें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। व्यवसायिक उन्नति होगी। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। विवाद न करें। यश कीर्ति में वृध्दि होगी।

**मकर:** घर के कामकाज में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की सहायता करनी पड़ेगी। पिकनिक-पार्टी का आनंद मिलेगा। कलात्मक कार्य सफल होंगे। निवेशादि शुभ रहेगा। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**कुंभ:** घर के कामकाज में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की सहायता करनी पड़ेगी। पिकनिक-पार्टी का आनंद मिलेगा। कलात्मक कार्य सफल होंगे। निवेशादि शुभ रहेगा। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**मीन:** आकस्मिक धनलाभ होगा। आत्मसम्मान बढ़ेगा। संतान पक्ष की चिंता स्वास्थ्य खराब कर सकती है। विरोधी शांत रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। आज कलम कुमकुम जरूर खरीदें।

**व अदालत अधिशाषी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा, हि.प्र.।**

मिसल न./2025
ता.दा. 09-06-2025
तारीख पेशी 28-07-2025
मुकद्दमा इन्द्राज मृत्यु
प्रार्थना पत्र प्रार्थी कप्तान सिंह पुत्र रोशन लाल निवासी पठियार, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हि.प्र.
......प्रार्थी पक्ष

**वनाम** **आम जनता**

**विषय-** प्रार्थना पत्र जैर धारा 13(3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र।

**अखबारी इश्तेहार बनाम आम जनता**

उपरोक्त मुकद्दमा बारे प्रार्थी कप्तान सिंह ने उस न्यायालय में प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 गुजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थी कप्तान सिंह की पत्नी की मृत्यु दिनांक 24-06-1985 को पंचायत पठियार में हुआ था। लेकिन अज्ञानतावश कप्तान सिंह अपनी पत्नी की मृत्यु तिथि को ग्राम पंचायत पठियार में दर्ज नहीं करवा सका। प्रार्थी कप्तान सिंह अपनी पत्नी कपूरा देवी की मृत्यु तिथि को ग्राम पंचायत पठियार में दर्ज करवाना चाहता है।
अतः उक्त प्रार्थना पत्र के सन्दर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त मृत्यु तिथि को ग्राम पंचायत पठियार के रिकार्ड में दर्ज करवाने वारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 28-07-2025 को दोपहर बाद 2.00 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यावाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज काबिल ए समायत न ऐगा।
आज दिनांक 27-06-2025 की मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मोहर से जारी हुआ

**अधिशाषी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा, हि.प्र.।**

**Office of Municipal council Kullu**

**Short Term Tender Notice**

Sealed item rate tenders are hereby invited by the undersigned on behalf of Municipal Council Kullu for the following deposit works from the approved and eligible contractors enlisted in HPPWD, HPIPH Department, so as to reach in the office of municipal council kullu on or before 5/07/2025 up to 11:45 AM and will be opened on the same day at 3:30 PM in the presence of intending contractors or their authorized representatives if any. The tender forms can be had from this office against cash payment /DD up to 04:30 PM on 4/07/2025. The earnest money in the shape of cash payment /DD must accompany with each tender. Conditional tenders and the tenders without earnest money will summarily be rejected. The offer of tender shall remain open for 30 days from the date of opening of tenders. The undersigned reserve the right to accept or reject any/all tenders without assigning any reason. The tender form will be issued to contractors against written application accompanied by copies of enlistment in appropriate class as contractor, registration under HP GST Tax Act 1968 & registered with income tax department.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Time Allowed | Cost of Form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Providing and fixing of steel gratting along with the drain at various locations in lower Dhalpur Ward no. 6 MC Kullu | 94,000.00 | 2350 | 1 Month | 300.00 |
| 2. | Providing and fixing of steel gratting along with the drain at various locations in Ward no. 10 MC Kullu | 97,000.00 | 2450 | 1 Month | 300.00 |
| 3. | Construction and repair and maintenance of darin at various location in ward no. 4 MC Kullu | 95,000.00 | 2375 | 1 Month | 300.00 |
| 4. | C/O R.wall near Devdhar ward no. 10 MC Kullu | 96,000.00 | 2400 | 1 Month | 300.00 |
| 5. | Dismantling of shed (Pirdi site) Kullu. | 94,000.00 | 2350 | 1 Month | 300.00 |

**Terms & Conditions:- 1.** The Contractor/Firm should be enlisted with the HP.PWD. **2.** The Earnest money should be accompanied with application. Application without earnest money will be rejected. **3.** The photo copy of PAN Number/GST Number should be attached with the application otherwise tender form will not be issued. **4.** Copy of contractor registration should be attached with the application. **5.** The copy of EPF No. should be attached with the application otherwise tender form will not be issued. **6.** If opening day is a holiday, the tenders shall be opened on next working day at the same time and venue and no separate notices shall be served for this purpose. **7.** The executive officer municipal council kullu reserves the right to reject any or all tenders anytime without assigning any reason. **8.** The contractor will be responsible for watch and ward of material at site of work. **9.** No tender form will be issued to those contractors who are not registered under HPGST Act. **10.** No tender form will be issued to those contractors who are not reg

**Sd/-**
**Executive officer**
**Municipal Council Kullu**

अनंत Classifieds

**NAME CHANGE**

**I, Lhundup Gyaltsen** S/o Sh. Jamga R/o ward No. 7, Gompa Road Manali, P.O & Teh. Manali, Distt. Kullu (H.P) declares that in my identity certificate, my name & my wife's name wrongly entered as Lhundup & Pema Dolma respectively. Whereas my correct name is Lhundup Gyaltsen & my wife's correct name is Penpa Dolma. Please note.

**नाम परिवर्तन**

**मैं, राज कुमार,** उम्र 42 वर्ष, पुत्र श्री ओम चंद, निवासी गांव दुदर , तहसील व जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश), घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम राज कुमार पटियाल से बदलकर राज कुमार कर दिया है और यह बदलाव सभी उद्देश्यों के लिए लागू होगा। सभी संबंधित कृपया ध्यान दें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, रीता देवी,** उम्र 37 वर्ष, पत्नी श्री राज कुमार, निवासी गांव दुदर, तहसील व जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश), घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम रीता पटियाल से बदलकर रीता देवी कर दिया है और यह बदलाव सभी उद्देश्यों के लिए लागू होगा। सभी संबंधित कृपया ध्यान दें।

जो व्यक्ति शांत और प्रसन्न स्वभाव का होता है, उसे उम्र का दबाव शायद ही महसूस होता है। -प्लेटो

## संपादकीय

### बढ़ती कर्जदारी

हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार एक बार फिर 1200 करोड़ रुपए का नया लोन लेने की तैयारी में है। यह स्थिति प्रदेश की गंभीर वित्तीय चुनौतियों को उजागर करती है। चिंता की बात यह है कि मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में ही सरकार पहले से ही 3000 करोड़ रुपए का लोन ले चुकी है। मार्च के बाद से 900 करोड़, फिर 1300 करोड़ और अब हाल ही में 800 करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है। अब इसके ऊपर 1200 करोड़ का और लोन प्रस्तावित है। ऐसे में राज्य का कुल कर्ज एक लाख करोड़ रुपए का मनोवैज्ञानिक स्तर पार कर चुका है। लोन को लेकर हिमाचल प्रदेश की राजनीति में पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक कई सालों से चल रही है। भाजपा का आरोप है कि सुक्खू सरकार ने लोन लेने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वहीं, कांग्रेस सरकार का कहना है कि पिछली जयराम सरकार ने ऐसी आर्थिक स्थिति छोड़ी जिसमें विकल्प के तौर पर सिर्फ लोन ही बचा है। सच यह है कि दोनों ही सरकारें लोन लेने की नीति से कभी बच नहीं पाईं। फर्क सिर्फ इतना रहा कि आज परिस्थितियां पहले से कहीं अधिक विकट हो गई हैं।

हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से पर्यटन, कृषि, बागवानी और हाइड्रो पावर पर आधारित है, लेकिन इनमें से कोई भी क्षेत्र इतना मजबूत नहीं हुआ कि राज्य की वित्तीय जरूरतों को पूरा कर सके। औद्योगिक निवेश की कमी, सीमित प्राकृतिक संसाधन और भौगोलिक कठिनाइयां राज्य की आर्थिक संभावनाओं को सीमित करती हैं। एक बड़ा संकट राजस्व घाटा अनुदान में कटौती के रूप में सामने आया है। केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाला राजस्व घाटा अनुदान पिछले वित्त वर्ष की हर महीने 522 करोड़ रुपए था, जो अब घटकर महज 250 करोड़ रुपए रह गया है। इसका सीधा असर प्रदेश की राजकोषीय सेहत पर डाल रहा है। हिमाचल प्रदेश एक ऐसा राज्य है जहां सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों की संख्या काफी अधिक है। कुल बजट का बड़ा हिस्सा वेतन, पेंशन और प्रशासनिक खर्च में चला जाता है। विकास परियोजनाओं और आधारभूत ढांचे के लिए बहुत कम धन बच पाता है। वित्त विभाग के अधिकारियों की मानें तो अगस्त तक राज्य की लोन लिमिट 6200 करोड़ रुपए पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

उसके बाद सरकार के पास वेतन और पेंशन भुगतान के लिए कोई निश्चित स्रोत नहीं बचेगा। नए वित्तीय विकल्प खोजना मजबूरी बनता जा रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इस समय का समाधान क्या है? सबसे पहले तो राजस्व के नए स्रोत तलाशने होंगे। पर्यटन को पूरे साल चलने वाले उद्योग में तब्दील करने की जरूरत है। साहसिक खेलों, धार्मिक पर्यटन और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देना समय की मांग है। राज्य के पास जलविद्युत उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन लंबे समय से परियोजनाएं फंसी हुई हैं। इनके शीघ्र क्रियान्वयन से प्रदेश को राजस्व में बड़ी राहत मिल सकती है। राजस्व घाटा अनुदान में कटौती से राज्य की कमर टूट रही है। केंद्र सरकार से विशेष पैकेज या वित्तीय राहत की मांग करनी होगी। पहाड़ी राज्यों के लिए अलग वित्तीय नीति की आवश्यकता है। सरकार को गैर-जरूरी खर्चों में कटौती करनी होगी। मंत्री और अधिकारियों के भत्तों में कमी, अनावश्यक नई भर्तियों पर रोक और फिजूलखर्ची पर सख्ती जरूरी है। डिजिटल गवर्नेंस और प्रशासनिक सुधारों से खर्च में काफी कमी लाई जा सकती है। आईटी, फार्मा, ऑर्गेनिक उत्पाद और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। इसके लिए आधारभूत ढांचे में सुधार, सस्ती बिजली और सरल नियमों की व्यवस्था करनी होगी।

-यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेश की गंभीर वित्तीय स्थिति पर भी राजनीतिक दल सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप में ही उलझे हुए हैं। भाजपा हो या कांग्रेस, दोनों पार्टियां यह समझने में विफल रही हैं कि यह संकट सिर्फ किसी एक सरकार की नीतियों का परिणाम नहीं है, बल्कि वर्षों की लचर आर्थिक योजनाओं और गलत प्राथमिकताओं का नतीजा है। अगर समय रहते कठोर आर्थिक सुधार नहीं किए गए तो यह संकट भविष्य में और भी भयावह रूप ले सकता है। यह सवाल भी वाजिब है कि क्या जनता तैयार है सच्चाई का सामना करने के लिए? दरअसल, सच्चाई यह है कि आने वाले समय में सरकार के पास कर बढ़ाने, बिजली-पानी के दामों में वृद्धि करने या नई सेवाओं पर शुल्क लगाने जैसे कठोर निर्णय लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहेगा। ऐसे में जनता को भी यह समझना होगा कि मुफ्त की सुविधाओं का बोझ आखिरकार करदाताओं की जेब पर ही पड़ता है। हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति आज जिस दौर में खड़ी है, वह केवल सरकार की चिंता नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की चिंता होनी चाहिए। समय की मांग है कि राजनीति से ऊपर उठकर एक दीर्घकालिक आर्थिक पुनर्गठन की रूपरेखा तैयार की जाए। अगर अब भी कठोर निर्णय नहीं लिए गए तो कर्ज का यह पहाड़ हिमालय की तरह स्थायी हो जाएगा और आने वाली पीढ़ियों पर इसका बोझ पड़ता रहेगा। ■

# आपातकाल ने कुचली देश के संविधान की आत्मा

पचास वर्ष पूर्व, 25 जून 1975 का दिन भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण दिन था जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर देश में आपातकाल की घोषणा की, जिसने देश के संविधान की आत्मा को कुचल कर रख दिया। इसके बाद देश में आपातकाल के 21 महीनों ने भारतवासियों की लोकतंत्र, सरकार और संवैधानिक विरासत की समझ को पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया। यह वह क्षण था जब 'लोकतंत्र की जननी' कहे जाने वाले भारत को तत्कालीन तानाशाही सरकार के अविवेकपूर्ण और क्रूर निर्णय से शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गांधी को 1971 के लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने का दोषी ठहराते हुए उनका लोकसभा के लिए निर्वाचन अमान्य घोषित कर दिया था।



लेखक : अर्जुन राम मेघवाल
केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री

इसके बाद गांधी के इस्तीफे की मांग बढ़ती गई और इसी बीच इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 की रात तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद को एक सादे कागज पर (बिना कैबिनेट की सहमति और आधिकारिक लेटरहेड के) अनुच्छेद 352 के तहत 'आंतरिक अशांति' के आधार पर देश में आपातकाल लागू करने की सिफारिश कर दी। यह देश की संवैधानिक शासन व्यवस्था पर सीधा प्रहार था।

अगले दिन 26 जून 1975 को सुबह 6 बजे कैबिनेट की बैठक में यह विषय औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया गया। इस कदम से देश में कांग्रेस के तानाशाही शासन की शुरुआत हुई। जनता को संविधान से मिली आजादी रातों-रात समाप्त कर दी गई। अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संगठन बनाने और देश के भीतर आने-जाने की स्वतंत्रता एक झटके में खत्म कर दी गई। जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देने वाला अनुच्छेद 21 निरर्थक हो गया। सबसे दुखद यह था कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के जिस अनुच्छेद 32-जो



नागरिकों को न्यायालय जाने का अधिकार देता है— को संविधान की 'आत्मा' कहा था, उसे भी निरस्त कर दिया गया। आपातकाल के दमनचक्र के पहले शिकार वे विपक्षी नेता बने, जिन्होंने सरकार की नीतियों का विरोध किया था।

हजारों लोगों को कठोर मीसा(मेंटिनेंस ऑफ इंटरनल सेक्युरिटी एक्ट) और भारत रक्षा अधिनियम (डिफेंस ऑफ इंडिया एक्ट) के तहत जेल में डाला गया, इसके बाद धीरे-धीरे देश का हर नागरिक देश पर थोपे गए आपातकाल के इस काले अध्याय के घावों का अनुभव करने लगा था। इस कालखंड में देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के तीन स्तंभ कहे जाने वाले कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका पर अभूतपूर्व हमला हुआ। इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार के अविवेकपूर्ण निर्णयों के दंश आज भी देश की जनता के मानस पटल पर एक भयावह स्मृति के रूप में अंकित हैं। मेरे 90 वर्षीय दादा जी को उसी दौर में अपने रोजमर्रा के काम के दौरान गउओं की देखभाल करते हुए ऊंगली में गहरी चोट लग गई थी, जिसके इलाज के लिए उन्हें बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन अस्पताल में उन्हें पता चला कि नसबंदी लक्ष्यों को पूरा करने के सरकारी दबाव के चलते डॉक्टर उन्हें जबरदस्ती नसबंदी के लिए तैयार कर रहे हैं।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

इस अमानवीय स्थिति को भांपते हुए मेरे दादा अस्पताल से भाग निकले और बिना इलाज के वापस लौट गए। इस प्रकार जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले अस्पताल भयावह कष्ट देने वाले केंद्र के रूप में बदल गए थे। हालांकि वे बच गए, लेकिन उस भयावह अनुभव ने पूरे समुदाय को गहरे डर और सदमे से भर दिया था। दुर्भाग्यवश 1975 से 1977 के बीच एक करोड़ से अधिक लोगों की जबरन नसबंदी करा दी गई। यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे शर्मनाक अध्याय बन गया।

उस काले दौर में प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग केवल एक परिवार के हित में किस हद तक किया गया, इसका सबसे बड़ा उदाहरण 24 मार्च 1976 को संजय गांधी की बीकानेर यात्रा थी। न तो उनके पास कोई संवैधानिक पद था, न ही वे राजकीय अतिथि थे, फिर भी उनके स्वागत में सरकारी संसाधनों की खुलकर बर्बादी की गई। उस समय मैं डाक एवं तार विभाग में टेलीफोन ऑपरेटर था और मुझे यह जानकर घोर आश्चर्य हुआ कि रैली में विशिष्ट लोगों के लिए बनाए गए मंच के नीचे अस्थायी टेलीफोन कनेक्शन लगाने के आदेश दिए गए—जबकि ऐसी व्यवस्था केवल प्रधानमंत्री के लिए की जाती है। यह घटना सरकारी तंत्र पर संजय गांधी के न केवल अनुचित प्रभाव को दर्शाती है, बल्कि यह बताती है कि कैसे तत्कालीन सरकारी तंत्र को व्यक्तिगत और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति हेतु काम करने के लिए विवश कर दिया गया था। ऐसे दौर में जबकि सामान्य जनता के मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे, तब जनता के पैसों से किए गए ऐसे दिखावे संविधान की गरिमा के प्रति घोर उपेक्षा और सरकार के नैतिक पतन को दर्शाते हैं।

वह भारत में लोकतंत्र के हनन का सबसे बुरा दौर था। देश में आपातकाल का काला अध्याय 50 वर्ष पहले समाप्त हो गया है, लेकिन वह भयावह दौर हमें इस बात की याद दिलाता है कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमें हमेशा सजग प्रहरी बने रहने की आवश्यकता है। हमारा संविधान पीढ़ियों की कुर्बानियों, बुद्धिमत्ता, आशाओं और आकांक्षाओं का परिणाम है। आज जब भारत हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'विकसित भारत 2047' की ओर अग्रसर है, तो हमें एक जीवंत और विकसित लोकतांत्रिक राष्ट्र के निर्माण हेतु अपने नागरिकों के संकल्प से सामर्थ्य प्राप्त कर राष्ट्र की पवित्रता की रक्षा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को एक बार फिर से दोहराने की आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# युवा पीढ़ी नशे को न कहकर जिंदगी जिए शान से

नशा हमारे समाज में किसी चनौती से कम नहीं है। नशे के बारे में आए दिन कोई न कोई खबर समाचार पत्र, रेडियो, टेलीविजन में देखने, सुनने और पढ़ने को मिलती है।

नशे में सबसे अधिक हमारे देश का युवा गिरफ्त में फंसता जा रहा है। युवा जिसे देश का भविष्य कहा जाता है, समझा जाता है और भविष्य होते भी है उस देश का युवा समझदार होते हुए भी नशे के आगे न समझ बनता जा रहा है। नशे के आगे बेबस हो चुका है और इस बेबसी ने एक कमजोर कड़ी के रूप में अपना व अपने शरीर को तबाह कर रहा है। शुरुआती दौर में युवा वर्ग नशे को शौकिया तौर पर लेता है, जिसमें वह बीड़ी, सिगरेट, शराब आदि घर के व्यक्तियों से जो इन चीजों का सेवन करते हैं का देखा देखी में उपयोग करते हैं। धीरे-धीरे उसे किसी न किसी नशे की आदात पड़ जाती है। इस नशे में अफीम, चिट्टा, हेरोइन, नशीली गोलियां, कैप्सूल, चरस, भांग जैसी किस्में आती हैं। इसमें कई प्रतिबंधित दवाइयां हैं, जिनके सेवन से देश के लोगों, युवाओं की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है और साथ ही साथ उनके जीवन का नाश भी कर रही है तथा उन्हें कमजोर बना रही है। शराब का सेवन करना भी किसी नशे से कम नहीं है। वैसे ही जरदा, खैनी, गुटका जैसे पदार्थों का सेवन करके आज का युवा और लोग इसकी बुरी लत में फंस रहे हैं और फिर इसके आदि बनकर अपनी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में देसी शराब लोगों को मौत के मुंह में धकेलने का काम कर रही है।



लेखक : अश्वनी कौंडल
चौकी खलेट, पालमपुर

नशा करने के लिए मनुष्य कई कारण ढूंढता है जो उसके लिए कमजोरी बन जाती है। कुछ लोग शौकिया तौर पर इसका इस्तेमाल करते हैं।



कुछ पढ़ाई, काम, व्यवसाय में असफल होने पर तो कुछ लोग और युवा तो ऐसे होते हैं कि उन्हें इस बुराई का पता ही नहीं होता वह एक दूसरे की देखा देखी में नशे की बुरी आदतों को अपनाकर अपनी जिंदगी को मौत के कुएं में धकेलने के लिए दस्तक देता है। नशे का आदि व्यक्ति इस गंदे दलदल में इस तरह फंसता चला जाता है कि उसका इस से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है और वहीं से उसकी बर्बादी की कहानी शुरू होती है। इस बर्बादी में वह खुद शामिल नहीं होता, बल्कि अपने परिवार को भी शामिल करता है उसका परिवार उसकी इस दशा से परेशान होता है, उसकी चिंता करता है, जिससे उसका भी नुकसान बिना नशा किए ही हो जाता है। हमारे देश और प्रदेश में हर साल नशे की इतनी सारी खेप पुलिस विभाग द्वारा पकड़ी जाती है।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

मादक पदार्थ व स्वापक् औषधि अधिनियम के तहत नशे के साथ नशे के व्यापारी भी पकड़े जाते हैं फिर भी नशे का कारोबार कम नहीं होता। प्रदेश पुलिस द्वारा भी समय समय पर कई विशेष अभियान चलाए जाते हैं, दौड़ करवाई जाती है और स्कूलों में भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है। नशे का कारोबार अब स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय के परिसरों के बाहर पैर पसारने लगा है और बच्चे गुमराह हो रहे हैं और नशे के गर्त में जा रहे हैं। नशा शरीर का नाश करता है, इस बात को सब जानते हैं समझते हैं, लेकिन समझकर भी नासमझ बन जाते हैं और अनदेखा करते हैं। जब तक समझ आता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। देश और प्रदेश की सरकारें, स्वयं से भी संगठन और समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति नशे के खिलाफ समय-समय पर मुहिम चलती है और नशे को रोकने के लिए प्रयास करती है। हिमाचल प्रदेश में भी नशे के खिलाफ अभियान समय-समय पर चलाए जा रहे हैं। प्रदेश में नशे को रोकने हेतु पुनरावस् एवं नशा मुक्ति केंद्र और गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। युवाओं को नशा केवल देश के लिए कुछ करने के लिए जज्बे का अच्छी बातों को ग्रहण करके करने का नशा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सही से करने का नशा होना चाहिए। तभी देश तरक्की की तरफ आगे बढ़ेगा और खुद युवा खुशहाल जिंदगी जी पाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हमेशा** देखने में आता है कि प्राइवेट अस्पतालों द्वारा इलाज के लिए लाखों रुपए तक का बिल बना दिया जाता है। विभिन्न प्रकार के चार्ज, यहां तक कि बिस्तर की चादर और ग्लब्स के नाम पर भी पैसे वसूले जाते हैं। बहुत से मामलों में देखा गया है कि मरीज को केवल कमाई का साधन समझा जाता है। हमारे देश में आज भी यदि डॉक्टरी पेशे को इज्जत भरी निगाहों से देखा जाता है तो इसके पीछे चंद ईमानदार और काबिल डॉक्टरों की मरीजों के प्रति समर्पित सेवा भावना को ही श्रेय जाता है, लेकिन बदलते वक्त के साथ साथ जैसे- जैसे पैसे वाली भावना हर पेशे के लोगों में बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे गुणों को तिलांजलि देकर लूटपाट और बईमानी जैसे कदाचार से परिपूर्ण दुर्गुणों ने ले ली है।

**रितिक नाग, धर्मशाला**

# मौत को गले लगाने की प्रवृत्ति बेहद चिंतनीय विषय

रोजाना सुबह-सुबह समस्त समाचार पत्रों के अधिकांश पृष्ठ आधुनिक दौर में बढ़ती हुई आत्महत्याओं की क्षुब्ध कर देने वाली घटनाओं से सटे पड़े होते हैं। सचमुच यह अत्यंत गंभीर विषय है। इस पर मौजूदा समय में चिंतन बेहद अत्यावश्यक है। परमात्मा ने हमें जीवन दिया है, जीने के लिए पर अफसोस लोग अपने अमूल्य जीवन को स्वयंमेव समाप्त करते चले जा रहे हैं। पहले-पहल अधिकतर युवा आत्मघात करते थे, परंतु अब 7-8 वर्षीय बच्चे से लेकर अधेड़ आयु वर्ग के पुरुष-स्त्रियां अपनी जीवन लीला खत्म करते जा रहे हैं। आत्मघात का कारण चाहे कुछ भी हो पर इसको कदाचित उचित नहीं ठहराया जा सकता। हमें अपने आपको मारने का अधिकार भला किसने दिया? अब एक और ही प्रवृत्ति ऐसे लोगों में घर कर गई है, वह है फेसबुक पर लाइव होकर आत्मघात करना।



लेखक : वीरेंद्र शर्मा
सेवानिवृत्त लेक्चरर ऊना( हि. प्र. )

ये लोग मौत को गले लगाना एक खेल सा समझने लगे हैं। भला, यह प्रवृत्ति उनके मन में कैसे आई? मोबाइल, नशा, बेरोजगारी, अवैध संबंध, असहनशीलता, अत्यधिक क्रोध की भावना, जमीन-जायदाद का आपसी झगड़ा व भारी-भरकम खर्च लेकर विलासितापूर्ण जीवन जीने की चाहत मन में रखना। निसंदेह किसी भी व्यक्ति का इस दुनिया को छोड़कर जाने को मन नहीं करता, तो फिर क्यों ऐसी शोचनीय विचार धारा आमजन के मन में पनप रही है। अपने आपको मार कर संसार से चले जाना बहादुरी कतई नहीं कही जा सकती, यह तो सरासर कायरतापूर्ण कदम है । संसार छोड़कर जाने वाले तो चले जाते हैं पर अपने पीछे छोड़ जाते हैं रोते-विलखते मां-बाप और बच्चों को अकेले ही। आत्मघात प्राणी को कभी भी मोक्ष नहीं मिलता। उसकी आत्मा भटकती ही रहती है। विशेषज्ञ बताते हैं कि अगर कोई व्यक्ति एक ही विचार को लगातार 40 दिन तक सोचते रहे तो वह तनावग्रस्त हो जाता है। बस यही तनाव उसके लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

नशा भी किसी भी प्राणी की मौत का प्रमुख कारण बन रहा है। नशे के इंजेक्शन की ओवरडोज से युवा लड़के-लड़कियां कालग्रस्त हो रहीं हैं। मोबाइल ने भी हमारे समाज को पथ भ्रष्ट कर दिया है। समूचे संसार के ज्ञान का भंडार भरा हुआ है मोबाइल में। घातक हथियारों से लैस लाइव गेम्स का प्रचलन भी समस्त विश्व पर भारी पड़ रहा है। पब्जी गेम्स से अनेक बच्चे मौत के घेरे में फंसते गए। ऐसी भी घटनाएं हुईं हैं। जब कभी मां-बाप ने बच्चों को मोबाइल अधिक चलाने की अपेक्षा पढ़ने को कहा या उनसे फोन छीन लिया, तो झट गुस्साए वे फंदा गले में डाल आत्महत्या करते जा रहे हैं। इस समस्या पर सोच विचार कर अंकुश लगाया जाए।




वैवाहिक जीवन में बिखराव भी आत्महत्याओं की जड़ बनता जा रहा है। किसी न किसी कारण कुछेक दिनों में तलाक तक नौबत पहुंच रही है। दहेज को इसका प्रमुख कारण तो माना जा सकता है पर विवाहेत्तर संबंधों से भी लोग अपने आपको व दूसरे को मारने पर तुले हैं। सेल्फी लेते मौत को गले लगाना अब इस आधुनिक युग में एक नया ही ट्रेंड बनता जा रहा है, जिसका ज्वलंत उदाहरण कुछेक माह पूर्व आयशा लड़की का अपने ससुराल विशेषत: अपने पति से दुखी होकर नदी में छलांग लगाकर अपनी इहलीला खत्म करने से पूर्व भावुक वीडियो ने सभी को विचलित कर दिया। इस दृश्य को देखकर प्रस्तुत पंक्तियां लिखने वाला लेखक बहुत रोया तो लड़की के घर वालों के दु:ख का अंदाजा लगाना स्वाभाविक ही है। इस प्रवृत्ति से तो आत्महत्याओं को प्रोत्साहन ही तो मिलेगा। लोन लेकर वापस न कर पाना, जमीन-जायदाद का बिक जाना बहुतेरे कारण इस समस्याओं को बढ़ावा देते हैं। इससे भी अलग इंसान जब अलग बैठता है तो उसे अकेलेपन से जुझना पड़ता है। उसके मन में नकारात्मक विचार उसे आत्महत्या करने हेतु उत्सुकाते हैं । उसे यह दुनिया खाली-खाली लगने लगती है। 2019 वें वर्ष में समूचे भारत में आयु वर्ग के हिसाब से एक हजार प्रति आंकड़े को लेते हुए 18 वर्ष से नीचे 9.61 , 18 से 30 वर्ष तक के युवा वर्ग 48.77 , 30 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवा 44.29 , 45 से 60 वर्षीय वाले लोग 25.44 व अंत में 60 से ऊपर वाले लोगों में से 11.01 ने आत्महत्याओ का आंकड़ा है। इस हिसाब से हमारे देश में आत्महत्या करने वालों का प्रतिशत 2018 की अपेक्षाकृत 2019 में 3.4 फीसदी बढ़ा है। इससे आप खुद व खुद यह सहज अनुमान लगा सकते हैं कि आगामी वर्षों में कितनी भयावह स्थिति रही होगी? कोरोना महामारी से भी इस समस्या में बेतहाशा बढ़ोतरी देखने को मिली। यह बेहद भयानक तस्वीर थी। आत्महत्याओं का दौर यूं ही चलते रहना कोई हमारे देश के लिए शुभ संकेत नहीं है।

इसे कम करने के लिए सकारात्मक सोच रखनी आवश्यक है और साथ ही समाज, मां-बाप, अध्यापक व समाज सेवी संगठनों से इस विषय पर उचित सलाह,मनोचिकित्सक डॉक्टरों से सलाह मशविरा जरूरी है। बेरोजगारी, परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त न कर पाना , बारंबार फेल होना, सामाजिक रुतवा, गरीबी, प्रेम संबंध, जायदाद झगड़ा इत्यादि आत्महत्या के अनेक कारण होते हैं, जिन्हें रोका जा सकता है। हमारे देश में आत्महत्या बचाव के प्रोग्राम चलाए जाने की बेहद आवश्यकता है। मानसिक बीमारियों जैसे डिप्रेशन, ड्रग का प्रयोग, साइको, बेचैनी आदि भी आत्महत्या के बेहद बड़े फैक्टर्स होते हैं। इनसे बचाव समय रहते होना हम सब की भलाई है। 'जीवन तो जीवन है खुल कर जीओ कायरतापूर्ण कृत्य जी कर न जीओ'।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के नौवें प्रधानमंत्री

**पामुलापति** वेंकट नरसिंह राव भारत के नौवें प्रधानमंत्री के रूप में जाने जाते हैं। इनके प्रधानमंत्री बनने में भाग्य का बहुत बड़ा हाथ रहा। 29 मई, 1991 को राजीव गांधी की हत्या हो गई थी। ऐसे में सहानुभूति की लहर के कारण कांग्रेस को निश्चय ही लाभ प्राप्त हुआ। 1991 के आम चुनाव दो चरणों में हुए। प्रथम चरण के चुनाव राजीव गांधी की हत्या से पूर्व हुए थे और द्वितीय चरण के चुनाव उनकी हत्या के बाद। प्रथम चरण की तुलना में द्वितीय चरण के चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर रहा। इसका प्रमुख कारण राजीव गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति की लहर थी। इस चुनाव में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत नहीं प्राप्त हुआ, लेकिन वह सबसे बड़े दल के रूप में उभरी। कांग्रेस ने 232 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। फिर नरसिम्हा राव को कांग्रेस संसदीय दल का नेतृत्व प्रदान किया गया। ऐसे में उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया। सरकार अल्पमत में थी, लेकिन कांग्रेस ने बहुमत साबित करने के लायक सांसद जुटा लिए और कांग्रेस सरकार ने पांच वर्ष का अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण किया। ■



पामुलापति वेंकट नरसिंह राव
जन्म : 28 जून, 1921
मृत्यु : 23 दिसंबर, 2004



कविता

## अनूठा व्यक्तित्व

डॉ.राजीव डोगरा, गांव जनयानकड, कांगड़ा

*जो देखना चाहते हैं, मेरी तबाही का मंजर।*
*उनको बता दूं, मैं सर्वदा बहने वाला हूं।*
*पर तुम शाश्वत न रहने वाले हो।*
*जो देखना चाहते हैं, मेरी आंखों में आंसू।*
*उनको बता दूं, मैं इस आब-ए-चश्म में।*
*डूब कर ही तैरना सीखा है।*
*जो देखना चाहते हैं, गम-ए-हयात में मुझे डूबता हुआ।*
*उनको बता दूं, इसी समुद्र में विजय की नौका पर।*
*हर मंजिल फतह करना सीखा है।*
*जो देखना चाहते हैं, मुझे दूसरों के आगे नत हुआ।*
*उनको बता दूं, मां काली के आगे सिर झुका कर ही।*
*सिर उठाकर जीना सीखा है।*

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सएप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# स्वच्छ पर्यावरण और योग को जीवन का हिस्सा बनाने की जरूरत

प्रत्येक वर्ष जून माह में दो दिवस मनाए जाते हैं। एक पर्यावरण दूसरा योग। दोनों का अपना महत्व है और दोनों ही मनुष्य के लिए जरूरी है। दूषित वातावरण से हमारे स्वास्थ्य पर जो दुष्प्रभाव पड़ता है, उसे सुधारने के लिए योग अपना महत्व स्वयं ही बयान करता है। सरकारों द्वारा अनेक तरह के आयोजन प्रतिवर्ष करवाए जाते हैं, लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ के कारण दोनों कार्यक्रम हमारे जीवन का हिस्सा पूर्ण रूप से नहीं बन पाए हैं। पिछले सप्ताह मेरे आदरणीय परिचित द्वारा मुझे व्हाट्सएप पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण की क्लिप भेजी।



लेखक : योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, बल्ह (मंडी)

क्लिप के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा कि बचपन में मैंने अपने गांव में हरियाली को देखा है। मेरे पिताजी सूखी लकड़ी उठाकर लाते और फिर उन लकड़ियों को अपनी जरूरत के अनुसार छोटे टुकड़ों में काटने से पहले नमन करते। मैंने उत्सुकता से पूछा कि आप सूखी लकड़ियों को नमन क्यों करते हैं? पिता ने जवाब दिया था कि सूखी लकड़ियां बूढ़ा हो गया है, परंतु अपने समय में इन्होंने हमें फल, फूल, हरियाली, स्वच्छ वायु, पानी आदि दिया है, इसलिए प्रयोग से पहले मैं नमन करता हूं।

मैंने पूछा धरती को भी क्यों नमन करते हैं? पिता ने बताया था कि धरती हमारी मां है। हम अन्न आदि उगाते हैं। धरती हमारी जरूरतें पूरी करती हैं, इसलिए मैं धरती को भी नमन करता हूं। राष्ट्रपति का संदेश किसी कार्यशाला में दिया गया था। मुझे भी अपने बचपन



की याद आई, जब मेरे मां-बाप और गांव वाले जुलाई में वर्षा शुरू होते ही नदी नालों के जल की पूजा किया करते थे। अपने व समाज के अन्य प्राणियों की सुरक्षा मांगते थे। नदी नालों की मंडेरो पर पौधे रोपे जाते थे। यह प्रथाएं वर्तमान समय में लुप्त हो गई है। उस समय मनुष्य आज की तरह शिक्षित नहीं था, परंतु मनुष्य अपनी प्रकृति की रक्षा करना, अच्छी तरह से जानता था।

इसी तरह साठ सहतर के दशकों के दौरान स्कूलों में चार-पांच एक्सरसाइज, कदमताल, नाक से सांस लेना व मुंह से छोड़ना आदि क्रियाएं सामूहिक रूप से सुबह की प्रार्थना सभा में करवाई जाती थी। यह क्रियाएं भी योग का एक स्वरूप है।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

धीरे-धीरे आधुनिकता की वजह से पुरानी व्यवस्थाओं व संस्कृति को हमने भुला दिया है। मनुष्य का पैदल चलना बंद हो गया है विशेष तौर पर गांव के समतल क्षेत्र व सड़कों के आसपास रहने वालों का। शहरों में भी यही हाल दिखता है। शहरों में गाड़ियों की आवाजाही से पैदल चलना मुश्किल हुआ है। स्कूलों के बच्चे जो पैदल आते जाते थे, उनका आना जाना भी गाड़ियों द्वारा हो रहा है। समय के अनुसार सुविधाएं तो मिली है, परंतु सुविधाएं अपने साथ मुश्किलें भी साथ लाई हैं। समय की मांग है कि हम अपनी दिनचर्या में परिवर्तन लाएं। पैदल चलने का प्रयास करें। हल्की योग प्रतिक्रियाएं अपनाए। दस-पंद्रह मिनट समय अवश्य निकाल कर अपनी सेहत पर ध्यान दें। कहा जाता है कि सुबह शाम दोनों समय तनाव रहित 1000 कदम अवश्य चलना चाहिए। घरों में जो हमने आधुनिक सुविधाएं अपनाई है उनका त्याग या कम प्रयोग करें। सादा व स्वच्छ भोजन को प्राथमिकता दें। घर के छोटे मोटे कार्य स्वयं करें।

ऐसे कई नियम अपनाकर हम अपने को योग क्रियाओं से जोड़े रख सकते हैं। वर्तमान जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण की अधिकता, पृथ्वी का तापमान बढ़ना, अचानक एक जगह अधिक वर्षा होना आदि संकेत मनुष्य जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। आने वाले खतरों को भांपते हुए सरकारे, तो उपाय कर रही है, लेकिन सरकारों के साथ हम सभी को भी जुड़ना होगा। प्रकृति के संरक्षण की जरूरत को समझते हुए हम सभी का दायित्व है कि हम स्वयं से अपना सहयोग निरंतर देते रहें।जितना वातावरण स्वच्छ होगा, उतना लाभ हमें प्रकृति से वापस मिलेगा। परिवार के युवा सदस्य यदि पर्यावरण संरक्षण और योग दोनों को महत्व देते हैं तो परिवार के बच्चे भी प्रेरित होकर पर्यावरण संरक्षण और योग दोनों को अपने जीवन का हिस्सा बना लेंगे। जीवन में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करते रहना और अच्छी सेहत के लिए योग को अपनाना आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# फुटपाथों के स्लैब टूटे, हादसों का बढ़ा खतरा

## सरकाघाट में लापरवाही आई सामने; प्रशासन ने ठेकेदार को दी एक सप्ताह की डेडलाइन, नहीं सुधरे तो होगी कार्रवाई

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



सरकाघाट में नेशनल हाईवे के दोनों ओर बनाए गए फुटपाथों के स्लैब जगह-जगह टूटने से हादसों का खतरा बढ़ गया है।

**सरकाघाट।** सरकाघाट नगर परिषद क्षेत्र में बन रहे नेशनल हाईवे के दोनों ओर बनाए गए फुटपाथ निर्माणकार्य में भारी लापरवाही सामने आई है। सड़क किनारे बनाए गए अधिकांश फुटपाथों के स्लैब निर्माण के दौरान ही जगह-जगह से टूट चुके हैं, जिससे रोजाना आवाजाही करने वालों के लिए खतरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि घटिया सामग्री के इस्तेमाल के कारण स्लैब लोगों के पैदल चलने भर से ही टूट रहे हैं। बरसात में इन टूटे स्लैबों की वजह से अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं। खासकर प्रदेश के एकमात्र गर्ल्स बास्केटबाल स्पोर्ट्स हॉस्टल की छात्राएं गंभीर खतरे का सामना कर रही हैं। हॉस्टल के गेट के बाहर स्लैब टूटने से बच्चियां सुबह-शाम की प्रैक्टिस के दौरान कई बार गिर चुकी हैं। करीब दो साल पहले शुरू हुए डबललेन एनएच प्रोजेक्ट के चलते नगर परिषद की पुरानी नालियां हटा दी गई थीं।

वार्ड-1 से जमसाईं तक करीब 4 किमी तक दोनों ओर नई नालियां और फुटपाथ बनाए जा रहे हैं, लेकिन काम अभी अधूरा है और जहां हुआ है, वहां भी टूट-फूट शुरू हो चुकी है। प्रशासन और गुणवत्ता नियंत्रण की जिम्मेदारी एसडीएम के पास होने के बावजूद अब तक कंपनी पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई। ठेकेदार गावर कंपनी ने काम सबलेट कर दिया था, लेकिन मूल ठेकेदार के काम छोड़ने से दिक्कतें बढ़ गईं।

### क्या कहती हैं एसडीएम

**एसडीएम** स्वाति डोगरा ने बताया कि हाईवे ठेकेदार को एक सप्ताह में सभी टूटे स्लैब दुरुस्त करने के आदेश दिए गए हैं। समयसीमा समाप्त होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साइट इंजीनियर अंकित सिंह के अनुसार, जिस ठेकेदार को काम दिया था वह काम छोड़ कर जा चुका है। नया ठेकेदार काम शुरू कर चुका है और डेडलाइन के भीतर मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

# चोलथरा में खतरे में दो पूर्व सैनिकों के घर

## एनएच निर्माण कंपनी और प्रशासन पर लगाए लापरवाही के आरोप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



एनएन निर्माण कंपनी की कटिंग के बाद सुरक्षा दीवार न लगाने से घरों को उत्पन्न हुआ खतरा।

**उपमंडल** की चोलथरा पंचायत में दो पूर्व सैनिकों के घरों पर खतरा मंडरा रहा है। एनएच निर्माण कंपनी द्वारा बीते दो वर्षों में की गई गहरी कटिंग और हाल ही में शुरू हुई बरसात से घर गिरने की स्थिति में पहुंच गए हैं। आरोप है कि प्रशासन और निर्माण कंपनी पिछले एक साल से सुरक्षा दीवारें लगाने में पूरी तरह विफल रही है। इसको लेकर हिमाचल किसान सभा और प्रभावित ग्रामीणों ने कड़ा रुख अपनाया है।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, किसान सभा गोपालपुर अध्यक्ष दिनेश काकू, एनएच प्रभावित संघर्ष समिति के पूर्ण चंद पराशर, अधिवक्ता सुरेश शर्मा सहित कई लोगों ने 4 जून को गावर व सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ थाना सरकाघाट में शिकायत दर्ज करवाई थी, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अब इस संबंध में एसपी मंडी को औपचारिक शिकायत भेज दी गई है।

शिकायत में चोलथरा, परसदा, रखोह और सरौर क्षेत्रों में की गई अवैध डंपिंग, सड़कों, पेयजल स्रोतों व लिंक रोड्स को नुकसान, और घरों की सुरक्षा दीवारें न लगाए जाने जैसे कई गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं। धर्मपुर थाना में इसी तरह की शिकायत पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है, लेकिन सरकाघाट में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह और अधिवक्ता सुरेश शर्मा ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह में कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लंबित कार्य पूरे नहीं किए गए, तो दस दिन बाद सरकाघाट में जन आंदोलन किया जाएगा। मामला अब कोर्ट तक ले जाने की भी तैयारी की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### पहाड़ी से गिरा पत्थर, मजदूर महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** ग्राम पंचायत कमलाह निवासी कुमला उर्फ भादरी देवी पत्नी स्व. लेहका राम की पहाड़ी से पत्थर गिरने से मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने घर के पास ही मजदूरी का कार्य कर रही थी कि अचानक पहाड़ी से एक पत्थर उसके ऊपर आ गिरा, जिससे कुमला देवी गंभीर घायल हो गई और उसे तुरंत उपचार के लिए एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल धर्मपुर लाया गया। जहां धर्मपुर में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। धर्मपुर पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज करते हुए शव को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सरकाघाट भेज दिया है।

### आपदा से सुरक्षा जरूरी : डॉ. मदन कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला बाल संरक्षण इकाई मंडी द्वारा हितधारकों के लिए आपदा प्रबंधन और मिशन वात्सल्य पर दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों और संस्थाओं के करीब 80 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।कार्यशाला का उद्घाटन जिला अतिरिक्त दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने किया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ. मदन कुमार ने कहा कि प्राकृतिक और मानव जनित संकटों के चलते जानमाल को होने वाले जोखिमों को कम करना हम सबका एक साझा दायित्व है। हमें कोशिश करनी होगी कि हिमाचल प्रदेश के सभी नागरिक और समुदाय अपने आप को आपदाओं से अपनी सुरक्षा और बचाव करने में समर्थ हो। इनकी सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

### सुरभि का एनआईटी हमीरपुर के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल की छात्रा सुरभि ने एनटीए 2025 द्वारा आयोजित जेइइ मेन अप्रैल सेशन की परीक्षा 91.5 पर्सेंटाइल के साथ उत्तीर्ण की। सुरभी ने यह परीक्षा बिना किसी कोचिंग से पास की है और लगातार एक साल से घर में जेई मैंस की तैयारी की। स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने सुरभि की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि सुरभि होनहार छात्रा है उसने 12वीं की परीक्षा लॉर्ड्स कॉन्वेंट से 90 प्रतिशत अंक के साथ पास की है। अब सुरभि एनआईटी हमीरपुर से आर्किटेक्चर में बैचलर डिग्री करेगी। स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत बरारी ने सुरभी की इस उपलब्धि पर उनके अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नेहा ठाकुर को मिली अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की सरकाघाट इकाई का प्रथम सम्मेलन सरकाघाट में हुआ। इसमें अधिवक्ताओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर गंभीर चर्चा की गई। सम्मेलन के दौरान संगठन की 17 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया, जिसमें अधिवक्ता नेहा ठाकुर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। महासचिव की जिम्मेदारी दिनेश कुमार को सौंपी गई, जबकि अजीत कुमार को उपाध्यक्ष, अंजली, राजू राम भारद्वाज को सह-सचिव और कुमार राघव को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। तेज सिंह और सुरेश कुमार को संरक्षक के रूप में चुना गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं ठाकुर पवन कुमार, अजय ठाकुर, चमन लाल, विवेक चंदेल, ज्योति सकलानी, रविंद्र चंदेल, नरेंद्र सिंह, विजेंद्र गिल, प्रवीण कुमार, रमेश और अनिल कटवाल समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### 65 अभ्यर्थियों को कंपनियों में मिला रोजगार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एआर इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षणार्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया। कंपनी प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों की तकनीकी योग्यता, व्यावसायिक दक्षता एवं व्यवहारिक कौशल का गहन मूल्यांकन किया। इसके उपरांत कुल 65 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिनमें 45 छात्र एवं 20 छात्राएं शामिल हैं। चयनित अभ्यर्थियों को एमफोर्स ऑटो टेक लिमिटेड, एम्बोर्स ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड तथा ऐसेल प्रोपेक जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है।

### केरल भ्रमण कर लौटी कशिश और अपूर्वा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की दो मेधावी छात्राएं कशिश और अपूर्वा ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। छात्राओं ने स्थानीय होलज ट्रॉली ट्रैक (शानन से बरोट) तक एक सर्वेक्षण रिपोर्ट अपने गाइड अध्यापक विनोद गुलेरिया के मार्गदर्शन में तैयार की थी। इस रिपोर्ट को एससीईआरटी सोलन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति का दर्जा दिया गया। इस उपलब्धि के आधार पर दोनों छात्राओं को केरल राज्य भ्रमण का अवसर मिला, जहां उन्होंने वहां की संस्कृति, शिक्षा पद्धति और विविधता को नजदीक से देखा और सीखा। प्रधानाचार्य ने दोनों बालिकाओं की इस उपलब्धि पर बधाई दी और अन्य छात्रों को भी इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

### मां त्रिपुर भैरवा मंदिर में होगा सप्त चंडी महायज्ञ

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** मां त्रिपुर भैरवा पंडोह के मंदिर में विश्व कल्याण एवं शांति के लिए सप्त चंडी महायज्ञ का आयोजन माता भैरवा मंदिर कमेटी एवं युवाओं द्वारा सामूहिक रूप से किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ शुक्रवार को 11 पंडितों द्वारा विधि विधान से किया गया। इसका महान धार्मिक महायज्ञ का समापन समापन 1 जुलाई को विशाल भंडारे के साथ होगा। मंदिर के पुजारी लाल चंद शर्मा ने कहा कि इस धार्मिक महायज्ञ का एक मात्र उद्देश्य है विश्व कल्याण और विश्व शांति। इसके लिए मंडी और कुल्लू जिला से 9 पंडित एक साथ विभिन्न मंत्रोच्चार करते हुए समस्त देवी-देवताओं का आह्वान करेंगे। यह महायज्ञ आचार्य नीरज शास्त्री की अध्यक्षता में किया जा रहा है। जिसमें माता भैरवा मन्दिर कमेटी और माता भैरवा युवा क्लब पडोह के सामुहिक समन्वय से आयोजित किया जा रहा है। आचार्य नीरज शास्त्री ने आम लोगों से इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

### चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष बने हरीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राज्य उपाध्यक्ष एवं जिला मंडी के प्रधान हरीश शर्मा व महासचिव रोशन लाल कपूर ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यकारिणी की आकस्मिक बैठक सोलन में मंडी जिला के नवनियुक्त प्रधान हरीश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राज्य अध्यक्ष आत्माराम शर्मा व सचिव हुकम सिंह ठाकुर के अतिरिक्त बिलासपुर के प्रधान जगदीश दिनेश, सोलन के प्रधान केडी शर्मा, कल्लू के प्रधान सेसराम ठाकुर, लाहुल स्पीति के प्रधान रामनाथ बौद्ध, पंचकूला के महासचिव सुरेंद्र वर्मा के अतिरिक्त विभिन्न जिलों के महासचिव और राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के राज्य स्तरीय चुनाव शीघ्र करने पर विस्तार से चर्चा की गई तथा प्रदेश के हजारों पेंशनर्स की बेचैनी और मांग को ध्यान में रखते हुए शीघ्र राज्य स्तरीय चुनाव कराए जाने पर बल दिया गया। बैठक में एकमत निर्णय लिया कि राज्य स्तरीय चुनाव करवाने के लिए हाई पावर चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया। समिति में हरीश शर्मा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया इसके अतिरिक्त केडी शर्मा, जगदीश दिनेश, सेष राम ठाकुर, रामनाथ बौद्ध, रोशन लाल कपूर को सदस्य और सुरेंद्र वर्मा को सदस्य सचिव चुना गया।

# बीबीएमबी कॉलोनी में मटमैले पानी की सप्लाई से बीमारियों का खतरा

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान**



सलापड़ में नलों में आया मटमैला पानी।

**महादेव।** बीएसएल (बीबीएमबी) परियोजना की सलापड़ कॉलोनी के नलों में गंदे पानी की सप्लाई आने से लोगों को बीमारियों के फैलने का खतरा है। कॉलोनी में पूर्व में भी गंदे पानी की सप्लाई आती रही है ऐसे में परियोजना से संबंधित विभाग साफ-सुथरी जलापूर्ति की व्यवस्था को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा है जिससे परियोजना सहित साथ लगते ग्रामीण क्षेत्र का एक बड़ा भाग भी इस प्रदूषित पानी से स्वयं को प्रभावित महसूस कर रहा है वहीं संबंधित चेयरमैन के प्रति गुस्से एवं रोष से भरे हैं। जबकि इस संबंध में पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है मगर अभी तक इस दिशा में कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाए जा सके हैं। सूत्रों का कहना है कि वाटर सप्लाई संबंधी कार्य के लिए पुराना रिटायरी एक व्यक्ति पुनः सेवारत तो जरूर है मगर वह अपनी मनमानी करता है जिससे इस कार्य में कार्य सुचारू होने में बाधा भी उत्पन्न हो रही है। अगर यही हाल रहा तो संबंधित स्टाफ के लोग तथा गांव के लोग जल्दी ही किसी भयावह बीमारी का शिकार हो सकते हैं। लोगों ने उक्त परियोजना के चीफ इंजीनियर से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही साफ पानी मुहैया करवाकर इस कीचड़नुमा पानी से मुक्ति दिलाई जाए।

## डीएवी स्कूल के एनसीसी एयर विंग कैडेट्स ने एटीसी-192 कैंप में लहराया परचम

# समूह नृत्य में फर्स्ट और बास्केटबाल स्पर्धा में सेकेंड

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**



डीएवी स्कूल जवाहर नगर मंडी के एनसीसी एयर विंग के कैडेट्स ने अनुशासन व खेल भावना का शानदार प्रदर्शन कर चमकाया स्कूल का नाम।

**मंडी।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के एनसीसी एयर विंग के कैडेट्स ने एटीसी (वार्षिक प्रशिक्षण शिविर)-192 में अपनी प्रतिभा, अनुशासन व खेल भावना का शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यालय की एयर विंग की एएनओ (एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर) सुमन पंडित ने जानकारी दी कि यह कैंप 1 एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कुल्लू द्वारा आईआईटी मंडी में 17 से 26 जून तक आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय के 21 कैडेट्स (6 जूनियर विंग गर्ल्स – जेडब्ल्यू और 15 जूनियर डिवीजन ब्वॉयज- जेडी) ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस कैंप में विंग कमांडर कुणाल शर्मा द्वारा कैडेट्स को एनसीसी एयर विंग से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण और अनुशासन के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के कैडेट्स ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, बास्केटबॉल (बालक वर्ग) में द्वितीय स्थान तथा 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विशेष रूप से कैडेट महक ने अपनी तेज रफ्तार से सबको प्रभावित किया और स्टार स्प्रिंटर के रूप में उभरकर अन्य कैडेट्स के लिए प्रेरणा बनीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने एएनओ सुमन पंडित सहित सभी प्रतिभागी कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा, ये उपलब्धियां हमारे विद्यालय की सहयोगात्मक संस्कृति, अनुशासन और उत्कृष्टता की भावना को दर्शाती है। इन कैडेट्स ने यह साबित कर दिया कि समर्पण और मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता कैडेट्स एवं पूरी एनसीसी यूनिट को इस शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

## डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए लगाएं शिविर: गुरसिमर सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न ऋण एवं बैंकिंग योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में कृषि, लघु एवं मध्यम उद्यम, शिक्षा, आवास और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि वित्तीय साक्षरता और डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए सभी डीसीओ ग्राम पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से समयबद्ध जागरूकता शिविर आयोजित करें ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठा सकें।

उन्होंने कहा कि इससे न केवल लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सकेगा, बल्कि बैंकों की कार्यप्रणाली और लाभप्रदता में भी सुधार आएगा। बैठक में शिक्षा ऋण वितरण की धीमी प्रगति पर अतिरिक्त उपायुक्त ने चिंता व्यक्त की और बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिक्षण संस्थानों में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के अंतर्गत पात्र छात्र केवल 1 प्रतिशत ब्याज दर पर 20 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

# धाज्जा कार्यक्रम के लिए चमन के नेतृत्व में बांटे निमंत्रण पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



धाज्जा कार्यक्रम के लिए निमंत्रण पत्र बांटते हुए।

**शहरभर** में बाबा सिद्ध चानो को समर्पित धार्मिक धाज्जा उत्सव के लिए अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही के नेतृत्व में निमंत्रण पत्र बांटे गए। इस मौके पर सेवानिवृत उपनिदेशक शिक्षा सीताराम बंसल व बडसू पंचायत के प्रधान गोविंद बर्धन, राष्ट्रीय खिलाड़ी काहू उर्फ भूपेंद्र, वाल्मीकि समाज सुधार संस्थापक चंद्रवीर कागरा व अशोक नागवंशी आदि ने भी निमंत्रण पत्र बांटे।

बता दें कि 29 जून को मंडी जिला मुख्यालय में बाबा सिद्ध चानो का धाज्जा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चमन राही ने कहा कि कार्यक्रम का निर्णय सिद्ध धाम समैला दरबार बाबा सिद्ध चानो बली सच्ची सरकार समैला हमीरपुर में गद्दीनशीन महंत चमन जी महाराज की अध्यक्षता में लिया गया। कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ व जम्मू कश्मीर से आम लोगों सहित बाबा सिद्ध चानो के भक्तजन भाग लेंगे। बाबा सिद्ध चानो बली का प्रसिद्ध लोकनाट्य धाज्जा कार्यक्रम में स्वांग, धाज्जा के गीत, धाज्जे की परंपरा व संस्कार आदि का बखान व गायन भी किया जाएगा। राही ने कहा कि मंडी में पहली बार सार्वजनिक रूप से इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी जाति धर्म के लोग भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर शहरभर में काफी उत्साह है। इस कार्यक्रम में शहरभर की समाजसेवी संस्थाएं सहयोग कर रही हैं।

## संवेदनशील क्षेत्रों से प्रवासी होंगे सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट: अपूर्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मानसून सीजन में संभावित बाढ़, भू-स्खलन और फ्लैश फ्लड की आशंका को देखते हुए मंडी जिला प्रशासन ने अग्रिम एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 30 (अ) के तहत आदेश जारी करते हुए कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में रह रहे श्रमिकों और प्रवासी मजदूरों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा। उपायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि एनएचएआई, मोर्थ, जल विद्युत परियोजनाएं, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, नगर निकाय और पंचायतें अपने-अपने कार्यक्षेत्र में प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और जोखिम भरे क्षेत्रों से उन्हें शीघ्र हटाएं।

उन्होंने बताया कि कुछ परियोजना स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों के पास अस्थायी झोपड़ियां और टेंट लगे हैं, जो भारी बारिश, बाढ़ या भूस्खलन की स्थिति में गंभीर खतरा बन सकते हैं। ऐसे में सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया है कि वे मजदूरों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करें। अपूर्व देवगन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी अधिकारी द्वारा इस आदेश की अवहेलना की जाती है, तो उनके विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वे नदियों, नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न जाएं और किसी भी आपात स्थिति में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचकर की मोक्ष की कामना

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**



भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा के दौरान उमड़े सैकड़ों भक्त।

**मंडी।** आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को छोटी काशी में भगवान जगन्नाथ अपने संसार रूपी परिवार से मिलने के लिए रथ पर सवार होकर निकले व अपनी मनमोहक नेत्रों से सभी भक्तों को देखा।

पड्डल स्थित मंदिर से अस्थाई रथ पर विराजमान होकर भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ स्थापयकाल पथ से होकर पुराने बस स्टैंड पहुंची, जहां से गांधी चौक होते हुए चौहाटा और फिर भूतभावन भूतनाथ के प्रांगण से होते हुए शहर की परिक्रमा कर पुनः पड्डल पहुंची। सैकड़ों भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के रथ को खींच कर अपने मानव जीवन को धन्य किया। श्रद्धालु आशुतोष, शिवम, त्रिपुरारी आदि ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की महिमा अपरंपार है और इनके बारे में मान्यता है कि जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ, बिन भागे मिलता नहीं जगन्नाथ का भात।

उन्होंने बताया कि इस मौके पर भगवान अपने संसार रूपी परिवार से मिलने रथ पर सवार होकर निकलते हैं। उन्होंने बताया कि मान्यताओं के अनुसार जो व्यक्ति भगवान के रथ को खींचता है या उनके उत्सव में भाग लेता है उसे मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। इस कार्यक्रम के दौरान हर बार मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया व इस बार रामचरितमानस का पाठ चलता रहा। पालकी में सुभद्रा, बलराम व भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा के साथ भजन-कीर्तन मंडलियों द्वारा भव्य शोभायात्रा में भाग लिया।

# पीडब्ल्यूडी अधिकारी का दुर्व्यवहार निंदनीय : परमार

## सरकारी कार्यालय में चुने हुए प्रतिनिधि के अपमान पर कांग्रेस नेता ने जताई चिंता

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए।

**जोगिंद्रनगर।** जिला मंडी कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष गुरु शरण परमार ने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता द्वारा जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज से कथित दुर्व्यवहार को निंदनीय और लोकतंत्र के मूल्यों के विरुद्ध बताया है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में वामपंथी सहयोगी दल के एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा व्यवहार होता है, तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

परमार ने बताया कि भारी बारिश और कृषि कार्यों के बावजूद सैकड़ों लोग अधिकारी से मिलने पहुंचे, जो इस मुद्दे की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालय में आम नागरिक तक को अपनी बात रखने का अधिकार है और अधिकारी की यह जिम्मेदारी होती है कि वह बात सुने और समाधान करे। उन्होंने यह भी आरोप लगाए कि उक्त अधिकारी के कार्यकाल में कार्यालय धरनों, आरटीआई और विवादों का केंद्र बन गया है, जिससे विभाग और सरकार की छवि धूमिल हो रही है। परमार ने इस संबंध में एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री को ज्ञापन भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। परमार ने कहा कि इन सभी आरोपों की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके और सरकार की साख बनी रहे। उन्होंने यह भी मांग की कि पिछली जांच, जिसके आधार पर अधिकारी को मंडी स्थानांतरित किया गया था, उसकी भी पुनः समीक्षा होनी चाहिए कि आखिर किन प्रभावशाली लोगों ने उसे दोबारा उसी पद पर नियुक्त करवाया।

## आठ व्यापारियों से वसूला 9000 जुर्माना

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रदेश खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग द्वारा शुक्रवार को तहसील लड़भड़ोल के मुख्य बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान की अगुवाई विभाग के निरीक्षक केसी पूरी ने की। अभियान के दौरान हिमाचल प्रदेश जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (नियंत्रण) अधिनियम, 1995 की धारा 7(ए) के अंतर्गत नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 8 व्यापारियों के चालान किए गए और कुल 9000 रुप, का जुर्माना वसूला गया। निरीक्षण के दौरान करीब 1.340 किलोग्राम प्लास्टिक लिफाफे, प्लास्टिक ग्लास इत्यादि सामग्री जब्त की गई। इसके अलावा फल और सब्जी विक्रेताओं की दुकानों का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें मूल्य सूची की जांच के साथ-साथ सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर रोक सुनिश्चित की गई।

**कार्यक्रम** अभिलाषी विश्वविद्यालय में एनईपी 2020 पर आठ दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम संपन्न

# शिक्षकों को संवेदनशील बनाने पर बल दिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**




अभिलाषी विश्वविद्यालय में आठ दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम वर्चुअल भाग लेते हुए वक्ता।

**अभिलाषी** विश्वविद्यालय ने यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) प्रदेश विवि शिमला के सहयोग से 19 से 27 जून तक 'एनईपी 2020 ओरिएंटेशन एंड सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम' शीर्षक से आठ दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) सफलतापूर्वक आयोजित किया।

इस कार्यक्रम में देश भर के 115 से अधिक संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं व अकादमिक नेताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एफडीपी की शुरुआत एमएमटीटीसी, शिमला के सहायक निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार की उपस्थिति में एक उद्घाटन सत्र से हुई, जिन्होंने विवि के शैक्षणिक प्रयासों की प्रशंसा की व एनईपी 2020 के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण के प्रति शिक्षकों को संवेदनशील बनाने पर जोर दिया। उन्होंने नीति को भारतीय शिक्षा को नया रूप देने के लिए एक प्रगतिशील रोडमैप बताया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नवदीप शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में यूजीसी-एमएमटीटीसी, एचपीयू शिमला व विश्वविद्यालय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने एनईपी 2020 को संस्थागत सुधार और समग्र शैक्षणिक विकास के लिए एक दूरदर्शी मार्गदर्शक के रूप में रेखांकित किया।

प्रोफेसर एचके चौधरी कुलपति अभिलाषी विवि ने देशभर से आमंत्रित सभी विद्वान वक्ताओं के प्रति अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त की, जिन्होंने इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम को अपने ज्ञान और दृष्टिकोण से समृद्ध किया। यूजीसी-मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र एचपीयू शिमला एवं अभिलाषी विवि के संयुक्त सहयोग से यह कार्यक्रम शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्साही भागीदारी के लिए बधाई दी।

एमएमटीटीसी के निदेशक और एचपीयू शिमला के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. (डॉ.) देशराज ठाकुर ने एफडीपी के दौरान दो महत्वपूर्ण सत्र दिए। 'एनईपी 2020: विजन और कार्यान्वयन' में उन्होंने सांस्कृतिक रूप से निहित शिक्षा के लिए योग्यता-आधारित शिक्षा, बहुभाषावाद, ईसीसीई और भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) सहित प्रमुख स्तंभों पर प्रकाश डाला।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बैंक के नए प्रबंधक ने कार्यभार ग्रहण किया



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** पंजाब सिंध बैंक की चिंतपूर्णी शाखा में नए मैनेजर महेंद्र सिंह जसवाल ने ज्वाइन किया है। इससे पहले वह अंब ब्रांच में अपनी सेवाएं दे रहे थे। महेंद्र सिंह जसवाल के पास बैंकिंग क्षेत्र में व्यापक अनुभव है और उनके नेतृत्व में चिंतपूर्णी शाखा को और भी मजबूत बनाने की उम्मीद है। चिंतपूर्णी शाखा के ग्राहकों और कर्मचारियों ने महेंद्र सिंह जसवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया है। उनकी नियुक्ति से शाखा के विकास और ग्राहक सेवा में सुधार की उम्मीद है। पंजाब सिंध बैंक चिंतपूर्णी शाखा विभिन्न बैंकिंग सेवाएं प्रदान करती है, जिसमें बचत खाते, चालू खाते, ऋण और अन्य वित्तीय उत्पाद शामिल हैं।

### इं. राम पाल ने केंद्रीय मंत्री रिजिजू से की शिष्टाचार भेंट



**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के महामंत्री इंजीनियर राम पाल ने हाल ही में शिमला में केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू से शिष्टाचार भेंट की, जिसमें विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इंजीनियर राम पाल ने बताया कि यह भेंट उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रही। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच सामाजिक समरसता, संगठनात्मक मजबूती और राजनीतिक सद्भाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि रिजिजू का मार्गदर्शन युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि भाजपा का अनुसूचित जाति मोर्चा जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने और समाज के हर वर्ग तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं के मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाल विकास परियोजना अंब के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 4 और सहायिकाओं के 7 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। कार्यकारी सीडीपीओ अंब कुलदीप कुमार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन सादे कागज पर 7 जुलाई सायं 5 बजे तक बाल विकास परियोजना कार्यालय अंब में जमा करवा सकते हैं। कुलदीप कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र छपरोहिए, स्तोथ, प्रतापनगर-1 और कटोहड़ खुर्द-2 में आंगनबाड़ी वर्करों का 1-1 भरा जाएगा। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र अरनवाल, झोला भटोला, सारड़ा, धमाणा-1, मिरगु (अमोकला प्रीतम), सेरी-1 और थनीकपुरा में सहायिकाओं का 1-1 पद भरा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 9 जुलाई को सुबह 10 बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अम्ब में होगा।

### अंबोटा में राज्य स्तरीय चेस प्रतियोगिता 29 को

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** डीएवी पब्लिक स्कूल अंबोटा हमेशा से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणादायक गतिविधियों को बढ़ावा देता रहा है। इसी दिशा में 29 जून को राज्य स्तरीय ओपन 10वीं रैपिड चेस चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से लगभग 80 प्रतिभागी अपनी बुद्धिमत्ता एवं कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं एआरओ नमित शर्मा जी ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारे बच्चे अपनी प्रतिभा को नई पहचान देंगे। विद्यालय परिवार प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता है। विद्यालय परिवार के लिए यह गौरव का क्षण है। यह आयोजन चेस्लॉजी संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो शतरंज को नई पीढ़ी में लोकप्रिय बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रतिभागियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 जून निर्धारित की गई है।

### वामन अवतार व राजा बलि की लीला का भावपूर्ण वर्णन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** उपमंडल बंगाणा की चौकीमनयार पंचायत स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का चौथा दिवस भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण रहा। कथा वाचक पंडित सुरेंद्र शास्त्री ने इस दिन भगवान विष्णु के वामन अवतार और असुरराज बलि की कथा का अत्यंत भावपूर्ण और विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान वामन ने एक ब्राह्मण बालक के रूप में अवतार लेकर राजा बलि से तीन पग भूमि की याचना की और फिर विराट रूप धारण कर तीनों लोकों को नाप लिया। कथा में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के युवा उपाध्यक्ष सुमेश बिट्टू विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनका आयोजन समिति ने स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विपन चौधरी, रामआसरा चोपड़ा, आशीष धीमान सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में भी कथा के विभिन्न अध्यायों का रसपान भक्तों को कराया जाएगा।

### बरसात में नदी- नालों व खड्डों से रहें दूर : एसडीएम



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बंगाणा के एसडीएम सोनू गोयल ने कहा कि मानसून मौसम को ध्यान में रखते हुए लोग नदी-नालों व खड्डों से दूर रहें, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण नदी-नालों व खड्डों का जलस्तर अचानक बढ़ने की संभावना बनी रहती है, इसलिए एहतियात जरूरी है। एसडीएम गोयल ने लोगों से अपने मवेशियों को भी नदी-नालों व खड्डों से दूर रहने का आह्वान किया ताकि एकाएक जलस्तर बढ़ने से किसी प्रकार का जानमाल का नुकसान ना हो सके। उन्होंने कहा कि आसमानी चमकती बिजली के दौरान भी लोग अपने घरों में ही रहें। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जरूरी होने पर ही यात्रा करें। उन्होंने बताया कि बरसाती मौसम के दौरान कई तरह के बीमारियों के पनपने की संभावना बनी रहती है, ऐसे में लोग सड़े गले फल व सब्जियां खाने से भी परहेज करें तथा अपने घरों के आसपास भी समुचित साफ-सफाई बनाए रखें।

### अरनियालावासी नगर निगम आयुक्त से मिले



**अनंत ज्ञान, ऊना।** गांव अरनियाला सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रधान राजेश सैनी सीनियर, महामंत्री देवराज सैनी, उपप्रधान राजेंद्र कुमार शर्मा और धनीराम शर्मा ने संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु अतिरिक्त उपयुक्त एवं आयुक्त नगर निगम ऊना जिला ऊना से मिले। सर्वप्रथम प्रतिनिधि मंडल ने नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाने के कार्य का समर्थन किया एवं सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया की बरसात शुरू हो गई है। नाले और नालियों की सफाई का कार्य कुछ जगह पर तो शुरू हुआ है, बाकी जगह पर भी कार्य को अतिशीघ्र शुरू करवाया जाए। बिजली की लटकी लाइनों को दुरुस्त करवाया जाए। क्षेत्र में पीने की पाइप कई जगह पर, गंदे पानी की नालियों से होकर गुजर रही हैं, कभी भी जन स्वास्थ्य के लिए खतरा हो सकता है। क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएं। अतिरिक्त उपायुक्त एवं आयुक्त नगर निगम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों का शीघ्र ही समाधान करवाया जाएगा।

### बुधान में डॉ. सुमन शर्मा ने कृष्ण सुदामा की मित्रता का किया जीवंत

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** उपमंडल के बुधान पंचायत में आयोजित भागवत कथा में श्रोताओं को भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की अनोखी मित्रता की मार्मिक कथा सुनने को मिली। कथा वाचन कर रहे डॉ. सुमन शर्मा ने जब सुदामा की दरिद्रता और कृष्ण के ऐश्वर्यपूर्ण प्रेम का चित्रण किया, तो उपस्थित जनमानस भावविभोर हो उठा।

डॉ. सुमन शर्मा ने कथा में बताया कि जब सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के आग्रह पर अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने के लिए द्वारका के लिए निकले, तो सुशीला ने चावलों की एक छोटी गठरी उनके साथ बांध दी। द्वारका पहुंचने पर सुदामा ने द्वारपालों से कहा कि वे श्रीकृष्ण से मिलने आए हैं, तो पहले उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया, लेकिन जैसे ही श्रीकृष्ण को यह पता चला कि बाहर सुदामा खड़े हैं, वे स्वयं दौड़े-दौड़े महल के द्वार तक आए और सुदामा को गले लगाकर अंदर ले गए। उन्होंने सुदामा का बड़े आदर-सत्कार से स्वागत किया और मित्र धर्म की मिसाल कायम की।

जब सुदामा अपने घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि जहां पहले झोपड़ी थी, वहां अब भव्य महल खड़ा है। पत्नी सुशीला ने बताया कि यह सब उनका ही घर है और यह सब भगवान श्रीकृष्ण की कृपा का प्रतिफल है। कथा के दौरान श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम में शकुंतला देवी, सतीश कुमार वोहरा, रेखा देवी, साहिल कुमार, साक्षी, कबू, अश्विन कुमार, अंजना देवी, विनोद कुमार, मीना देवी, अभिषेक, रेखा, वासु सहित गांव के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बीहड़ू में खुलेगी बैंक की नई शाखा

## बंगाणा में एटीएम के उद्घाटन के बाद बोले कांगड़ा बैंक के चेयरमैन कुलदीप

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बीहड़ू उपतहसील वासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब उन्हें राजस्व जमा करने और अन्य बैंकिंग सुविधाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक जल्द ही बीहड़ू में अपनी नई शाखा खोलने जा रहा है। इस संबंध में प्रपोजल तैयार कर लिया गया है और जल्द ही इसे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष प्रस्तुत करके उद्घाटन किया जाएगा। कांगड़ा बैंक के राज्य के चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया ने बंगाणा में एटीएम सेवा का शुभारंभ करने के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ के बीहड़ू उपतहसील होने के बावजूद यहां अभी तक बैंक की कोई स्थायी शाखा नहीं थी, जिससे स्थानीय जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कांगड़ा बैंक की शाखा खोलने से न केवल राजस्व कार्यों में सुविधा होगी, बल्कि लोगों को बैंकिंग सेवाओं के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।



बंगाणा में कांगड़ा बैंक शाखा में एटीएम का शुभारंभ करते कुलदीप सिंह पठानिया।

**बोले-कांगड़ा बैंक ग्राहकों के लिए चलाएगा और सुविधाएं**

चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. रामनाथ शर्मा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कुटलैहड़ क्षेत्र में कांगड़ा बैंक की मजबूत उपस्थिति उन्हीं की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बंगाणा, थानाकलां और लठियाणी जैसे क्षेत्रों में कांगड़ा बैंक की शाखाएं पहले से ही ग्राहकों को बेहतर सेवाएं दे रही हैं और अब बीहड़ू में शाखा खुलने से इस कड़ी में और मजबूती आएगी।

कुलदीप सिंह पठानिया ने यह भी कहा कि कांगड़ा बैंक प्रदेश में अपने विस्तार की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। जल्द ही बैंक में नई भर्तियों की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, साथ ही, ग्राहकों को लाभ पहुंचाने के लिए कई नई योजनाएं भी शुरू की जाएंगी। हमारा उद्देश्य है कि बैंकिंग सेवाएं न केवल सुगम हों, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी आसानी से उपलब्ध हों।

कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि बैंक के विस्तार से जुड़ी सभी योजनाओं की रूपरेखा तैयार कर ली गई है और इन सभी प्रस्तावों को जल्द ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ साझा किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री के सहयोग से कांगड़ा बैंक का विस्तार और तेजी से होगा।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर बंगाणा के एसडीएम सोनू गोयल, कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, निदेशक कैप्टन प्रीतम डडवाल, मनोहर लाल, जिला पार्षद सदस्य सत्या देवी, केसीसी बैंक के सुमेश शर्मा, सुनील कुमार, पूर्व प्रधान महिंद्र सिंह, कांग्रेस नेता सुदेश कुमार शर्मा, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य के अलावा अन्य गणमान्य एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# महिंद्र शर्मा को श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति का सदस्य किया नामित

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

उत्तराखंड सरकार द्वारा ऊना के उद्योगपति एवं दानवीर महिंद्र शर्मा को श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति में सदस्य नामित किया गया है। यह समिति उत्तराखंड में स्थित चार धाम स्थलों पावन बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री तथा राज्य में स्थित 45 अन्य पौराणिक धार्मिक स्थलों का प्रबंधन करती है।



**समिति का गठन :** उत्तराखंड सरकार के सचिव शैलेश बगौली द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य मंत्री हेमंत त्रिवेदी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें महिंद्र शर्मा हिमाचल से अकेले सदस्य मनोनीत किए गए हैं। महेंद्र शर्मा ने बताया कि श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति उत्तराखंड चारधाम की यात्रा के दौरान देश के कोने-कोने से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के रहने, ठहरने और दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करती है। इस यात्रा में प्रत्येक सीजन में औसतन 50 लाख लोग चार धाम मंदिरों के दिव्य दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं।

**समिति की गतिविधियां :** श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति संस्कृत भाषा के प्रसार हेतु सात संस्कृत विद्यालयों का संचालन करती है, जिनमें छात्रों को निशुल्क छात्रावास एवं छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है, साथ ही एक गुप्तकाशी विद्यापीठ में स्थित आयुर्वेदिक फार्मेसी विद्यालय का भी संचालन करती है।

**शीतकालीन चारधाम यात्रा को बढ़ावा :** उत्तराखंड सरकार शीतकालीन चारधाम यात्रा पर जोर देते हुए प्रदेश में 12 महीने चारधाम यात्रा संचालित करना चाहती है, ताकि शीतकाल के दौरान भी श्रद्धालु चारों धामों के प्रवास स्थल पर भगवान के दर्शन कर सकें। इससे न सिर्फ श्रद्धालुओं को शीतकाल के दौरान चारधाम के दर्शन करने का सौभाग्य मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार के नए साधन भी मिल सकेंगे।

## 30 को कई गांवों में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** विद्युत उपमंडल चौकीमनयार के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी सब स्टेशन भैरा में आवश्यक मुरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके चलते 30 जून को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी।

इस मुरम्मत कार्य के कारण भैरा, सोहरी, धुसाड़ा, चूरूड़ु, चौकीमनयार, पंजावर, पैरागॉन, हम्बोली, दिलवां, बड़ूही, दियाड़ा, घंडावल, भलोह, पलियां, स्तोथर, नंदपुर, टकारला, ठठल सहित कई गांवों में बिजली नहीं रहेगी। यह जानकारी विद्युत विभाग के इंजीनियर बृजमोहन ने दी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह कार्य जनता की बेहतर बिजली सुविधा के लिए आवश्यक है। यह कार्य मौसम पर निर्भर रहेगा। इस कार्य में फेरबदल भी किया जा सकता है।

## इन्नरव्हील क्लब ऊना ने घोषित की वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**सामाजिक सेवाओं को नई दिशा देने का लिया संकल्प**

इन्नरव्हील क्लब ऊना ने वर्ष 2025-26 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा कर दी है। नवगठित कार्यकारिणी में शोभा सोनी को क्लब की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शोभा सोनी सामाजिक गतिविधियों में वर्षों से सक्रिय रही हैं और समाज सेवा, महिला उत्थान तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा जाता रहा है। उन्होंने अध्यक्ष पद संभालते हुए कहा कि वह अपने कार्यकाल के दौरान क्लब को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सचिव पद की जिम्मेदारी अमरजीत बबली को सौंपी गई है, जो क्लब की अनुभवी और समर्पित सदस्य रही हैं। क्लब की कोषाध्यक्ष नीरूपमा महाजन व उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा को चुना गया है, जबकि मीरा मेहता को आई.एस.ओ. के रूप में नियुक्त किया गया है। क्लब की एडिटर की जिम्मेदारी डॉ. जागृति दत्ता को सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त, रंजना बख्शी को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। नई कार्यकारिणी ने महिलाओं के सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया है।



अध्यक्ष शोभा सोनी ने कहा कि वह क्लब की परंपराओं को बनाए रखते हुए नवीनतम विचारों और योजनाओं के साथ समाज सेवा को और सशक्त बनाएंगी। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष रमा कंवर व अन्य सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि नई टीम क्लब के उद्देश्यों को मजबूती से आगे बढ़ाएगी।

## गुप्त नवरात्र पर मां चिंतपूर्णी में उमड़े श्रद्धालु

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** गुप्त नवरात्र के अवसर पर मां चिंतपूर्णी के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर में चहल-पहल का माहौल है और भक्त मां चिंतपूर्णी की पूजा-अर्चना में लीन हैं। पुजारी बारीदार सभा के प्रधान ने सभी भक्तों को गुप्त नवरात्र की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि गुप्त नवरात्रों के दौरान मां चिंतपूर्णी की पूजा-अर्चना करने से भक्तों को विशेष लाभ होता है और उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

भक्तों ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगाई और अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की कामना की। गुप्त नवरात्र के अवसर पर मां चिंतपूर्णी के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्तों ने मां चिंतपूर्णी की पूजा-अर्चना की और अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की कामना की।



गुप्त नवरात्र में चिंतपूर्णी के दरबार में मां का आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की चहल-पहल है।

### सौंदर्यीकरण को मंदिर प्रशासन ने शुरू की कदमताल

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** धार्मिक शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए मंदिर प्रशासन द्वारा कदमताल शुरू कर दी गई है। वीरवार को मंदिर प्रशासन द्वारा मंदिर के विस्तार और सौंदर्यीकरण के लिए दूसरे चरण का कार्य आरंभ कर दिया गया। मंदिर अधिकारी अजय मड़याल ने बताया कि चिंतपूर्णी मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जहां पर श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए मां की पावन पिंडी के दर्शन प्राप्त करते हैं।

**भू-मालिकों के साथ बातचीत :** मंदिर प्रशासन द्वारा दूसरे चरण में आने वाली दुकानों के भू-मालिकों के साथ बातचीत करके अंतिम रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसमें कुछ भू-मालिकों ने भूमि देने के लिए मना कर दिया है, लेकिन लगभग 23 भू-मालिकों ने अपनी भूमि मंदिर को देने के लिए आवेदन किया है।

**बैठक में विस्तार से चर्चा :** मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल की अध्यक्षता में बैठक की गई, जिसमें विस्तार से चर्चा की गई। मंदिर प्रशासन द्वारा तय नियमों के अनुसार ही भू-मालिकों से बातचीत की गई। इस बैठक में मंदिर सहायक अभियंता आरके जसवाल, अधीक्षक जीवन कुमार और संबंधित राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## आरुषि को योग में उत्कृष्ट उपलब्धि पर लठियाणी पंचायत ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, लठियाणी**



आरुषि शर्मा को सम्मानित करते पंचायत के प्रतिनिधि।

लठियाणी पंचायत के गांव बलियारा की होनहार छात्रा आरुषि शर्मा, जिन्होंने 'किस में कितना है दम' योग प्रतियोगिता के फाइनल में दूसरा स्थान हासिल कर पंचायत और क्षेत्र का नाम रोशन किया, को पंचायत स्तर पर भव्य रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरुषि के पिता संदीप कुमार का भी विशेष रूप से अभिनंदन किया गया।

पंचायत प्रधान जोगिंदर शर्मा ने आरुषि को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि एक छोटे से गांव और लठियाणी पंचायत की बेटी ने योग में अपनी प्रतिभा से इतना बड़ा मुकाम हासिल किया है। उपप्रधान निर्मल सिंह ठाकुर ने कहा कि आरुषि ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। पंचायत सदस्य अमरजीत कौशल ने कहा कि बलियारा जैसे छोटे गांव की बेटी आरुषि शर्मा ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर संकल्प मजबूत हो तो कोई भी मंच बड़ा नहीं होता। पंचायत सदस्यराकेश कुमार शर्मा ने आरुषि की सफलता का श्रेय उसके दादा लेख राज, माता रज्जू देवी, और पिता संदीप कुमार के मार्गदर्शन को दिया। पंचायत सदस्य सुरजीत कुमार, मीनाक्षी देवी, पंचायत सदस्य रीता देवी, अंजना कुमारी, अंजना देवी (लक्ष्मी), राजकुमारी और प्रशांत कुमार सहित सभी गांव वासियों ने आरुषि की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर योग, खेल और शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ें।

## दिव्यांगों के संरक्षण को लेकर डीसी ने दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय स्थानीय समिति की बैठक उपायुक्त जतिन लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मानसिक रूप से दिव्यांगजनों जैसे स्वपरायणता (ऑटिज्म), प्रमस्तिष्क घात (सेरेब्रल पाल्सी), मानसिक मंदता तथा बहु-दिव्यंगता से ग्रस्त व्यक्तियों के विधिक संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि यह अधिनियम ऐसे विशेष व्यक्तियों को कानूनी संरक्षण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिनके माता-पिता जीवित नहीं हैं या देखभाल करने वाला कोई नहीं है। उन्होंने बताया कि अधिनियम के लागू होने से पहले 18 वर्ष की आयु के बाद ऐसे दिव्यांगजनों के लिए संरक्षक नियुक्त करने का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं था, परंतु अब स्थायी अथवा सीमित अवधि के लिए विधिक संरक्षक बनाए जाने की प्रक्रिया सुलभ हुई है। उन्होंने जानकारी दी कि ऊना जिले में अब तक कुल 112 मामलों में स्थायी विधिक संरक्षक नियुक्त किए जा चुके हैं। उपायुक्त ने संबंधित सभी विभागों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे अधिनियम का प्रभावी कियान्वयन सुनिश्चित हो।



राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक में मौजूद डीसी जतिन लाल।

**एससी-एसटी अधिनियम के तहत 5 मामलों में जारी की 2.75 लाख की राहत राशि :** इसके साथ ही उपायुक्त ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति के लोगों को समाज में समानता का अधिकार दिलाने, जातिगत भेदभाव व अत्याचार निवारण को लेकर गठित जिला सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता भी की।

उपायुक्त ने बताया कि बीते तीन महीनों में 5 मामलों में पीड़ितों को 2 लाख 75 हजार रुपए की राहत राशि प्रदान की जा चुकी है। शेष पर कार्रवाई जारी है। उपायुक्त ने एससी-एसटी एक्ट अधिनियम के तहत लंबित मामलों को पूरी पारदर्शिता के साथ शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया, कार्यकारी जिला कल्याण अधिकारी जितेन्द्र कुमार, नेशनल करियर सेंटर के सहायक निदेशक रंजन चंगकाकोटी, उप जिला न्यायवादी भैरव नेगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## स्टेज कैरिज बस रूटों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** परिवहन विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रकाशित रूटों पर स्टेज कैरिज वाहनों के लिए हिमाचली युवाओं से विभिन्न जिलों के 350(टेम्पो ट्रैवलर) स्टेज कैरिज बस रूटों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अशोक कुमार ने जानकारी दी कि इच्छुक आवेदक 30 जून, 2025 तक विभाग की वेबसाइट https://online.himachaltransport.hp.gov.in/publiclogin पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में चयनित 15 मार्गों की सूची और रूटों के आवंटन प्रक्रिया के लिए नियमों और शर्तों का विवरण विभाग की वेबसाइट https://himachal.nic.in/transport पर उपलब्ध है।

इसके अलावा प्रकाशित रूटों की शर्तों सहित अन्य किसी भी स्पष्टीकरण के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय ऊना के दूरभाष नंबर 01975-203020 या कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

**सहायता** मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना से पहले पढ़ाई के लिए मदद, अब शादी के लिए भी मिली दो लाख रुपए की सहायता

# किस्मत की दुश्वारियों से जूझती कविता के लिए सुक्खू सरकार बनी 'अभिभावक'

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** किस्मत की दुश्वारियों से जूझती कविता के लिए हिमाचल की 'सुक्खू सरकार' सगे अभिभावक से कम नहीं है। ऊना जिले के जलग्रां टब्बा गांव की 24 वर्षीय कविता के सिर से छोटी उम्र में ही माता-पिता का साया उठ गया था। मौसी ने उसकी परवरिश की, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण अनेक दिक्कतें थीं और अब किशोरवय में आ चुकी कविता को आत्मनिर्भर बनाने और भविष्य को लेकर भी अनेक सवाल मुंह बाये खड़े थे, ऐसे में हिमाचल सरकार मां-बाप बनकर उसके साथ खड़ी हो गई।

इस अनाथ बेटी को हिमाचल प्रदेश की मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना ने वह सहारा दिया है, जो किसी परिवार का सगा अभिभावक ही दे सकता है। पहले उसे हर महीने चार हजार रुपए पॉकेट मनी और कौशल विकास कोर्स की मदद मिली और अब विवाह के समय सरकार ने दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देकर उसकी जिंदगी को एक नई दिशा दी है।



कविता



चंपा देवी

**जिले में अब तक 24 बेटियों के विवाह के लिए दी जा चुकी है 48 लाख की सहायता**

कविता बताती हैं कि जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने मुझे इस योजना के बारे में बताया, तो पहली बार महसूस हुआ कि कोई है जो हम जैसों की जिंदगी की फिक्र करता है। हमारे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और हिमाचल सरकार हमारे लिए सच्चे मायनों में अभिभावक हैं। वह कहती हैं कि सरकार से हर महीने चार हजार रुपए की पॉकेट मनी मिलने से जीवन में गरिमा और सम्मान का अहसास हुआ।

ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने सिलाई-कढ़ाई का कौशल विकास भी कोर्स किया। अप्रैल 2024 में उनकी शादी हुई, जिसके लिए योजना के अंतर्गत 1.40 लाख रुपए सीधे बैंक खाते में भेजे गए और 60 हजार रुपए की एफडी बनाई गई। यह केवल सहायता नहीं, यह भरोसे का नाम है।

कविता की मौसी चंपा देवी, जिन्होंने उसकी परवरिश की, कहती हैं कि सरकार की मदद से न केवल पढ़ाई और शादी के खर्च पूरे हुए, बल्कि हमें सामाजिक सुरक्षा और सम्मान का भी अहसास हुआ। उनका कहना है कि यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि भरोसे का नाम है। इसके लिए मुख्यमंत्री का जितना धन्यवाद करें, कम है।

### ऊना में 9 बेटियों को मिला लाभ

**एकीकृत** बाल विकास परियोजना के जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊना नरेंद्र कुमार बताते हैं कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत निराश्रित बेटियों के विवाह के लिए दो लाख रुपए की सहायता दी जाती है। ऊना जिले में अब तक इस योजना के तहत 24 बेटियों को विवाह के लिए कुल 48 लाख रुपए की सहायता दी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त योजना के तहत जिले में 294 बच्चों को सामाजिक सुरक्षा और स्वावलंबन गतिविधियों के लिए 3.11 करोड़ रुपए से अधिक की मदद दी जा चुकी है।

### अब ट्रांसजेंडर, परित्यक्त बच्चे और एकल नारियां भी शामिल

**जिला** बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप बताते हैं कि सरकार ने अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों इसमें कवर करने के लिए योजना को विस्तार दिया है। इसमें अब ट्रांसजेंडर, परित्यक्त और सरेंडर बच्चे तथा एकल नारियां भी शामिल की गई हैं। योजना के तहत एकल नारियों को हर महीने 2500 रुपए की सामाजिक सुरक्षा राशि का प्रावधान है।

**सरकार निभा रही है सच्चे अभिभावक की भूमिका :** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का कहना है कि जिन बच्चों के माता-पिता नहीं हैं, उनके लिए सरकार ही माता-पिता है। हम न केवल उनका पालन-पोषण करेंगे, बल्कि उन्हें हर वह सहायता देंगे, जो एक परिवार देता है। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, कोचिंग, आवास, भोजन, वस्त्र, भत्ता और विवाह जैसी सभी आवश्यकताओं की समुचित पूर्ति की जाती है। बच्चों को हर महीने 4000 रुपए पॉकेट मनी, कपड़ों का भत्ता और त्योहार भत्ता भी दिया जाता है। नामी शिक्षण संस्थानों में दाखिले और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पात्र बच्चों को स्वयं का घर बनाने के लिए 3 बिस्वा भूमि और 3 लाख रुपए की आर्थिक मदद का प्रावधान भी किया गया है। राज्य सरकार ने इन बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा देने का कानून बनाया है। इस प्रकार का कानून बनाने वाला हिमाचल देश का इकलौता राज्य है। यह सरकार की संवेदनशील सोच को दर्शाता है। अनाथ बच्चों को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार देते हुए सरकार ने 27 वर्ष की आयु तक उनकी संपूर्ण देखभाल का जिम्मा लिया है।

**क्या कहते हैं जिलाधीश :** जिलाधीश ऊना जतिन लाल का कहना है कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की संवेदनशील सोच के अनुरूप, हर पात्र लाभार्थी तक योजना की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

# जहां कभी बसता था गांव, आज शेष बचे तबाही के निशां

## 24 को जीवानाला में बादल फटने के बाद आई बाढ़ ने सिउंड व शरन बिहाली में मचाया था कहर

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**सैंज।** सैंज घाटी के शरन बिहाली में जहां कभी एक खुशहाल गांव बसता था, वहां पर आज सिर्फ तबाही के निशां नजर आ रहे हैं। गत 24 जून को सैंज के सिउंड और शरन बिहाली में बादल फटने से बाढ़ आई थी, जिससे सैंज तक कहर बरपाया था। जीवानाला में बादल फटने का दर्द शरन बिहाली वासियों को कभी न भूलने वाला दर्द दे गया है।

इस घटना में पलभर में पांच घरों का नामोनिशान मिट गया और हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग बह गए। तीन दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। बाढ़ की चपेट में 72 साल के नंद लाल, उनकी 15 साल की बेटी मूर्ति देवी और 67 साल की बहन यान दासी शामिल हैं। यान दासी दो दिन पहले ही रैला गांव से अपने दांत का इलाज करवाने के लिए सैंज आई थीं। नंद लाल के बेटे भाग चंद ने इस घटना के बारे में बताया कि उस समय वह घर पर मौजूद नहीं थे, लेकिन उनकी माता ने उन्हें आप बीती सुनाई, जो कि बेहद खौफनाक है। बाढ़ उनके आशियाने के साथ साथ उनकी पिता, बुआ और बहन को भी अपने साथ बहा ले गई। उन्होंने भावुक होकर बताया कि जिस गांव, घर में उनका बचपन बीता आज उस जगह पर कुछ भी शेष नहीं बचा है। शरन बिहाली गांव के सभी पांच घरों का नामोनिशान मिट चुका है। वहीं, स्थानीय ग्रामीण प्रीतम चंद के अनुसार बादल फटने से नाले में बाढ़ का इतना भयंकर रूप था कि एक पल में इस गांव का नामोनिशान मिट गया। उन्होंने कहा कि यहां पर बीर सिंह, खीमी राम और नंद लाल के तीन परिवारों के 16 सदस्य रहते थे। यह मंजर बहुत ही डरावना व खतरनाक था। इस घटना में लोगों के घरों के साथ-साथ बाढ़ की चपेट में बिहाली गांव में तीन परिवारों की करीब 15 भेड़ें व अन्य पशु आ गए। पानी का बहाव इतना तेज था कि किसी को संभलने का मौका भी नहीं मिल पाया।



शरन बिहाली में बादल फटने से आई बाढ़ भी नहीं हिला पाई मंदिर।

### पानी का सैलाब भी नहीं हिला पाया मंदिर को

अनंत ज्ञान फोटोऑप

**सिउंड** में जहां बाढ़ ने इतना कहर बरपाया और लोगों को काफी नुकसान हुआ। वहीं, यहां पर स्थित माता जोगणी के मंदिर को पानी का यह सैलाब हिला तक नहीं सका। मंदिर के गुंबद तक पानी पहुंच गया था, लेकिन इसके बावजूद मंदिर पूरी तरह सुरक्षित है। स्थानीय लोग इसे माता की शक्ति बता रहे हैं।

### खराब मौसम ने रोके सीएम के कदम

**शुक्रवार** को सीएम सैंज बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर आ रहे थे, लेकिन सुबह शिमला में मौसम खराब होने के कारण उनका दौरा रद्द हो गया। सरकार व प्रशासन ने व्यापक स्तर पर प्रयास शुरू किया है। जनजीवन और यातायात को सामान्य बनाने की कवायद तेज हो रही है। शरन बिहाली में तो लोगों पर कुदरत का ऐसा कहर टूटा कि रिहायशी मकानों से लोग सोने के आभूषण, नकदी तथा अन्य कुछ भी सामान नहीं बचा पाए।

### दो साल पहले भी कुदरत ने बरपाया था कहर

**नौ** जुलाई, 2023 को जिला कुल्लू के सैंज में आई भयंकर बाढ़ ने घाटी में खूब कहर बरपाया था। बारिश और बाढ़ के कारण जहां लोगों की जीवन भर की कमाई पानी हो गई थी। वहीं, बारिश उनके आशियाने, दुकानें जमीन भी बहा कर ले गई थी। एक बार फिर यहां पर वही हालात बन गए हैं।

### प्रोजेक्टों को भी पहुंचा नुकसान

**अब** अगर पीछे कुछ शेष बचा है तो उस बाढ़ के मलबे में दबा टूटा-फूटा सामान और उस भयंकर बाढ़ के बाद की खौफनाक तस्वीरें। बारिश व बाढ़ से सिउंड में जहां एनएचपीसी चरण दो प्रोजेक्ट के पावर हाउस को नुकसान हुआ है। वहीं, सैंज जलविद्युत परियोजना को भी काफी नुकसान झेलना पड़ा है। शरन बिहाली व सिउंड से लेकर सैंज तक जीवानाला में आई बाढ़ ने सब कुछ दफन कर दिया है।

# चरस मामले में आरोपी को 13 साल की सजा व 1 लाख 30 हजार रुपए का जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला न्यायवादी कुलभूषण गौतम ने जानकारी दी कि विशेष न्यायाधीश-1 कुल्लू, प्रकाश चंद राणा की अदालत ने एक आरोपी हरीश कुमार, पुत्र तारा चंद, निवासी गांव अपर पंडोह, पीओ पंडोह तहसील और जिला मंडी, एचपी को एनडीपीएस अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया है और उसे 13 साल की अवधि के लिए कठोर कारावास और 1,30,000 रुपए का जुर्माना भरने की सजा सुनाई है और जुर्माना न भरने की स्थिति में दोषी को छह महीने की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। उन्होंने मामले के तथ्य बारे बताया कि 4 मई 2023 को सायं लगभग 6 बजे, जब पुलिस थाना पतलीकूहल जिला कुल्लू के एचसी भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल गश्त, आबकारी मामलों का पता लगाने तथा नाकाबंदी ड्यूटी के संबंध में डोभी-नेरी मार्ग पर पहराड़ी नाले के निकट रहस्यानी स्थान पर मौजूद था, तो आरोपी पैदल आया तथा उसके हाथ में एक पिट्ठू बैग था तथा पुलिस वाहन को देखकर उक्त व्यक्ति ने अपने साथ ले जा रहे पिट्ठू बैग को सड़क के दाईं ओर फेंक दिया, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर पिट्ठू बैग की तलाशी ली, तो उसमें से 3.580 किलोग्राम चरस बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने जांच की और जांच पूरी होने पर आरोपी के खिलाफ चालान कोर्ट में पेश किया। मामले की सुनवाई पूरी होने पर विशेष न्यायाधीश-1 कुल्लू की कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उपरोक्त सजा और जुर्माना लगाया है। वर्तमान मामले में आरोप साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने कुल 12 गवाहों की जांच की।

# जल्द से जल्द राशनकार्ड की करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की त्रिलोकीनाथ पंचायत में जनजातीय गौरव वर्ष के तहत धरती आबा जनजातीय अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में स्वास्थ्य, आयुष, पशु पालन, राजस्व, तहसील कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खंड विकास कार्यालय, कृषि व बागवानी विभागों द्वारा लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। स्थानीय लोगों ने भी इन शिविरों का भरपूर लाभ उठाया। इसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य जांच करवाई। इस मौके पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आने वाले स्थानीय ग्राम पंचायत के 40 निवासियों के राशनकार्डों की ई-केवाईसी की गई। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने सभी से आग्रह किया कि जिन राशनकार्ड उपभोक्ताओं ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई, वह जल्दी से जल्दी अपने राशनकार्ड की ई-केवाईसी करवाएं, ताकि योजना का लाभ उन्हें मिलता रहे। इस दौरान शिविर में राजस्व विभाग ने 8 विभिन्न प्रमाण पत्र, बागवानी विभाग द्वारा उद्यान कार्ड, ग्रामीणों के 12 आधार कार्ड अपडेट करवाने का कार्य किया गया। आयुष विभाग द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में 25 लोगों और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 लोगों का परीक्षण किया गया और निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास लाहौल अकांक्षा शर्मा ने बताया कि जनजातीय गौरव वर्ष के तहत 30 जून को केलांग पंचायत में धरती आबा जनजातीय अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान दिनेश कुमार व पंचायत निवासियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**त्रिलोकीनाथ में धरती आबा जनजातीय शिविर आयोजित**

# छात्रों को भारतीय सेना में करियर ऑपरेशन सिंदूर की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, मनाली**

भारतीय सेना की 84 आर्मर्ड रेजिमेंट ने रावमा पाठशाला मनाली में कार्यक्रम आयोजित किया। सेना के अधिकारियों ने छात्रों को भारतीय सेना, सेना में करियर, ऑपरेशन सिंदूर और स्वच्छ हिमालय के बारे में जानकारी दी।



भारतीय सेना की 84 आर्मर्ड रेजिमेंट का यह दल अपना 50वां स्थापना दिवस मना रहा है। दल कांगड़ा के बीड बिलिंग से ट्रेकिंग कर भुभु जोत होते हुए कुल्लू-मनाली पहुंचा है। इस दल में एक ऑफिसर, दो जेसीओ, सात जवान शामिल हैं। भारतीय सेना की 84 आर्मर्ड रेजिमेंट के कैप्टन कुणाल सागर ने अपनी टीम के साथ रावमा पाठशाला के विद्यार्थियों के साथ प्रार्थना सभा में भाग लिया। उन्होंने बताया कि एक जुलाई को भारतीय सेना की 84 आर्मर्ड रेजिमेंट अपनी 59वीं वर्षगांठ मना रही है। दल ने 16 जून को बीड बिलिंग से कुल्लू के लिए ट्रैकिंग शुरू की। भुभु जोत होते हुए 10 दिन के भीतर 200 किमी का सफर तय किया। रास्ते में विद्यार्थियों व ग्रामीणों को भारतीय सेना, सेना में करियर, आपरेशन सिंदूर और स्वच्छ हिमालय के बारे में जानकारी दी। प्रार्थना सभा के बाद कैप्टन कुणाल सागर ने अपनी टीम के साथ स्कूल के विद्यार्थियों के साथ वार्तालाप किया। विद्यार्थियों को उन्होंने भारतीय सेना सहित ऑपरेशन सिंदूर की समस्त जानकारी साझा की। कुणाल ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एनएसएस सहित एनसीसी व अन्य विद्यार्थियों के प्रश्नों के जवाब भी दिए। स्कूल प्रबंधन के साथ रोटरी क्लब मनाली के सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लेकर सेना के दल का मनोबल बढ़ाया।

## मनाली स्कूल में द्विसंकुल स्तरीय आचार्य विकास वर्ग का शुभारंभ

# भारतीय शिक्षण पद्धति पर डाला प्रकाश



अनिला महाजन सरस्वती स्कूल मनाली में आचार्य विकास वर्ग के शुभारंभ मौके पर।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

अनिला महाजन सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाली में द्विसंकुल स्तरीय आचार्य विकास वर्ग का शुभारंभ हुआ।

हिमाचल प्रांत के संगठन मंत्री ज्ञान सिंह ने विकास वर्ग की विधिवत शुरुआत की। कुल्लू जिलाध्यक्ष व स्थानीय विद्यालय के प्रबंधक ओम प्रकाश ठाकुर, प्रबंध समिति के सदस्य अमर सिंह, प्रांत प्रशिक्षण संयोजक सुनील कुमार, संस्कृत विषय संयोजक प्रवीण कुमार शास्त्री, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य रूम सिंह ठाकुर, कटराई संकुल प्रमुख जितेंद्र वर्मा व अन्य विद्यालयों से आए हुए प्रधानाचार्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम प्रांत संगठन मंत्री व अन्य गणमान्यों ने दीप प्रज्वलित कर मां शारदा के चरणों में पुष्प अर्पित किए। आचार्य विकास वर्ग में दो संकुलों के 117 आचार्य-दीदियां भाग ले रहे हैं तथा अभ्यास वर्ग में शिक्षण से संबंधित नई-नई तकनीकों व विधियों को जानेंगे। आचार्य वर्ग के उद्घाटन के अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री ने इस प्रकार के वर्गों के महत्व से सबको अवगत करवाया।

उन्होंने विस्तृत जानकारी दी कि बार-बार आचार्य विकास लगाने के क्या लाभ हैं। प्रांत वर्ग संयोजक सुनील कुमार ने भारतीय शिक्षण पद्धति पर प्रकाश डाला। सुनील कुमार ने भारतीय शिक्षा पद्धति में पंचपदी आर पंचकोष के महत्व को बताया। प्रधानाचार्य रूम सिंह ने बताया कि अध्यापकों की तीन दिन चलने वाली इस कार्यशाला का समापन 29 जून सायं पांच बजे होगा।

# कॉलेज में सभी विषयों में सीटें बढ़ाने की रखी मांग



एनएसयूआई के कार्यकर्ता राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के प्रॉचार्य को ज्ञापन देते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएसयूआई राजकीय महाविद्यालय कुल्लू इकाई ने सभी विषयों में सीटें बढ़ाने के लिए कॉलेज प्रबंधन को एक ज्ञापन पत्र सौंपा।

एनएसयूआई का कहना है कि हर वर्ष छात्र संख्या बढ़ रही है, लेकिन सीटों की संख्या सीमित होने के कारण कई छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पाता। इस समस्या को देखते हुए एनएसयूआई ने मांग की है कि सभी पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि अधिकतम छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके। इस ज्ञापन के तुरंत बाद कुल्लू महाविद्यालय प्रशासन ने सभी एचओडी और स्टाफ के साथ एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई और बैठक में ये फैसला किया गया कि सिटे बढ़ाई जाएं तथा उसके तुरंत बाद हर विषय की सीटें को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि हम धन्यवाद करते हैं कुल्लू कॉलेज के प्रॉचार्य का जिन्होंने इसपर तुरंत कदम उठाया। कॉलेज में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

# कुल्लू अस्पताल में भर्ती अज्ञात व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में दाखिल एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है। अस्पताल कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने की कोशिश की, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। शिनाख्त के लिए शव को पुलिस ने डेड हॉउस कुल्लू में रखवा दिया है। भुंतर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह व्यक्ति 12 जून को बीमारी के चलते कुल्लू अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती हुआ, जिसका उपचार चला हुआ था, लेकिन 26 जून को व्यक्ति की मौत हो गई, जिसने पर्ची में अपना नाम सुभाष उम्र 45 वर्ष दर्ज करवाई है। मिली जानकारी के अनुसार व्यक्ति भुंतर एरिया में घूमता था, जो अपने आपको बिहार का मूलनिवासी बताता था। कार्यकारी थाना प्रभारी भुंतर महेंद्र कुमार ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के परिजनों का पता लगाने के लिए पुलिस छानबीन में जुट गई है, शव की शिनाख्त का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

# गीत-अगीत विशेषांक का हुआ विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** ग्लोबल विलेज स्कूल, हुरला, कुल्लू में रचना पत्रिका के विशेषांक का विमोचन पंजाब विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के चेयरमैन डॉक्टर अशोक कुमार सभरवाल ने किया। सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला में हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर अशोक कुमार तथा उनकी धर्मपत्नी प्रेम देवी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। कवि गणेश गनी ने बताया कि रचना का जनवरी-जून 2025 अंक गीत-अगीत विशेषांक है। यह अंक इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इसमें गीतों के अलावा समकालीन कविता के विभिन्न शेड्स भी हैं। हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित कवि कुमार कृष्ण की कविता से शुरू होकर अंत में ज्ञान वर्मा के पत्र को मिलाकर रचना में 24 कवियों की कविताएं हैं। इस अंक में पंजाब विश्वविद्यालय से डॉक्टर अशोक कुमार आस, गणेश गनी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी से डॉक्टर अनिल कुमार पांडेय आदि की कविताएं हैं।

# मौसम सामान्य होने तक साहसिक गतिविधियों पर रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल बैठक में जिला कुल्लू में हुई भारी वर्षा, बादल फटना, अचानक बाढ़ और जलस्तर में वृद्धि पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने जन जीवन की सुरक्षा, आपदा जोखिम में कमी और रोकथाम उपायों को प्रभावी तरीके से लागू करने के दिशा-निर्देश जारी किए। शुक्रवार को डीसी ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 33 व 34 के अंतर्गत दिशा-निर्देश जारी किए। जारी आदेशों में सभी जल विद्युत परियोजनाओं में अर्ली वार्निंग सिस्टम पूरी तरह कार्यशील रखने, सायरन, हूटर या माइक प्रणाली सक्रिय रखने और अचानक जल छोड़े जाने या जलस्तर बढ़ने की स्थिति में तत्काल सक्रिय करने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को मानक संचालन प्रक्रिया सुनिश्चित करने को कहा गया है।

तहसीलदार, श्रम अधिकारी व थाना प्रभारी के साथ समिति बनाकर नदी किनारे बसे, अवैध निर्माण, झुग्गियां आदि की पहचान व निष्कासन की कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। डीसी ने जिले में राफ्टिंग, रिवर क्रॉसिंग, पैराग्लाइडिंग, जिपलाइनिंग आदि सभी गतिविधियों को मौसम सामान्य होने तक तत्काल स्थगित करने के निर्देश जारी किए हैं। टूर ऑपरेटर्स, साहसिक खेल एजेंसियों को सुरक्षा मानकों पर जागरूक करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मौसम संबंधी सूचनाओं की जानकारी के लिए सभी को सचेत मोबाइल ऐप से जागरूक करने के लिए कहा गया है। आदेशों में पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि कोई भी व्यक्ति नदी किनारे, बाढ़ संभावित या हाई फ्लड लेवल जोन में न जाए। होटलों/रेस्तरां द्वारा नदी के किनारे बनाए गए ओपन सिटिंग एरिया को तत्काल हटाने और एसडीएम, पर्यटन, पुलिस टीम नियमित गश्त कर उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश जारी किए गए। जारी निर्देशों में वन विभाग को ट्रैकिंग और कैंपिंग के लिए आईएमडी अलर्ट या खराब मौसम में अनुमति जारी करने के लिए मना किया गया है। पहले से जारी अनुमतियों की भी मौसम के हिसाब से समीक्षा कर स्थगित करने के निर्देश दिए गए हैं। ट्रैकर्स को लकड़ी के पुल या पगडंडियों के खतरे के प्रति आगाह करने के लिए कहा गया है।

### नदियों व खड्डों में न हो अवैध खनन

**आदेशों** में बागवानी/कृषि विभाग, एपीएमसी सचिव, ग्राम प्रधान यह सुनिश्चित करें कि कोई भी मजदूर नदी किनारे, खड्डों या जलधाराओं के पास न रुके। बागवानों को इस तरह के खतरों के प्रति जागरूक करने और मजदूरों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने को कहा गया। उद्योग विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि नदियों व खड्डों में अवैध खनन न हो, जो बाढ़ के समय अत्यधिक जोखिम पैदा करता है। सभी स्कूल, कॉलेज, तकनीकी संस्थान, नर्सिंग कॉलेज छात्रों व स्टाफ को जागरूक करने और उन्हें नालों, पुलों और नदियों से दूर रहने की सलाह देने को कहा गया है। जिला पंचायत अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी डीआरडीए को सभी पंचायतों में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष ग्राम सभाएं आयोजित कर नदियों/नालों के पास स्थायी/अस्थायी निर्माण न करने, उखड़े पेड़/लकड़ियां बटोरने हेतु नदी के पास नहीं जाने प्रति जागरूक करने को कहा गया है।

# वुशू में टेक्निकल ऑफिशियल की भूमिका निभाएंगे लुदर चंद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू वुशू संघ के महासचिव व वुशू के कोच लुदर चंद ने कहा कि 24वीं जुनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता 1 से 6 जुलाई तक हैदराबाद तेलंगाना में होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में जिला कुल्लू से 2 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसमें जूनियर वर्ग में भारत भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढालपुर कुल्लू की सानिया ठाकुर 48 किलोग्राम भार वर्ग में और अक्षित वुशू स्पोर्ट्स अकादमी बजौरा का पंकज ठाकुर का 70 किलोग्राम भार वर्ग में चयन हुआ है। अब दोनों खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश वुशू की टीम से खेलेंगे। इस अवसर पर जिला वुशू संघ के अध्यक्ष पूर्ण चंद, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, झाबे राम सहसचिव, चेतन लाल सदस्य, चंद्रेश्वरी, वीना देवी, राकेश कुमार, मिनेश ठाकुर, ज्ञान सिंह ठाकुर, गगन कुमार ने शुभकामनाएं दीं।

# करजां पंचायत के लोग बोले, बंद हो कनोई नाला हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट

**अनंत ज्ञान, मनाली**

**प्रधान की अध्यक्षता में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

ग्राम पंचायत करजां के ग्रामीण कनोई नाले में बन रहे हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के विरोध में उतर आए हैं। ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रधान आशा कुमारी की अध्यक्षता में एसडीएम मनाली को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने प्रशासन व सरकार से मांग की है कि इस हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट को बंद किया जाए। पंचायत प्रधान आशा कुमारी व उपप्रधान अमर राणा ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के विरोध में प्रस्ताव भी पारित किया है। उन्होंने कहा कि कनोई नाले में पानी की मात्रा सीमित है। किसानों-बागवानों की भूमि की सिंचाई भी इसी नाले के पानी से होती है। उनका कहना है कि इस प्रोजेक्ट के बनने से सारी कूल्हें सूख जाएंगी। भविष्य में पानी की समस्या उत्पन्न हो सकती है। ग्राम कमेटियों, युवक मंडलों व महिला मंडलों के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह नाला स्थानीय दैवीय परंपराओं से जुड़ा हुआ है। भगवान विष्णु द्वारा इस कूहल को तोड़ने व भगवती दोचा मोचा द्वारा कूहल को जोड़ने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। उनका कहना है कि प्रोजेक्ट के निर्माण को लेकर करजां पंचायत से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं लिया गया है। गोजरा पंचायत से लिया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र भ्रामक एवं अमान्य है। उन्होंने कहा कि उस नाले में अगर यह प्रोजेक्ट लगता है, तो क्षेत्र के लोगों को पीने के पानी की समस्या हो जाएगी। बागवानों को सिंचाई व स्प्रे के लिए पानी नहीं मिलेगा। इस अनापत्ति पत्र में ग्रामीणों के अधिकारों एवं हितों की अनदेखी की गई है। इस दौरान ग्राम पंचायत करजां, ग्राम कमेटी करजां, गजां सजला, धमसु, सेरी नगर, महिला मंडल व युवक मंडल करजां, सजला, धमसु के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**इस्तकबाल** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का काजा पहुंचने पर किया गया भव्य स्वागत

# आज मंत्री काजा के लोगों को देंगे सौगातें



अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का स्वागत करते पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू अपने दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को काजा पहुंचे। समदो सीमा पर काजा प्रशासन, स्थानीय विधायक और भाजपा स्पीति मंडल ने केंद्रीय मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

प्रशासन की ओर से कार्यकारी एडीसी शिखा, जबकि भाजपा की ओर से पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने अगुवाई की। कार्यकारी एडीसी शिखा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री शनिवार, 28 जून को सुबह 10 बजे काजा क्रिकेट ग्राउंड में लगभग 74 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, आइस हॉकी रिंक, पवेलियन और स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि यह महत्वपूर्ण आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि इस परियोजना से लाहौल-स्पीति के युवाओं को विशेषकर विंटर गेम्स में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्पीति के कई युवक-युवतियां पहले ही आइस हॉकी जैसे खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं और अब यह सेंटर उनके भविष्य को और मजबूत करेगा। यह बहुप्रतीक्षित परियोजना क्षेत्र में खेलों के विकास के साथ-साथ पर्यटन को भी नई दिशा देगी। स्थानीय लोग केंद्रीय मंत्री के इस पहल के लिए आभार व्यक्त कर रहे हैं।

# रवि ठाकुर के नाम की आधारशिला पट्टिकाएं तोड़ीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** स्पीति घाटी के लिदांग और बातल क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों ने पूर्व विधायक रवि ठाकुर के नाम से लगी आधारशिला पट्टिकाओं को तोड़ दिया। इस घटना से क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। वन मंडल काजा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस थाना काजा में शिकायत दर्ज करवा दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के निदेशक चंपा छेरिंग ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह कृत्य पूरी तरह असभ्य और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्मृतियों और विकास कार्यों से जुड़ी पट्टिकाओं को तोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने इस घटना को राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि यह कृत्य राजनीतिक रंजिश का परिणाम है, जो दुर्भावना से किया गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उधर, डीएफओ काजा उमेश ने पुष्टि की कि वन विभाग ने घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज करवा दी है। उन्होंने बताया कि विभाग इन आधारशिला पट्टिकाओं को जल्द ही फिर से स्थापित करेगा। फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

# पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक भेजें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए, जिले के 18 साल तक के पात्र मेधावी बच्चे 31 जुलाई तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। यह नामांकन ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे। चयनित मेधावी बच्चों को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से दिल्ली में पुरस्कृत किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी कुल्लू गजेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 से 18 साल तक की आयु वर्ग के मेधावी बच्चे जिन्होंने खेल, समाज सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति और इनोवेशन के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है उसमें अपना नामांकन भर सकते हैं। उन्होंने जिले के 18 साल तक के पात्र बच्चों व उनके अभिभावकों से आग्रह किया कि वह प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए अपने नामांकन ऑनलाइन माध्यम से विभाग के https://awards.gov.in पर 31 जुलाई तक जमा करवाएं तथा इसकी जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में भी देना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया जा सके।

# निरमंड तहसील में प्रमाण पत्र प्रक्रिया में हो रही देरी

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** निरमंड तहसील में प्रमाण पत्रों की मंजूरी प्रक्रिया में हो रही भारी देरी को लेकर स्थानीय जनता और लोकमित्र केंद्र संचालकों में गहरा असंतोष व्याप्त है।

इस विषय को लेकर हिमाचल प्रदेश लोकमित्र केंद्र संचालक महासंघ की निरमंड इकाई ने एक माह पूर्व एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह सहित मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, डीसी कुल्लू और तहसीलदार को लिखित शिकायत सौंपी थी, लेकिन समाधान की बजाय, शिकायतकर्ताओं को ही जवाबदेह ठहराते हुए तहसीलदार निरमंड द्वारा नोटिस थमा दिए गए। महासंघ के प्रदेश महासचिव सनी दन्याल और निरमंड इकाई के अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि तहसीलदार द्वारा जारी नोटिस में लोकमित्र केंद्र संचालकों पर मनमाने शुल्क वसूलने, दर सूची सार्वजनिक न करने, अधूरे दस्तावेज भेजने और घोषणाओं पर हस्ताक्षर न कराने जैसे आरोप लगाए गए हैं। यहां तक कि कुछ पर कर्मचारियों पर दबाव बनाने के आरोप भी दर्शाए गए हैं, जबकि संघ का कहना है कि आप भले ही लोकमित्र केंद्र संचालकों पर भी जांच बिठाएं, लेकिन दूरदराज लोकमित्र केंद्रों से आम जनता के भेजे जा रहे प्रमाणपत्रों को समय रहते वेरिफाई कर अप्रूव कर दें।

संघ नेताओं का कहना है कि प्रशासनिक देरी का ठीकरा केंद्र संचालकों पर फोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां कुल्लू, नगर, बंजार, आनी और निथर जैसी तहसीलों में प्रमाण पत्र दो से तीन दिनों में जारी कर दिए जाते हैं। वहीं, निरमंड में यह प्रक्रिया सप्ताहों से महीनों तक लंबित रहती है। इस देरी के चलते आम जनता को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर ऐसे समय में जब कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया जारी है और छात्रों को प्रमाण पत्रों की अत्यधिक आवश्यकता है।

शिकायत ने यह भी कहा कि कई बार बिना स्पष्ट कारण के आवेदन रद्द कर दिए जाते हैं, जबकि कुछ मामलों में त्रुटिपूर्ण दस्तावेजों वाले आवेदनों को मंजूरी दे दी जाती है। इससे न केवल पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं, बल्कि अस्वीकृत प्रमाण पत्रों की फीस भी लोकमित्र केंद्रों को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा रही है। संघ का कहना है कि प्रमाण पत्रों को सुधार के लिए वापस भेजा जाए, न कि सीधे अस्वीकृत किया जाए, ताकि आवेदक दोबारा प्रयास कर सकें और उनका श्रम व शुल्क व्यर्थ न हो।

### जल्द किया जाएगा समस्या का समाधान : एसडीएम

**इस** बीच एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने कहा कि उन्हें शिकायत प्राप्त हुई थी और उन्होंने तहसीलदार को इस पर जल्द समाधान के निर्देश दिए थे। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि समस्या अब तक बनी हुई है, तो उसका समाधान जल्द किया जाएगा। जनता और संचालकों को उम्मीद है कि प्रशासन इस बार ठोस कदम उठाएगा।

**जनता और लोकमित्र केंद्र संचालक परेशान**

**प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप**

## न्यूज ब्रीफ

### पिकअप से अवैध शराब की 254 बोतलें बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना अर्की की पुलिस टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए अर्की क्षेत्र में रवाना थी तथा जब यह टीम दानोघाट में नाकाबंदी पर मौजूद थी, तो उसी समय एक बोलेरो कैंपर नं. एचपी-63बी-4674 आई, जिसे पुलिस पार्टी ने चैकिंग के लिए रोका, तो चैकिंग के दौरान उक्त कैंपर से 21 पेटियां देसी व अंग्रेजी शराब कुल 254 बोतलें, जिनमें 230 बोतलें देसी व 24 बोतलें अंग्रेजी शराब थी। बोलेरो कैंपर का चालक कोई भी परमिट व वैध कागजात पुलिस के समक्ष पेश न कर सका, जिस पर पुलिस थाना अर्की में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त मामले के अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त वाहन बोलेरो कैंपर को जब्त करके पुलिस ने कब्जे में लिया। आरोपी चालक मनोहर लाल पुत्र कृष्ण लाल निवासी गांव व डाकखाना जयनगर तह. अर्की जिला सोलन उम्र 37 वर्ष को बीएनएसएस के प्रावधानों के अनुसार धारा 35 (3) बीएनएसएस का नोटिस देकर पाबंद किया गया। आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

### उद्योग के जीएम ने की आत्महत्या, कर्ज बना वजह

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के पांवटा साहिब उपमंडल में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां एक उद्योग के जनरल मैनेजर (जीएम) अमित कुमार (45) ने अपने कमरे में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शुरुआती जांच में सामने आया कि भारी कर्ज इस आत्महत्या की वजह हो सकता है। मृतक की पहचान अमित कुमार, पुत्र भंवर सिंह, निवासी आनंद बिहार, गली नंबर-4, महावीर चौक, मुजफ्फरपुर (उत्तरप्रदेश) के रूप में हुई है। मृतक वर्तमान में लिबर्टी जूता फैक्टरी सतीवाला में काम करता था। पुलिस को सूचना मिली कि अमित कुमार ने अपने कमरे के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव उनके मामा राजेश कुमार को सौंप दिया गया। डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस हर पहलू से मामले की गहनता से जांच कर रही है। अमित कुमार के इस कदम के पीछे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की तफ्तीश जारी है।

### बच्चों को नशे से दूर रहने की दी नसीहत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरमौर नव कमल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरिपुरधार में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के उपलक्ष्य पर नशे से बचाव के लिए जागरूकता शिविर की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला सिरमौर में नशीले पदार्थों का लगातार उपयोग और आदतन उपयोग से छुटकारा दिलाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने स्कूली छात्रों से नशे की बढ़ती लत और इससे बचने के लिए अनेक उपायों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि नशे से किसी भी व्यक्ति का भविष्य खराब हो जाता है और उसके परिवार में अन्य परिवारजनों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने स्कूली बच्चों को नशे से बचने व अपने आस-पास के व्यक्तियों को जागरूक करने का आग्रह किया। उन्होंने स्कूली बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरमौर इन शिविरों के माध्यम से दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों की न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रहा है।

### स्टूडेंट्स को नशा न करने की शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** डिग्री कॉलेज कंडाघाट की नशा विरोधी समिति ने नशा विरोधी एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मदन लाल मनकोटिया ने की। इसमें शिक्षक व गैर-शिक्षक स्टॉफ और स्टूडेंट्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रोफेसर मानव चौधरी संयोजक, नशा विरोधी समिति ने नशे की लत और उसके व्यक्ति एवं समाज पर पड़ने वाले विनाशकारी प्रभावों पर अपने विचार रखे। उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान की संकल्पना पर प्रकाश डालते हुए 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस मनाए जाने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी साझा की। इस के उपरांत सभी उपस्थित शिक्षकों, कर्मचारियों ने नशा न करने की शपथ ली।

### मक्की व धान की फसलों का बीमा 15 तक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कृषि उपनिदेशक सिरमौर राजकुमार ने बताया कि जिला सिरमौर के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मक्की और धान की फसलों का बीमा 15 जुलाई तक करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मक्की और धान दोनो फसलों के लिए बीमित राशि 60 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर है। इसमें किसानों को बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा, जबकि शेष प्रीमियम राशि का भुगतान केंद्र और राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन फसलों का बीमा करवा कर किसान फसलों की बुआई से लेकर कटाई तक, प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा, बाढ़, सैलाब, आग, भूमि कटाव आदि के जोखिम से फसलों को सुरक्षित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त फसल कटाई के उपरांत दो सप्ताह तक खेत में रखी फसल को होने वाले नुकसान तथा स्थानीयकृत आपदाओं से होने वाले नुकसानों की भी भरपाई की जा सकती है। जिले में कृषि बीमा कंपनी एआईसी फसलों के बीमे के लिए चयनित की गई है। फसल बीमा से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त करनी हो तो नजदीकी कृषि कार्यालय अथवा कृषि बीमा कंपनी एआईसी के प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं। नाहन खंड के किसान 9816640065, पच्छाद में 9459815765, रेणुका और शिलाई में 8629808485 तथा पांवटा साहिब में 8219282290 पर जानकारी ले सकते हैं।

### ट्रैफिक से जुड़े मुद्दों को लेकर दिए सुझाव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** एसपी कार्यालय में रोड सेफ्टी क्लब की बैठक पुलिस उपअधीक्षक रमाकांत ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, विशेष रूप से रात्रि 8 से 9 बजे के बीच बिना हेलमेट और ओवर स्पीडिंग करने वाले बाइकरों को नियंत्रित करने पर गंभीरता से चर्चा हुई। बैठक में नाहन शहर में ट्रैफिक से जुड़े अन्य मुद्दों जैसे पार्किंग, अवैध अतिक्रमण और व्यस्त समय में जाम की समस्या को लेकर भी सुझाव प्रस्तुत किए गए। बैठक में सदस्यों द्वारा सख्त चालान प्रणाली, जनजागरूकता अभियान तथा प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त निगरानी व्यवस्था लागू करने के सुझाव दिए गए, जिन्हें अधिकारियों द्वारा गंभीरता से सुना गया। पुलिस उपअधीक्षक रमाकांत ने कहा कि यातायात नियमों का पालन सिर्फ कानून के डर से नहीं, बल्कि नागरिक कर्तव्य के रूप में होना चाहिए। हम सभी के सहयोग से नाहन की ट्रैफिक व्यवस्था को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाएंगे। इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने कहा कि क्लब का प्रयास रहेगा कि तकनीकी सहायता, जन सहयोग और प्रशासनिक सक्रियता के माध्यम से रोड सेफ्टी को और प्रभावशाली बनाया जाए।

# बदलते मौसम से वायरल की चपेट में आए लोग

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** मानसून की दस्तक से जल जनित बीमारियां पनपने लगी हैं। बदलते मौसम में घटते-बढ़ते तापमान और पानी की अशुद्धता से लोग खासकर बच्चे और बुजुर्ग वायरल की चपेट में आने लगे हैं। कारण है कि जिला सोलन के छोटे-बड़े अस्पतालों में टायफाइड और डायरिया के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। इसमें बच्चों और बुजुर्गों की संख्या अधिक है।

चिकित्सकों के मुताबिक टायफाइड और डायरिया का उपचार न होने की स्थिति में यह जानलेवा साबित हो सकते हैं। ऐसे में बुखार आने और डिसेंट्री होने पर तुरंत चिकित्सा जांच और उपचार जरूरी है। अस्पताल में सर्दी-जुखाम, सर दर्द और बुखार के रोज करीब 200 रोगी पहुंच रहे हैं। अस्पताल में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से डायरिया के करीब दो दर्जन रोगी उपचाराधीन हैं। इसका मुख्य कारण मौसम का बदलाव है। इन दिनों सुबह-शाम ठंड और दिन को अधिक तापमान चल रहा है। सप्ताह में एकाध बार बारिश भी हो रही है। इससे पानी और पर्यावरण में बैक्टीरिया पनपने से जल जनित बीमारियां लोगों को जक्कड़ रही है।


मानसून की दस्तक से जल जनित बीमारियां पनपने लगी, सोलन अस्पताल में पर्ची काउंटर में लगी लोगों की लाइन।

### क्या कहना है जिला स्वास्थ्य अधिकारी का

**जिला** स्वास्थ्य अधिकारी सोलन डॉ. अमित रंजन तलवार का कहना है कि बदलते मौसम में (डायरिया, टाश्फाइड, वायरल, हेपेटाइटिस) जैसी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की है पानी को उबालकर पिएं, पानी को 3 दिन से ज्यादा एक जगह इकट्ठा न होने दें इन सभी बातों को ध्यान में रखकर ही बीमारी से बचा जा सकता है।

### बढ़ जाता है जलजनित बीमारियों का खतरा

**बारिश** और गर्मी के मौसम में जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। यह मौसम अपने साथ कई प्रकार की बीमारियां लेकर आता है, जिससे लोगों को एहतियात बरतने की आवश्यकता होती है। ज्यादातर बीमारियां गंदा पानी पीने या फिर एक स्थान में जमा पानी पीने से होती हैं। शहर में इनदिनों दूषित पानी पीने और बाजार के खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। इसको लेकर लगातार स्वास्थ्य विभाग लोगों से अपील कर रहा है कि पानी को फिल्टर या फिर उबालकर ही पिएं।

### दूषित पानी का सेवन खतरनाक

**बारिश** का पानी जल स्रोत में मिलने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग टायफाइड और डायरिया चपेट में आने लगे हैं। यही कारण है कि इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। जिले के सबसे बड़े अस्पताल सोलन में इनदिनों ओपीडी में इजाफा हुआ है। इसमें श्वास सहित जल जनित बीमारियों के रोगियों की संख्या अधिक है। आमतौर पर अस्पताल में करीब 1 हजार रोगियों की ओपीडी होती है, जबकि इनदिनों यह संख्या करीब 1500 तक पहुंच रही है। इसमें आंशिक डायरिया के रोगी भी काफी संख्या में सामने आ रहे हैं। राहत की बात है कि सोलन सहित आसपास के अलग-अलग क्षेत्रों से डायरिया के रोगी अस्पताल में एडमिट हैं पर पानी को शुद्ध किए और उबाले बगैर उपयोग करने पर आप पीलिया और डायरिया की चपेट में आ सकते हैं।

### ये करें उपाय

**आपातकालीन** जल आपूर्ति के समय बोतलबंद पानी या छानने के बाद ही पानी उबालकर पीना चाहिए। यदि आपके पास बोतलबंद पानी नहीं है, तो पानी उबालें। उबालना रोगजनक बैक्टीरिया, वायरस और प्रोटोजोआ को मारने के लिए पर्याप्त है। यदि पानी गंदला है, तो इसे जमने दें और इसे एक साफ कपड़े, कागज के उबलते पानी के तौलिये या कॉफी फिल्टर के माध्यम से छान लें। पानी को कम से कम एक मिनट तक उबालें। पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा होने दें और इसे ढक्कन वाले साफ कंटेनर में रखें। पानी में स्वास्थ्य केंद्रों और आशा वर्कर्स से क्लोरीन की गोलियां उचित मात्रा में पानी में घोलने से भी बीमारियों का खतरा टल जाता है।

## अश्वनी खड्ड और गिरि नदी किनारे जाने पर रोक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत नदी-नालों एवं खड्डों आदि के किनारे न जाने बारे आवश्यक आदेश जारी किए हैं। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 में निहित प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किए हैं।

इन आदेशों के अनुसार सोलन जिले की सीमा में अश्वनी खड्ड में, खड्ड के दोनों किनारों पर तथा इसके आस-पास के स्थानों और सोलन तहसील के राजस्व गांव सेर बनेड़ा में गिरि पुल पर गिरि नदी के किनारे स्थित शनि मंदिर के समीप एवं आसपास के क्षेत्र में सभी प्रकार की अनाधिकृत पर्यटन और व्यवसायिक गतिविधियों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इन आदेशों के अनुसार अश्वनी खड्ड और गिरि नदी में स्नान करने तथा इनके किनारों पर पिकनिक मनाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि मानसून के मौसम में भारी वर्षा के कारण नदी, नालों के किनारे जाना खतरनाक सिद्ध हो सकता है। अधिकतर मौकों पर पर्यटक नदी एवं खड्डों में नहाने के लिए चले जाते हैं। ऐसे में नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि होने के कारण पर्यटकों के जीवन को खतरा पैदा हो सकता है। आदेशों के अनुसार स्थानीय पुलिस जिला पर्यटन अधिकारी के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित कर इन निर्देशों को अक्षरश: लागू करेगी। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं और अगले दो माह तक प्रभावी रहेंगे। इन आदेशों का उल्लंघन करने पर विधि सम्मत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## कृषि ऋण के ब्याज को 50 फीसदी माफ करने पर सरकार कर रही विचार : संजय

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** प्रदेश सरकार कृषि ऋण के ब्याज को 50 फीसदी माफ करने पर गंभीरता से विचार कर रही है, जिस बारे मुख्यमंत्री सुक्खू ने बजट में कृषकों को तीन लाख रुपए के ऋण पर लगे ब्याज पर 50 प्रतिशत रियायत देने की घोषणा की थी, जिससे जो किसान किसी कारणवश कृषि ऋण पर लगे ब्याज देने में असमर्थता जता रहे थे, ऐसे में गरीब किसानों को राहत मिलेगी।

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने राजगढ़ में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के साथ-साथ ऋण वितरण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, ताकि प्रदेश के किसानों, बागवानों व कामगारों को आसान किश्तों व साधारण ब्याज की दर पर सुलभ ऋण प्रदान किया जा सके। उन्होंने शिविर में किसानों, बागवानों व कामगारों के लिए चलाई जा रही विभिन्न हितकारी ऋण योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संजय चौहान ने कहा कि बैंक ने वर्तमान में प्रदेश के किसानों के लिए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण में तेजी लाने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री सुक्खू के दिशा-निर्देशों के अनुसार महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के लिए नई ऋण योजनाएं लाने पर भी बैंक विचार कर रहा है। इस मौके पर बैंक के निदेशक योगेंद्र वर्मा ने भी बैंक की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों से अपील करते हुए कहा कि वह बैंक की कल्याणकारी ऋण योजनाओं और सावधि जमा योजना का भी लाभ उठाएं।


राज्य सहकारी कृषि व ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय चौहान का स्वागत करते हुए।

## डेढ़घराट में पलटी कार, चार जख्मी

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कालका-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंडाघाट से सोलन की तरफ दो किलोमीटर दूर डेढ़घराट नामक स्थान पर वीरवार रात एक कार पलटने से चार लोग जख्मी हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार दिल्ली से शिमला की तरफ जा रही थी। डेढ़घराट में अचानक कार के आगे पशु आ गया, तो चालक ने इसे बचाने के लिए दूसरी तरफ मोड़ा। इससे कार पलट गई और इसमें सवार चार लोग घायल हो गए। पुलिस सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची, सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए कंडाघाट सिविल अस्पताल लाया गया। सभी को हल्की चोटें आई थी इसलिए सभी का उपचार किया गया। थाना प्रभारी कंडाघाट वीर सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज नहीं हो पाया है।

## काली पट्टी बांध निकाली मौन रैली, यौन उत्पीड़न मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



राजगढ़ में स्थानीय लोगों ने विद्यालय में छात्राओं के साथ हुए यौन उत्पीड़न के मामले को लेकर काली पट्टी बांधकर एक मौन रैली निकाली।

यह रैली राजगढ़ बाजार से शुरू होकर पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तक पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने जिला उपनिदेशक (डिप्टी डायरेक्टर) से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। रैली में स्थानीय नागरिक, अभिभावक एवं समाजसेवी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल प्रबंधन पर मामले को दबाने और पीड़ित छात्राओं पर मानसिक दबाव डालने के आरोप लगाए। सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों को लेकर भी सवाल उठाए गए, जिनमें कहा गया था कि छात्राएं अपने बयान वापस ले रही हैं। इस पर डिप्टी डायरेक्टर ने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई बात नहीं है और इन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि मामले की पूरी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि यदि किसी ने भी अभिभावकों पर दबाव डालने या उन्हें डराने का प्रयास किया है, तो ऐसे लोगों को भी बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ उचित वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। स्थानीय लोगों की यह शांत, लेकिन सशक्त पहल अब न्याय की दिशा में एक मजबूत संदेश बनकर उभरी है।

## सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में सजग संस्था निभाएगी अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सिरमौर जन जागृति मंच (सजग) की तीसरी बैठक हरिपुरधार के मां भंगायणी मंदिर परिसर में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता सजग के अध्यक्ष फकीरचंद चौहान ने की।

इस बैठक में सिरमौर जागृति मंच के सभी सदस्यों के अलावा विभिन्न विभागों स्कूलों, कॉलेज के अध्यापकों, पंचायत प्रतिनिधियों सहित अनेक संस्थाओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सिरमौर जन जागृति मंच के अध्यक्ष फकीरचंद चौहान ने बताया कि संस्था समाज में अनेक कुरीतियों, रूढ़िवादी प्रथाओं को दूर करने के साथ-साथ नशा निवारण अभियान चलाकर युवा पीढ़ी को सद्मार्ग पर चलाने के लिए विशेष सजग अभियान चलाएगी, ताकि समाज को सही दिशा दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि समाज में देश का भविष्य युवा पीढ़ी को जागरूक करके राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने की नितांत आवश्यकता है और सिरमौर जन जागृति मंच का गठन इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए किया गया है।

इस मौके पर सजक के महासचिव संतराम राणा ने बताया कि सिरमौर जन जागृति मंच का पंजीकरण हो चुका है और अब यह संस्था सिरमौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अपना जन जागरण अभियान चलाने के लिए कृत संकल्प है। बैठक को संबोधित करते हुए मां भंगायणी मंदिर सेवा समिति के संचालक बलबीर ने बताया कि मां भंगायणी मंदिर सेवा समिति सिरमौर जन जागृति मंच के साथ मिलकर क्षेत्र में अपंगों, गरीबों और असहाय लोगों की सहायता के लिए आगे आकर अपना सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि यदि सिरमौर क्षेत्र में कोई महिला-पुरुष अंतहीन हो गया हो, तो उसे सेवा समिति द्वारा जन जागृति मंच के सहयोग से निशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे और गरीब और निर्धन परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## प्रवेश तिथि बढ़ाने के लिए लिखा पत्र

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** डिग्री कॉलेज कंडाघाट में वर्तमान शिक्षा सत्र के लिए सभी संकाय में निर्धारित तिथि तक कम विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। विद्यार्थी प्रवेश से वंचित न रहे इसलिए कॉलेज ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से प्रवेश की तिथि बढ़ाने के लिए पत्र लिखा है। यह जानकारी देते हुए कॉलेज प्रधानाचार्य मदन लाल मनकोटिया ने बताया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय में 380 स्टूडेंट्स ने प्रवेश लिया। इस साल कला संकाय में 152, वाणिज्य में 41 और विज्ञान संकाय में 11 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना कम है। इसका कारण कई विद्यार्थी समय पर फीस जमा नहीं कर सके और कई अन्य कारणों से प्रवेश नहीं ले सके। अभी कॉलेज में भी सभी संकाय की सीटे खाली हैं इसलिए प्रदेश विश्वविद्यालय और उच्चतर शिक्षा विभाग को प्रवेश तिथि बढ़ाने के लिए पत्र लिखा गया है।

## शूलिनी मेले में सहभागिता के लिए 35 कैडेट्स किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी मेले के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 1 एचपी बटालियन एनसीसी के राजकीय महाविद्यालय सोलन एनसीसी इकाई के 35 कैडेट्स को जिला उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

यह सम्मान समारोह जिला सचिवालय सोलन में आयोजित किया गया। इसमें एसपी गौरव सिंह, एसडीएम डॉ. पूनम और एचएएस अधिकारी नीरजा शर्मा ने कैडेट्स से मेले के दौरान उनके अनुभव सुने और उनके योगदान की प्रशंसा की। डीसी ने अपने संबोधन में कहा कि शूलिनी मेले का शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन कैडेट्स की सक्रिय सहभागिता के बिना संभव नहीं होता। युवाओं में अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का यह उदाहरण अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। सोलन कॉलेज के एनसीसी प्रभारी कात्यायनी शर्मा ने बताया कि कैडेट्स ने यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता अभियान और आम जन को सहयोग प्रदान कर प्रशासनिक कार्यों में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर 1 एचपी बटालियन एनसीसी के कमांडर कर्नल विवेक बटारा के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद प्रकट किया गया, जिनके निरंतर समर्थन से कैडेट्स ने उत्कृष्ट कार्य संपन्न किया। अंत में डीसी ने सभी कैडेट्स को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय योगदान की आशा व्यक्त की।


जिला प्रशासन की तरफ से सम्मानित किए गए सोलन कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स।

## पुत्र मोह में लोकतांत्रिक मूल्यों को भूले स्वास्थ्य मंत्री : डॉ. राजेश

**अनंत ज्ञान, सोलन**



भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और सोलन से भाजपा प्रत्याशी रहे डॉ. राजेश कश्यप ने स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने पुत्र मोह में लोकतांत्रिक मूल्यों को भूलकर सत्ता को नशे में अपने बेटे को सियासी उत्तराधिकारी घोषित किया है।

यह कांग्रेस के परिवारवादी विचारधारा को भी उजागर करता है। सोलन में पत्रकार वार्ता में डॉ. राजेश ने कहा कि अच्छा होता स्थानीय विधायक व मंत्री सोलन विधानसभा क्षेत्र के विकास पर ध्यान देते। डॉ. कश्यप ने कहा कि कर्नल धनीराम शांडिल की राजनैतिक पारी के लिए कांग्रेस के दर्जनों नेताओं ने त्याग किया पर अब शांडिल ने अपने पुत्र को अपनी सियासत का उत्तराधिकारी घोषित कर कांग्रेस से टिकट की दावेदारी का इंतजार कर रहे कांग्रेसी नेताओं के साथ धोखा किया है। कांग्रेस सत्ता के नशे में परिवारवाद को बढ़ावा देकर जनकल्याण और विकास को भूल चुकी है। बीते दिनों कृषि मंत्री चंद्र कुमार के पुत्र ने भी अपने पिता के खिलाफ इस तरह की सोशल मीडिया में पोस्ट डाली थी। इससे जाहिर है कि कांग्रेस को प्रदेश के विकास की नहीं, बल्कि अपने परिवार की चिंता सता रही है। डॉ. राजेश ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल को अपने विधानसभा क्षेत्र सोलन के विकास की चिंता करनी चाहिए थी। भाजपा सरकार ने सोलन के कथेड़ में मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण शुरू किया था, जो अब कछुआ गति से चल रहा है।

**आयोजन** उद्योग मंत्री ने नाहन में जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की

## जिला प्रशासन मानसून के लिए करे पुख्ता तैयारियां

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** नाहन में जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता उद्योग, संसदीय मामले तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने की। हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, सांसद शिमला संसदीय क्षेत्र सुरेश कश्यप, विधायक पांवटा साहिब सुखराम चौधरी, विधायक नाहन अजय सोलंकी व अन्य सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्य भी बैठक में उपस्थित रहे।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि बैठक में जिले में चल रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हिमाचल व जिले में विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन को मानसून के लिए पुख्ता तैयारी करने के लिए कहा। उन्होंने डीसी को अपने स्तर पर सभी विभागों के साथ नियमित रूप से बैठक आयोजित करने के लिए कहा, ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा किया जा सके। बैठक में अवगत करवाया गया कि जिले में मनरेगा के तहत वर्ष 2024-25 में 103037 जॉब कार्ड जारी किए गए हैं और 5734.96 लाख रुपए का वेतन प्रदान किया गया है। जिले में वर्ष 2024-25 में 39 स्वयं सहायता समूह नए व पुन: गठित किए गए। वर्ष 2024-25 में 101 गृह हीन/भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि आवंटित की गई, जिसमें से अनुसूचित जाति के 51 व्यक्तियों, अनुसूचित जनजातीय के तीन तथा 47 अन्य पात्र लाभार्थियों को भूमि आवंटित की गई। बैठक में अवगत करवाया गया कि अंतोदय अन्न योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 2507 टन अनाज गरीबी रेखा से नीचे रह रहे व्यक्तियों को आवंटित किया गया। वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 335 गृह निर्माण किए गए। इसके अतिरिक्त, नगर परिषद क्षेत्र में निम्न आय समूह/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को नगर परिषद नाहन में 356 व्यक्ति, नगर परिषद पांवटा में 185 व्यक्ति और नगर पंचायत राजगढ़ में 63 व्यक्तियों के गृह निर्माण किए गए हैं। जिला सिरमौर के ग्रामीण क्षेत्रों में 718 व्यक्तिगत घरेलू शौचालय निर्माण किए गए हैं। जिला सिरमौर में 520.10 हैक्टेयर भूमि पर पौधरोपण कर लगभग 3 लाख 91 हजार पौधे रोपित किए गए। जिला सिरमौर में वर्ष 2024-25 में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 158 किलोमीटर लंबी सड़कों का सुधारीकरण किया गया। बैठक में अवगत करवाया कि जिला सिरमौर में वर्ष 2024-25 में विभिन्न योजनाओं के शीर्षकों के लिए बजट स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें पिछड़ा वर्ग उपयोजना के तहत 59 योजनाओं के लिए लगभग 1 करोड़ 85 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, विधायक क्षेत्रीय विकास निधि योजना के तहत 790 योजनाओं के लिए 11 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं और विकास में जन सहयोग शीर्षक के तहत 58 योजनाओं के लिए लगभग 3 करोड़ 55 लाख स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ग्राम पथ योजना के तहत 9 योजनाओं के लिए 20 लाख 59 हजार रुपए की योजनाएं स्वीकृत की गई हैं और क्षेत्रीय विकेंद्रित योजना के तहत 229 योजनाओं के लिए लगभग 4 करोड़ 87 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। डीसी सिरमौर ने बैठक के अध्यक्ष व अन्य उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। बैठक में डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा, पुलिस अधीक्षक सिरमौर तथा अन्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।


जिला योजना, विकास व 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हर्षवर्धन चौहान।

## नौणी और हिमगिरी के बीच एप्पल साइडर विनेगर उत्पादन तकनीक के लिए समझौता


विश्वविद्यालय और हिमगिरी एग्री सॉल्यूशंस में एमओयू के दौरान वीसी और अन्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

विश्वविद्यालय की विकसित तकनीक को व्यावसायिक रूप देने वाली तीसरी स्टार्टअप कंपनी सोलन अकादमिक और उद्योग साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, हाल ही में डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने शिमला जिले के रोहड़ू की हिमगिरी एग्री सॉल्यूशंस, के साथ एप्पल साइडर विनेगर के उत्पादन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

यह तकनीक विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा डीएसटी परियोजना के अंतर्गत विकसित की गई है। विश्वविद्यालय की ओर से यह समझौता अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान और हिमगिरी एग्री सॉल्यूशंस के प्रमोटर जतिंद्र सिंह और जोगिंद्र सिंह द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल, बागवानी कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. मनीष शर्मा, खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा तथा विभाग के अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

समझौते के अंतर्गत, हिमगिरी एग्री सॉल्यूशंस इस तकनीक के माध्यम से उत्पाद तैयार करेगा और बाजार में बेचेगा, साथ ही उत्पाद के लेबल पर विश्वविद्यालय की तकनीक का उल्लेख भी करेगा। इसके लिए कंपनी ने प्रौद्योगिकी शुल्क भी अदा किया है। इस अवसर पर तकनीक को बनाने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि यह तकनीक परंपरागत विधियों की तुलना में अधिक प्रभावी है और लो ग्रेड और विकृत सेब, जो सामान्यत: संसाधन न होने के कारण बर्बाद हो जाते है, उसके पूर्ण उपयोग की संभावनाएं प्रदान करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य मंत्री ने विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने और उद्घाटन करने के लिए चंडीगढ़ के सेक्टर 50 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का दौरा किया। मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने बिजली वितरण के निजीकरण, रूफटॉप सोलर संतृप्ति और एसडीजी इंडिया इंडेक्स में चंडीगढ़ के मजबूत प्रदर्शन सहित कई क्षेत्रों में शहर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज उद्घाटन और शिलान्यास की गई पांच प्रमुख परियोजनाएं शहर भर में शिक्षा, आवास, सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास में व्यापक परिवर्तन का प्रतीक हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कॉमर्स कॉलेज, सेक्टर 50 में हॉस्टल ब्लॉक (लड़के और लड़कियां) का उद्घाटन किया। उन्होंने वाटर वर्क्स, सेक्टर 39 में 2,500 किलोवाट के फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट; गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कजहेड़ी के एक्सटेंशन ब्लॉक और पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर 46 में आईटी ब्लॉक का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने धनास में चंडीगढ़ सशस्त्र पुलिस परिसर में 144 आवासीय इकाइयों के निर्माण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला, भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सत्यपाल जैन, चंडीगढ़ पुलिस महानिदेशक पुष्पेंद्र सिंह, वित्त सचिव दीप्रवा लाकड़ा, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

### क्रिकेट के जरिए युवाओं को मिलेगा नया जीवन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गली मोहल्ला क्रिकेट लीग (जीएमसीएल) ने आज चंडीगढ़ प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता के दौरान पंजाब में नशे के खिलाफ एक बड़े अभियान की शुरुआत की। दिल्ली और मुंबई में सफल आयोजनों के बाद, जहां जीएमसीएल ने महाराष्ट्र पुलिस के साथ 'नशा मुक्ति अभियान' में भाग लिया था, वहीं अब पंजाब में भी क्रिकेट के जरिए सामाजिक बदलाव लाने की योजना सामने रखी गई है। इस मौके पर जीएमसीएल ने जीएमसीएल सरपंच ट्रॉफी की घोषणा की, जो ग्रामीण पंजाब को एकजुट करने और गांवों के नेतृत्व को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित की जाएगी। इस मौके प्रेस वार्ता में बाबा इंद्रप्रीत सिंह, आध्यात्मिक प्रमुख, सतकार्मिक मिशन, अमन बंदवी, निदेशक, ग्लोबल मिडास कैपिटल व साझा खिड़दा पंजाब, हरमीत सिंह, निदेशक, खिलाड़ी विकास एवं मनोविज्ञान विभाग और रमन गांधी, सीईओ, जीएमसीएल मुख्य रूप में शामिल हुए। इस मौके जीएमसीएल के सीईओ रमन गांधी ने बड़े स्तर पर योजना के बारे में बताते हुए कहा कि अगस्त 2025 से पंजाब भर में 500 टीमें, 5500 खिलाड़ी और 5000 मैच आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस और स्कूलों के सहयोग से यह अभियान हर गली और गांव तक पहुंचेगा।

### भूना में काटी जा रही अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर योजनाकार विभाग ने शुक्रवार को जिले के शहर भूना में खैरी रोड पर 5 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बड़ी कार्रवाई की। डीटीपी अंजू दूहन के नेतृत्व में टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पालिका अभियंता नरेंद्र सिंह पंवार के दिशा-निर्देशन में मौके पर पहुंचकर बुलडोजर से कॉलोनी की बाउंड्री वॉल और दो डीपीसी को गिरा दिया। यह कॉलोनी राजेश कुमार पुत्र रामस्वरूप, बलजीत सिंह, गुरभेज सिंह और भावना देवी द्वारा अवैध रूप से काटी जा रही थी। विभाग ने पहले ही इन्हें नोटिस जारी किए थे। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा और लोगों को गुमराह कर प्लॉट बेचे जाने लगे। इंस्पेक्टर पुष्पा ने बताया कि सूचना मिलते ही विभाग ने निरीक्षण किया। मौके पर चारों ओर बाउंड्री वॉल खड़ी मिली। दो आवासीय निर्माण के लिए डीपीसी तैयार थी। विभाग ने तुरंत कार्रवाई कर सभी निर्माण तोड़ दिए। डीटीपी अंजू दूहन ने कहा कि भूना में अवैध कॉलोनी नहीं बनने दी जाएगी। नागरिक प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता की जांच जरूर करें। अवैध कॉलोनी में मकान बनाने पर जिम्मेदारी खुद की होगी। उन्होंने बताया कि कॉलोनाइजरों के खिलाफ पुलिस में शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। इस कार्रवाई में कनिष्ठ अभियंता संदीप कुमार, जेई अंकित बिश्नोई, सुरेश कुमार, राजेश कुमार और कर्मवीर सिंह भी शामिल रहे।

# चंडीगढ़ में अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

## मुन्ना गैंग के 4 आरोपी गिरफ्तार; 3 कार, 8 बाइक बरामद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ समेत पंजाब, हरियाणा और हिमाचल में वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह मुन्ना गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गैंग के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान मनोज ठाकुर उर्फ मुन्ना, असलम, नवनीत प्रताप सिंह के रूप में हुई है। साथ ही एक कबाड़ी जयप्रकाश उर्फ बेटिया को भी गिरफ्तार किया गया है, जो चोरी की गाड़ियों की बैटरियां और कागजात खरीदता था। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की 11 वाहन और 8 बैटरियां बरामद की गई हैं। आरोपियों के पास से चोरी की हरियाणा नंबर की 3 कार, 4 बाइक, 3 स्कूटी, एक बुलेट और 8 बैटरी समेत कई वाहनों के दस्तावेज बरामद हुए हैं।



इसके अलावा आरोपियों के खिलाफ शहर के अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में कुल 11 एफआईआर दर्ज हैं। गिरफ्तार मुख्य आरोपी मनोज ठाकुर मूल रूप से मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है। चंडीगढ़ ऑपरेशन सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर रणजीत सिंह की अगुवाई में एनआईटीटीटीआर, सेक्टर-26 चंडीगढ़ के पास नाका लगाया गया था। उसी दौरान वहां एक बाइक स्प्लेंडर बाइक को रोका, जिसे चला रहा व्यक्ति असलम निकला। पूछताछ में वह गाड़ी के दस्तावेज नहीं दिखा सका और जांच में बाइक चोरी की निकली, जो थाना-1 पार्क, ई-एफआईआर नंबर 652/2025 में दर्ज थी।

असलम से पूछताछ में पता चला कि उसके दो साथी मनोज और नवनीत प्रताप सिंह भी चंडीगढ़ में चोरी की बुलेट के साथ घूम रहे हैं। इस पर पुलिस ने मनीमाजरा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के पास से दोनों को धर दबोचा।

### लुधियाना में बेचते थे चोरी के वाहन

**पूछताछ** में आरोपियों ने बताया कि वे चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल से वाहन चुराकर कुछ समय पार्किंग में रखते थे। फिर उन्हें लुधियाना ले जाकर कबाड़ी को बेच देते थे और बैटरियां निकालकर भी वहीं नीलाम करते थे। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर ऑपरेशन सेल की टीम ने लुधियाना में रेड करके कबाड़ी जयप्रकाश उर्फ बेटिया को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी की गाड़ियों के दस्तावेज और 8 बैटरियां बरामद हुईं।

# किसी भी आपदा में रेडक्रॉस के स्वयंसेवक निभाएंगे अहम भूमिका : अनिल जोशी



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय रैडक्रास समिति, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ द्वारा हरियाणा रैडक्रॉस के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी व महेश जोशी, महासचिव के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ एडवेंचर कैंप का समापन हुआ।

इस अवसर पर हरियाणा रैडक्रॉस के संयुक्त सचिव अनिल जोशी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। सबसे पहले उन्होंने रैडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हैनरी डुनान्ट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। अनिल जोशी ने कहा कि आज के युवा समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। उन्होंने कहा कि इस पांच दिवसीय एडवेंचर कैंप में आपने जो भी सीखा उसको अपने जीवन मे अमल में लाए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा में रेडक्रॉस के स्वयंसेवक अहम भूमिका निभाएंगे।

शिविर निदेशक रोहित शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि इस शिविर में हरियाणा जिले के विभिन्न विश्विद्यालय व महाविद्यालयों की 27 टीमों से 11 काउंसलर व 72 युवाओं ने भाग लिया। उन्होंने पूरे कैंप की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर मुख्यातिथि ने बेस्ट टीम को-ऑर्डिनेशन सेंट्रल यूनिवर्सिटी आफ हरियाणा महेंद्रगढ़ तथा बेस्ट टीम का अवार्ड आरकेएसडी कॉलेज कैथल को दिया। इस अवसर पर रविंद्र कुमार, सर्वजीत सिंह, रमेश चौधरी, सुरेंद्र श्योराण आदि उपस्थित रहे।

# पार्क अस्पताल में अब होगा एडवांस रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट : डॉ. रंजन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



पार्क हॉस्पिटल मोहाली ने शुक्रवार को एडवांस रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट की शुरुआत की घोषणा की। रोबोटिक यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट के डायरेक्टर डॉ. प्रियदर्शी रंजन ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि रोबोटिक ट्रांसप्लांट के अलावा हम सभी प्रकार के लिविंग डोनर ट्रांसप्लांट कर रहे हैं, जिसमें हाई रिस्क ट्रांसप्लांट, पीडियाट्रिक ट्रांसप्लांट स्वैप केस, एबीओ असंगत ट्रांसप्लांट (गैर-ब्लड ग्रुप विशिष्ट) और रीडू ट्रांसप्लांट शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि भारत में किडनी फेलियर के मुख्य कारण हाई बीपी, डायबिटीज, बीपीएच, अनुपचारित किडनी स्टोन और यूटीआई हैं। डायरेक्टर नेफ्रोलॉजी डॉ. मुकेश गोयल ने कहा कि पिछले एक दशक में क्रोनिक किडनी फेलियर रोग का प्रसार लगभग दोगुना हो गया है। कंसल्टेंट यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट डॉ. मानव गोयल ने कहा कि भारत में हर 10 मिनट में अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा सूची में एक व्यक्ति जुड़ जाता है और हर दिन 20 लोग अंग की कमी के कारण मर जाते हैं। कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजी डॉ. कल्पेश सतापारा ने कहा कि अंगदान करके एक मृत व्यक्ति 8 व्यक्तियों की जान बचा सकता है और ऊतक दान के माध्यम से 50 से अधिक लोगों के जीवन को बेहतर बना सकता है।

नॉर्थ पार्क हॉस्पिटल्स के ग्रुप सीईओ आशीष चड्ढा ने कहा कि हमारे अस्पताल में अत्याधुनिक 14 बिस्तरों वाला डायलिसिस सेंटर है और हम इंटरवेंशन नेफ्रोलॉजी सेवाओं सहित 24×7 डायलिसिस सेवाएं प्रदान करते हैं।

### फतेहाबाद में पिता ने बेटी की हत्या कर शव घर में दफनाया

**अनंत ज्ञान, फतेहाबाद।** फतेहाबाद के गांव काताखेड़ी में एक पिता द्वारा अपनी ही बेटी की हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पिता ने 14 दिन पहले अपनी शादीशुदा बेटी को मारकर उसे घर में ही दबा दिया। जब आरोपी के भतीजे को शक हुआ तो वह शुक्रवार को उसके घर पहुंचा ओर सारे मामले का पटाक्षेप हुआ। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। सूचना मिलते ही सदर फतेहाबाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घर में दफन किए गए मृतका के शव को बाहर निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी जीत सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी काताखेड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा फॉरेंसिक साक्ष्य, शव का पोस्टमार्टम और अन्य तथ्यों को संकलित किया जा रहा है। आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# अलकेमिस्ट अस्पताल में लॉन्च की एडवांस्ड रोबोटिक तकनीक

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**




अलकेमिस्ट अस्पताल, पंचकूला ने दा विंची एक्सआई सर्जिकल रोबोट पेश किया है, जो दुनिया की सबसे उन्नत रोबोटिक सर्जिकल प्रणालियों में से एक है। यह अत्याधुनिक तकनीक स्त्री रोग, सामान्य सर्जरी, मूत्रविज्ञान, सिर और गर्दन की सर्जरी, कैंसर सर्जरी और किडनी प्रत्यारोपण सहित विभिन्न विशेषताओं में सर्जिकल परिशुद्धता, सुरक्षा और रोगी परिणामों के लिए एक नया मानक स्थापित करेगी।

चेयरमैन करणदीप सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के हर पहलू में तेजी से विकास हो रहा है, इसलिए समय आ गया है कि भारत में सर्जरी भविष्य को अपनाए। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. परमजीत सिंह मान ने कहा कि दा विंची एक अगली पीढ़ी का रोबोटिक सर्जिकल प्लेटफॉर्म है, जिसे सर्जनों को बेहतर नियंत्रण, सटीकता और न्यूनतम आक्रमण के साथ जटिल प्रक्रियाओं को करने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। वरिष्ठ सलाहकार जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जरी डॉ. हर्ष गर्ग बताया कि अब सर्जिकल रोबोट के साथ, हम अधिक सटीकता के साथ जटिल सर्जरी करेंगे, जिससे रोगियों को कम दर्द होगा और वे तेजी से ठीक होंगे। यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. नीरज गोयल ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी विशेषकर प्रोस्टेटेक्टॉमी और किडनी ट्रांसप्लांट जैसी जटिल प्रक्रियाओं में परिवर्तनकारी है।

### जापान में नौ लोगों के हत्यारे को दी फांसी

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान के न्याय मंत्रालय ने कहा कि टोक्यो में अपने अपार्टमेंट में नौ लोगों की हत्या और शवों के टुकड़े-टुकड़े करने के मामले में दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को शुक्रवार को फांसी दे दी गई। ट्विटर किलर ताकाहिरो शिराशी को 2017 में नौ लोगों की हत्या के लिए 2020 में मौत की सजा सुनाई गई थी। इनमें से ज्यादातर ने सोशल मीडिया पर आत्महत्या के विचार पोस्ट किए थे। उसे महिला पीड़ितों का यौन शोषण करने का भी दोषी ठहराया गया था। शिराइशी को टोक्यो डिटेंशन हाउस में अत्यंत गोपनीयता के साथ फांसी दी गई। पुलिस ने 2017 में उसके अपार्टमेंट में कोल्ड स्टोरेज केस में आठ महिलाओं और एक पुरुष के शव मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया था। (अनंत ज्ञान)

### दक्षिण कोरिया में छह अमेरिकी गिरफ्तार

**एजेंसी, सियोल।** दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने छह अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लिया है, जो चावल, अमेरिकी डॉलर के नोट और बाइबल से भरी लगभग 1300 प्लास्टिक की बोतलें समुद्री मार्ग से उत्तर कोरिया भेजने की कोशिश कर रहे थे। दक्षिण कोरिया की आधिकारिक योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी संदिग्धों को शुक्रवार सुबह तड़के गिरफ्तार किया गया, जब वे उत्तर कोरिया के साथ प्रतिबंधित सीमा क्षेत्र के पास ग्वांगह्वा द्वीप से समुद्र में बोतलें डालने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि उन्हें इस मुद्दे पर मीडिया से बात करने का अधिकार नहीं था, उन्होंने गोपनीयता नियमों के अनुसार अमेरिकियों की व्यक्तिगत जानकारी देने से इनकार कर दिया। ग्वांगह्वा पुलिस ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि यूएसबी स्टिक में क्या है। दक्षिण कोरिया में अमेरिकी दूतावास ने तत्काल कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की है। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान में एक ही परिवार के 18 लोग नदी में डूबे

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्वात नदी में बाढ़ में शुक्रवार को एक ही परिवार के कम से कम अठारह सदस्य डूब गए। बचाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। रेस्क्यू 1122 के महानिदेशक शाह फहद ने कहा कि बचाव अभियान पांच अलग-अलग स्थानों पर चलाया जा रहा है। 80 कर्मी तलाशी अभियान में भाग ले रहे हैं। यह परिवार इस क्षेत्र में घूमने आए पर्यटकों के एक समूह का हिस्सा था और भारी बारिश के कारण नदी में बढ़ते पानी में फंस गया था। स्वात पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी क्षेत्र में बहने वाली एक बारहमासी नदी है। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा ने 3 राज्यों में नियुक्त किए चुनाव अधिकारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में अपने संगठनात्मक चुनावों की निगरानी के लिए 'राज्य निर्वाचन अधिकारी' नियुक्त किए हैं। केंद्रीय मंत्रियों किरेन रिजिजू और हर्ष मल्होत्रा, तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद को क्रमशः इन तीन राज्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा के संगठनात्मक चुनावों के रिटर्निंग ऑफिसर के. लक्ष्मण ने एक बयान में कहा कि ये तीनों सांसद संबंधित राज्यों से पार्टी अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव में केंद्रीय पदाधिकारी की भूमिका निभाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की हत्या करना चाहता था इसराइल

## इसराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने किया खुलासा

**एजेंसी, तेल अवीव**



इसराइल और ईरान के बीच 12 दिन तक चले संघर्ष में दोनों देशों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसरइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के साथ उसके वैज्ञानिकों और कई सैन्य प्रमुखों को निशाना बनाया। दूसरी तरफ ईरान ने पलटवार करते हुए इसराइल के प्रमुख शहरों पर हमले किए, जिससे तेल अवीव से लेकर यरुशलम तक भारी तबाही हुई। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इसराइल का अभियान इसराइली नागरिकों पर पैदा हो रहे खतरों को जड़ से खत्म करने का था। हालांकि, इस बीच कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि नेतन्याहू युद्ध के दौरान ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को निशाना बनाने के पक्ष में थे, लेकिन उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से इस योजना पर आगे बढ़ने की मंजूरी नहीं मिली। तब नेतन्याहू ने इन रिपोर्ट्स की पुष्टि नहीं की थी। हालांकि, अब इसराइल के रक्षा मंत्री की तरफ से आए बयान ने इसराइली सेना के अभियान के एक और मकसद का खुलासा किया है।

इसराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने हाल ही में खुलासा किया है कि इसराइल 12 दिन तक चले युद्ध के दौरान ईरान के सुप्रीम लीडर को जान से मारने की तैयारी में था। हालांकि, उसे मौका नहीं मिल पाया। काट्स ने इसराइली मीडिया चैनल-13 को दिए साक्षात्कार में पूरी योजना का खुलासा किया। उन्होंने कहा, 'हम खामेनेई को खत्म करना चाहते थे, लेकिन हमें अभियानगत मौका नहीं मिल पाया।' (अनंत ज्ञान)

### कहां छिपे रहे खामेनेई?

**इसराइल** की तरफ से मारे जाने की साजिश का खुलासा होने के बाद से ही ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की लोकेशन के बारे में कोई पुष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया जाता है कि खामेनेई 13 जून के बाद से ही किसी भूमिगत बंकर में हैं। इसराइल के हमले से पहले तक वे मध्य तेहरान में अपने गुप्त ठिकाने बेत रहबरी में मौजूद थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, खामेनेई फिलहाल तेहरान के पूर्वोत्तर में स्थित शहर से दूर लाविजान में किसी बंकर में छिपे हैं। यहां उनके साथ उनके परिवार के भी छिपे होने का अनुमान है, जिनमें उनके संभावित उत्तराधिकारी मोजतबा खामनेई भी शामिल हैं। दावा किया जाता है कि यहां अयातुल्ला अली खामेनेई ईरान के रेवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) की एक टॉप-सीक्रेट इलीट यूनिट की सुरक्षा में रह रहे हैं। आईआरजीसी की यह इकाई कितनी गुप्त है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ईरान में पहले किसी को इसके बारे में जानकारी ही नहीं थी।

## देश-विदेश

### ईरान को 30 अरब डॉलर दे सकता है अमेरिका

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका, ईरान को उसके सिविल एनर्जी प्रोडक्शन न्यूक्लियर प्रोग्राम को विकसित करने में मदद करने पर विचार कर रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान को 30 अरब डॉलर के निवेश का प्रस्ताव दिया है, जिसके तहत ईरान यूरेनियम का संवर्धन किए बिना सिविल एनर्जी के लिए परमाणु कार्यक्रम शुरू कर सकता है। इस डील के तहत ईरान को कुछ प्रतिबंधों से भी छूट मिल सकती है और उसे विदेशी बैंकों में जमा 6 अरब डॉलर तक की राशि तक पहुंच मिल सकती है। सिविल एनर्जी प्रोडक्शन न्यूक्लियर प्रोग्राम ऐसा परमाणु कार्यक्रम होता है जिसका इस्तेमाल सिर्फ बिजली या ऊर्जा बनाने के लिए किया जाता है, न कि हथियार बनाने के लिए। (अनंत ज्ञान)

# सीजेआई बोले- जज होना 9 से 5 की नौकरी नहीं, यह देश सेवा है

**एजेंसी, मुंबई**

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई का कहना है कि एक जज अकेले काम नहीं कर सकता है। जज होना नौ से पांच की नौकरी नहीं है। यह राष्ट्र की सेवा है, लेकिन यह एक कठिन काम भी है।



सीजेआई गवई छत्रपति संभाजी नगर में बॉम्बे हाई कोर्ट, औरंगाबाद बेंच की एडवोकेट यूनियन की तरफ से रखे गए अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे।

सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को सभी जजों के सर्वोच्च न्यायालय के रूप में काम करना चाहिए, न कि केवल भारत के मुख्य न्यायाधीश के, इसलिए सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाने चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### हर नागरिक को मिले न्याय

**सीजेआई** ने कहा कि वह महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बॉम्बे हाई कोर्ट की बेंच स्थापित करने की मांग का समर्थन करते हैं। न्याय हर नागरिक को हर कोने में उपलब्ध होना चाहिए। बॉम्बे हाई कोर्ट में वर्तमान में मुंबई की मेन बेंच के अलावा गोवा, औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) और नागपुर में सर्किट बेंच हैं। गवई ने कहा कि एक जज को समाज में घुलना-मिलना चाहिए। इससे समाज की समस्याओं व प्रश्नों को समझा जा सकता है और न्याय के माध्यम से उनका समाधान किया जा सकता है।

# आरएसएस को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए : राहुल

## संघ को समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करने वाला संविधान नापसंद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि आएसएस और भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। संविधान इन्हें चुभता है, क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा, 'यह बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनकर उन्हें दोबारा गुलाम बनाना चाहते हैं। संविधान जैसा ताकतवर हथियार उनसे छीनना इनका असली एजेंडा है।' राहुल ने यह बात आरएसस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के उस बयान के बाद कही, जिसमें उन्होंने कहा था कि संविधान की प्रस्तावना में सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्दों को लेकर देश में खुली बहस होनी चाहिए।



होसबाले 26 जून को दिल्ली में आयोजित 'आपातकाल के 50 साल' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मूल संविधान में सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्द नहीं थे। इमरजेंसी के समय देश में संसद और न्यायपालिका दोनों काम नहीं कर रही थी। इस दौरान इन दो शब्दों को जोड़ दिया गया। ये शब्द रहें या नहीं, इस पर बहस होनी चाहिए।

होसबाले ने कांग्रेस और राहुल गांधी का नाम लिए बिना भी इमरजेंसी को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी के समय संविधान की हत्या की गई थी और न्यायपालिका की स्वतंत्रता खत्म कर दी गई थी। (अनंत ज्ञान)

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन उछाल

## सेंसेक्स में 303 अंक और निफ्टी में 89 अंकों की तेजी

**एजेंसी, मुंबई**

विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने और आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए।



सेंसेक्स 303 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती जारी रहने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 303.03 अंक यानी 0.36 प्रतिशत चढ़कर एक बार फिर 84,000 के स्तर के ऊपर 84,058.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 333.48 अंक बढ़कर 84,089.35 पर पहुंच गया था।

एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 88.80 अंक यानी 0.35 प्रतिशत बढ़कर 25,637.80 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। वहीं, ट्रेंट, इटर्नल, एक्सिस बैंक और टाइटन के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। (अनंत ज्ञान)

## चिंतनीय

### ट्रंप सरकार लोकतंत्र के रास्ते से भटक रही, यूएसए को खोखला कर रही

# ट्रेड वॉर से खतरे में अमेरिका की गरिमा: ओबामा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने पिछले हफ्ते अमेरिकी राज्य कनेक्टिकट के हार्टफोर्ड शहर में एक कार्यक्रम में भाषण दिया। प्रसिद्ध इतिहासकार हीदर कॉक्स के साथ चर्चा में ओबामा ने देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई और युवाओं से देश को बचाने की अपील की।

ओबामा ने ट्रंप सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जो लोग आज अमेरिका की सरकार चला रहे हैं, वे लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जरूरी है कि सरकार के बाहर और अंदर दोनों जगह से गलत चीजों का विरोध हो। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। ओबामा ने कहा कि व्यापारिक सौदों में डराया जा रहा है, जो केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक रूप से भी खतरनाक है। उन्होंने अपने कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि चीन की बढ़ती ताकत के बावजूद उन्होंने टैरिफ जैसे उपायों का बेजा इस्तेमाल नहीं किया था, क्योंकि यह अमेरिका की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाता है।



उन्होंने ट्रेड वॉर को गलत बताते हुए कहा कि इससे देश की गरिमा खतरे में है। (अनंत ज्ञान)

### हंगरी जैसे देशों के रास्ते पर बढ़ रहा अमेरिका

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने अमेरिका की तुलना हंगरी जैसे देशों से की, जहां चुनाव तो होते हैं, लेकिन वहां सच में लोगों की आवाज की कद्र नहीं होती और नेता मनमानी करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका भी अब ऐसे ही रास्ते पर बढ़ रहा है, जहां कानून और लोकतंत्र की असली भावना कमजोर हो रही है।

### सोना 1034, चांदी 350 रुपए सस्ती

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने का मुल्य शुक्रवार को 1,034 रुपए सस्ता होकर 96,135 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। वीरवार को यह 97,159 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत भी 350 रुपए घटकर 1,06,800 रुपए पर आ गई है। कल एक किलो चांदी 1,07,150 प्रति रुपए किलो थी। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल सोना करीब 20 हजार महंगा हो चुका है। वही, चांदी का दाम भी करीब 21 हजार रुपए बढ़ चुका है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### गुजरात में होंगे 2029 विश्व पुलिस और फायर खेल

**एजेंसी, अहमदाबाद।** विश्व पुलिस और फायर खेल 2029 भारत में गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर (केवडिया) में होंगे, जिसमें 10000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। ये खिलाड़ी 70 देशों के पुलिस, अग्निशमन, कस्टम और सुधार सेवा विभागों के होंगे। इन खेलों की 1985 में शुरुआत के बाद भारत इनकी मेजबानी करने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश होगा। बर्मिघम में पिछले रविवार को डब्ल्यूपीएफजी की संचालन इकाई कैलिफोर्निया पुलिस एथलेटिक महासंघ के सामने भारत ने अंतिम बार अपनी दावेदारी पर अपना पक्ष रखा जिसके बाद यह घोषणा की गई। प्रदेश सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार, "भारत अब कनाडा, आस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, चीन और अमेरिका जैसे देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने इन खेलों की मेजबानी की है।" भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा भी व्यक्त कर चुका है और अहमदाबाद ही मुख्य मेजबान होगा। (अनंत ज्ञान)

### एआईटीए की कार्यकारिणी ने अनिल धूपर को पद से हटाया



**एजेंसी, नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की कार्यकारी समिति ने शुक्रवार को अनिल धूपर को महासचिव के महासचिव पद से हटा दिया और कहा कि 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह इस पद पर नहीं रह सकते थे और वह पहले ही अपना चार साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। कार्यकारिणी के 25 सदस्यों में से 17 सदस्य इस बैठक में उपस्थित थे, जिसमें तीन चौथाई बहुमत से संयुक्त सचिव सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इससे उन्हें सोमदेव देववर्मन और पूरव राजा द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका का जवाब दाखिल करने का अधिकार मिल गया, जिसमें सितंबर 2024 में हुए चुनावों की वैधता को चुनौती दी गई थी। धूपर 72 वर्ष के हैं और उन्हें 2020 में चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था। एआईटीए के उपाध्यक्ष (खेल) हिरण्मय चटर्जी ने कहा, "हमने शुक्रवार को एक प्रस्ताव पारित कर धूपर को महासचिव पद से हटा दिया है और सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव नियुक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

### जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में सेना बनी ओवरऑल चैंपियन

**एजेंसी, रोहतक।** सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) ने छठी जूनियर (अंडर-17) लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में दोनों वर्गों में ओवरऑल चैंपियन बनकर अपना दबदबा कायम किया। सेना ने लड़कों के वर्ग में फिर से टीम खिताब जीता जबकि लड़कियों के वर्ग में उसने हरियाणा को हराकर खिताब हासिल किया। हरियाणा दोनों वर्गों में दूसरे स्थान पर रहा। एसएससीबी ने रोहतक स्थित राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी में एक सप्ताह तक चली इस प्रतियोगिता में लड़के और लड़कियों दोनों वर्ग में नौ पदक जीते। उसके लड़कों की टीम ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक, जबकि लड़कियों की टीम ने चार स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र ने लड़कों जबकि मणिपुर ने लड़कियों के वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

### एना मारिया की दुनिया दीवानी

**क्रोएशिया।** क्रोएशिया की महिला फुटबॉलर एना मारिया मार्कोविच को दुनिया की सबसे सुंदर महिला फुटबॉलर माना जाता है, हालांकि इस खिलाड़ी को अपनी खूबसूरती से ही चिढ़ हो गई है।



टेस्ट मैच | दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट पर बनाए 92 रन

# ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज मैच में गेंदबाजों ने मचाया कोहराम



विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते वेस्टइंडीज के खिलाड़ी।

**एजेंसी, ब्रिजटाउन (बारबाडोस)**

ऑस्ट्रेलिया और मेजबान वेस्टइंडीज टेस्ट टीम के बीच ब्रिजटाउन में जबरदस्त मुकाबला चल रहा है, जिसमें गेंदबाज एक तरफा रूप से हावी हैं। इस मैदान पर पिच हमेशा से ही तेज गेंदबाजों को मदद करती आई है। पिछले कुछ सालों में यह पिच तेज गेंदबाजों के लिए इतनी फायदेमंद पहले कभी नहीं साबित हुई। बल्लेबाज रनों के लिए तरस रहे हैं और हर थोड़ी देर में कोई विकेट गिर जाता है।

वहीं, दूसरे दिन ट्रेविस हेड ने तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिच पर फिर से एक छोर संभाले रखा, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ केंसिंग्टन ओवल में चल रहे पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन 82 रन की बढ़त हासिल कर ली।

वेस्टइंडीज ने वीरवार को अपनी पहली पारी में 190 रन बनाकर 10 रन की बढ़त हासिल की। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का दूसरी पारी में स्कोर एक समय चार विकेट पर 65 रन था, लेकिन आखिर में वह दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 92 रन तक पहुंचने में सफल रहा।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए थे, जिसमें हेड ने सर्वाधिक 59 रन का योगदान किया था। वह अभी तक इस टेस्ट मैच में अर्द्धशतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। उन्होंने दूसरी पारी में भी ऐसे समय में मोर्चा संभाला जब टीम संकट में दिख रही थी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय हेड 37 गेंदों पर 13 रन, जबकि ब्यू वेबस्टर ने 24 गेंदों पर 19 रन बनाकर खेल रहे थे। पहले दिन 14 विकेट गिरने के बाद दूसरे दिन 10 विकेट गिरे। पिच से अब भी तेज गेंदबाजों को लिए सीम और मूवमेंट मिल रहा है। वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन सुबह अपनी पहली पारी चार विकेट पर 57 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे 23 वर्षीय ब्रैंडन किंग (26) के आउट होने से जल्द ही स्कोर पांच विकेट पर 72 रन हो गया। इसके बाद वेस्टइंडीज के सीमित ओवरों के कप्तान शाई होप (48) और टेस्ट कप्तान रोस्टन चेज (44) ने मोर्चा संभाला और अपनी टीम को पहली पारी में बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। (अनंत ज्ञान)

## दूसरे टेस्ट से भारत के तीन खिलाड़ी हो सकते हैं बाहर!

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मिली शिकस्त के बाद क्रिकेट प्रेमी भारतीय टीम से नाराज चल रहे हैं. दरअसल, हेडिंग्ले टेस्ट में जिस तरह से बल्लेबाजों ने जज्बा दिखाया था। उसे देख एक पल के लिए लोगों के मन में जीत की उम्मीद जग गई थी। मगर गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन और घटिया फील्डिंग की वजह से टीम इंडिया को शिकस्त का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला दो जुलाई से छह जुलाई के बीच बर्मिघम स्थित एजबेस्टन के मैदान में खेला जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि पिछले मुकाबले में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले दो खिलाड़ियों के साथ-साथ स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का भी पत्ता कट सकता है। (अनंत ज्ञान)

### बुमराह को मिल सकता है आराम



**सूत्र** के मुताबिक जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें दूसरे टेस्ट मैच से आराम दिया जा सकता है। भारतीय तेज ने हेडिंग्ले टेस्ट की पहली पारी में धारदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट चटकाए थे, मगर दूसरी पारी में उन्हें थका-थका हुआ महसूस किया गया था। शायद यही वजह है कि स्टार तेज गेंदबाज के फिटनेस को ध्यान में रखते हुए उन्हें टीम मैनेजमेंट ने आराम देना का फैसला लिया है। सूत्र ने कहा कि दूसरे मुकाबले में वह नहीं खेलेंगे। टीम मैनेजमेंट ने उनके वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम देने का फैसला लिया है।

### शार्दुल ठाकुर की जगह दूसरे खिलाड़ी को मिलेगा मौका



**शार्दुल** ठाकुर को घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन और इंग्लैंड की जमीं पर अच्छे रिकॉर्ड को देखते हुए एक बार फिर से भारतीय टीम में शामिल किया गया था, मगर हेडिंग्ले टेस्ट में उनका जैसा प्रदर्शन रहा, वह बेहद ही निराश कर देने वाला था। ठाकुर दोनों पारियों में मिलाकर केवल पांच रन ही बना पाए। वहीं, जब गेंदबाजी की बारी आई तो पहले इनिंग्स में उन्हें कोई सफलता हासिल नहीं हुई, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने जरूर दो विकेट चटकाए। मगर इस दौरान वह काफी महंगे रहे, जिसके बाद उम्मीद जताई जा रही है कि दूसरे टेस्ट मैच में उनकी जगह टीम मैनेजमेंट किसी और खिलाड़ी को मौका दे सकता है।

### प्रसिद्ध कृष्णा का भी कट सकता है पत्ता



**आईपीएल** में दमदार प्रदर्शन करने वाले प्रसिद्ध कृष्णा को इस उम्मीद के साथ भारतीय टीम में शामिल किया गया था कि वहां भी वह बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे, मगर ऐसा नहीं हो सका। मैच के दौरान उन्हें हमेशा विकेट के लिए तरसते हुए पाया गया। यही नहीं वह काफी महंगे भी रहे, जिसके बाद पूरी संभावना नजर आ रही है कि दूसरे टेस्ट मैच से उनका पत्ता कटना तय है।

## न्यूजीलैंड ने डेवोन कॉनवे को टी20 त्रिकोणीय सीरीज से किया बाहर

**एजेंसी, वेलिंगटन**



सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे को अगले महीने मेजबान जिंबाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टी20 त्रिकोणीय सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम में नहीं चुना गया है। न्यूजीलैंड के नए मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने शुक्रवार को टीम की घोषणा की।

यह अनुभवी बल्लेबाज उन कई प्रमुख खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने विदेशों में पेशेवर टी20 लीग में खेलने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को ठुकरा दिया था। कॉनवे ने न्यूजीलैंड की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल जून में टी20 विश्व कप में खेला था। पूर्व कप्तान केन विलियमसन इंग्लैंड की काउंटी चैंपियनशिप में मिडिलसेक्स के लिए खेल रहे हैं और उन्होंने स्वयं को अनुपलब्ध बताया। ऑकलैंड के बल्लेबाज बेवॉन जैकब्स 15 सदस्यीय टीम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। 23 वर्षीय जैकब्स दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ खेलने वाली न्यूजीलैंड टीम के सदस्य थे, लेकिन उन्होंने कोई मैच नहीं खेला। तेज गेंदबाज एडम मिल्ने को अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद नवंबर के बाद पहली बार टीम में शामिल किया गया है।

बल्लेबाज फिन एलन और टिम सीफर्ट की भी टीम में वापसी हुई है, जिसकी कप्तानी मिशेल सेंटनर करेंगे। एलन ने हाल ही में मेजर लीग क्रिकेट में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए 151 रन की पारी में 19 छक्के लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। त्रिकोणीय सीरीज 14 से 26 जुलाई तक हरारे में खेली जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## कमिंस को ड्रेसिंग रूम जाने का इशारा करने पर कैरेबियाई तेज गेंदबाज सील्स पर जुर्माना



**एजेंसी, ब्रिजटाउन।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन पैट कमिंस के आउट होने पर उन्हें ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सील्स ने आईसीसी आचार संहिता का लेवल एक का अपराध किया है और उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया, चूंकि यह 24 महीने के भीतर उनका दूसरा अपराध था। आईसीसी आचार संहिता के तहत सील्स ने धारा 2.5 का उल्लंघन किया है जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में बल्लेबाज के आउट होने पर ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने या ऐसे इशारे करने से संबंधित है, जिससे बल्लेबाज आक्रामक प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकता है। आईसीसी ने कहा कि 23 वर्ष के सील्स ने अपराध स्वीकार कर लिया जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। यह घटना पहले दिन बुधवार को है जब आस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस के 28 रन पर आउट होने के बाद सील्स ने उन्हें ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा किया था। सील्स के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

## मैनचेस्टर सिटी ने युवेंटस को 5-2 से हराया

**एजेंसी, ऑरलैंडो**



क्लब विश्व कप के ग्रुप जी में रहा शीर्ष पर

मैनचेस्टर सिटी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए युवेंटस को 5-2 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप जी में शीर्ष पर रहते हुए अगले दौर में जगह बनाई। कैंपिंग वर्ल्ड स्टेडियम में खेले गए मैच में 26वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी की टीम आत्मघाती गोल से 2-1 से आगे हो गई, जब डिफेंडर पियरे कालुलु ने नजदीक से पास रोकने का प्रयास करते हुए गेंद को अपनी नेट में पहुंचा दिया। इंग्लैंड के क्लब की तरफ से दूसरे हाफ में एरलिंग हालैंड, फिल फोडेन और सेविन्हो ने गोल करके स्कोर 5-1 कर दिया। इससे पहले जेरेमी डोकू ने नौवें मिनट में मैनचेस्टर सिटी के लिए पहला गोल किया लेकिन इसके दो मिनट बाद ट्यून कूपमेनर्स ने बराबरी का गोल कर दिया। डुसन व्लाहोविक ने 84वें मिनट में इटली के क्लब के लिए दूसरा गोल किया, जो ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा। (अनंत ज्ञान)

## राष्ट्रीय खेलों की पदक विजेता ट्विंकल चौधरी निलंबित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राष्ट्रीय खेलों में कई पदक जीतने वाली मध्यम दूरी की धाविका ट्विंकल चौधरी को प्रतिबंधित स्टेरॉयड के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी' इकाई (एआईयू) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। जालंधर की रहने वाली 28 साल की ट्विंकल ने इस साल के शुरू में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के चार गुणा 400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में रजत और चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक भी जीता था। ट्विंकल को प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉइड मिथाइलटेस्टोस्टेरोन का पॉजिटिव पाया गया है। एआईयू ने अपने अपडेट में कहा कि ट्विंकल को आरोपों का नोटिस जारी किया गया है। अगला कदम इस मामले की सुनवाई होगी, जिसमें इस एथलीट को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका मिलेगा।

ट्विंकल से पहले मई में भारतीय एथलीट स्नेहा कोलेरी को एनाबोलिक स्टेरॉइड स्टेनाजोलोल का पॉजिटिव पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया था। हाल में जारी 2023 की डोप जांच के आंकड़ों में जिन देशों ने 5000 या इससे अधिक नमूने की जांच कराई, उसमें भारत का रिकॉर्ड सबसे खराब रहा और उसका प्रतिशत 3.8 रहा था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2023 में वैश्विक स्तर पर 204,809 नमूनों की जांच की थी जिनमें से 1,820 नमूने प्रतिबंधित पदार्थों के पॉजिटिव पाए गए थे। (अनंत ज्ञान)

एफआईएच प्रो-लीग

## दूसरी श्रेणी में खिसकने से बचने की कोशिश करेगी भारतीय महिला टीम

**एजेंसी, बर्लिन**

भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में जीत हासिल करके लगातार छह हार के सिलसिले को तोड़कर एफआईएच प्रो-लीग से बाहर होने से बचना चाहेगी। भारतीय महिला टीम वर्तमान में 14 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे निचले पायदान पर है और उस पर 2026 में दूसरी श्रेणी के एफआईएच नेशंस कप में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है।



हॉकी इंडिया ने जब हरेंद्र सिंह को फिर से टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था, तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि टीम इस स्थिति में पहुंच जाएगी, लेकिन इस साल के शुरू में घरेलू चरण में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और बेल्जियम (एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दो मैच) के खिलाफ लगातार छह मैच हार गई।

भारत अब शनिवार और रविवार को चौथे स्थान पर काबिज चीन के खिलाफ लगातार दो मैचों में जीत के साथ अपने प्रो-लीग अभियान का सकारात्मक अंत करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, "यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण मैच हैं लेकिन हम भारतीय पुरुष टीम से प्रेरणा लेंगे, जिसने बेल्जियम के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करके अपने अभियान का सकारात्मक अंत किया था।"

उन्होंने कहा, "प्रो-लीग में खेलना हमारे लिए सीखने का एक अच्छा अनुभव रहा है, लेकिन कई ऐसे पहलू हैं जिन पर हमें एक टीम के रूप में काम करने की जरूरत है। हम स्वदेश लौट कर अपने प्रदर्शन पर आत्ममंथन करेंगे, लेकिन अभी हमारा ध्यान चीन के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने पर है।" भारतीय मिडफील्ड ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया। सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनलिता टोप्पो, वैष्णवी विट्ठल फाल्के और नेहा जैसी खिलाड़ियों ने अग्रिम पंक्ति के लिए पर्याप्त मौके बनाए। भारतीय टीम को अगर चीन के खिलाफ दोनों मैच में जीत हासिल करनी है तो उसे इन गलतियों से बचकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। (अनंत ज्ञान)

## अविनाश साबले की निगाह विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पर

**एजेंसी, बेंगलुरु**



पिंडली की चोट के कारण एक साल तक परेशान रहे भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेजर अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर टिकी हैं।

एशियाई खेलों के चैंपियन साबले इस सत्र में ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्षिणी केंद्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में जुटे हैं। साबले ने यहां चुनिंदा पत्रकारों से कहा, "पिछला साल अच्छा नहीं रहा, ऐसा भी नहीं लग रहा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा, लेकिन इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं, इसलिए (विश्व चैंपियनशिप के लिए) तैयारी अच्छी है।" उन्होंने कहा, "मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है, जो आठ मिनट के करीब है। अभी अभ्यास के 15 दिन बचे हुए हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं आठ मिनट के करीब पहुंचने में सफल रहूंगा।"

यह 30 वर्षीय खिलाड़ी 2023 में एशियाई खेलों के बाद से पिंडली की चोट से जूझ रहा था। साबले ने मई में दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई चैंपियनशिप में 8:20.92 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा, "तैयारियां अच्छी चल रही हैं। मैं सत्र की शुरुआत में चोटिल हो गया था, लेकिन इसके बावजूद मैंने चीन में दो डायमंड लीग स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। मैंने अपना आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लिया।" वह भारतीय खिलाड़ी पिछली विश्व चैंपियनशिप में फाइनल तक पहुंचने में असफल रहा था।

उन्होंने कहा, "निश्चित रूप से मैं यह उपलब्धि हासिल करना चाहता हूं। यह जल्दी नहीं होगा, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन करने में सफल रहूंगा।" (अनंत ज्ञान)

पहला टी20 मैच | विश्व कप से पहले भारतीय टीम के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण

# भारतीय महिला टीम का सामना आज इंग्लैंड से

**एजेंसी, नॉटिंघम**

भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के दौरान परिस्थितियों और मैच स्थलों की विशेषताओं को समझने की कोशिश करेगी। आईसीसी विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का समय है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण है।

भारतीय टीम प्रबंधन यहां की पिचों की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस



तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सयाली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है।

पूरी संभावना है कि शैफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी। भारत का यह इस साल का पहला टी20 मैच है और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टी20 में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि, तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस सीरीज से बाहर हैं।

इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हॉज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। इनके अलावा इंग्लैंड इस्सी वोंग, एलिस कैप्सी और सोफिया डंकले जैसी प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को भी मैदान में उतारेगा। ऐसी परिस्थितियों में भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, मंधाना, शैफाली, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष को पहले मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7:00 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड:** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेटकीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगे स्कोलफील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इस्सी वोंग।